ANNOUNCEMENT BY THE CHAIR

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Hon. Members, I have to inform that as per the List of Business of the day, the Home Minister has to make a statement in the House at 11.30 a.m. today. However, the said statement will be made by him later, before the House rises for the day.

GOVERNMENT BILL

The Constitution (Scheduled Castes and Scheduled Tribes) Orders (Amendment) Bill, 2022

जनजातीय कार्य मंत्री (श्री अर्जुन मुंडा) : महोदय, मैं प्रस्ताव करता हूं कि झारखंड राज्य के संबंध में अनुसूचित जातियों की सूची में से भोगता समुदाय का लोप करने के लिए संविधान (अनुसूचित जातियां) आदेश, 1950 तथा झारखंड राज्य के संबंध में अनुसूचित जनजातियों की सूचियों में कतिपय समुदायों को सम्मिलित करने के लिए संविधान (अनुसूचित जनजातियां) आदेश, 1950 का और संशोधन करने के लिए विधेयक को पुरःस्थापित करने की अनुमति दी जाए।

The question was put and the motion was adopted.

श्री अर्जुन मुंडा : महोदय, मैं विधेयक को पुरःस्थापित करता हूं।

MOTION OF THANKS ON THE PRESIDENT'S ADDRESS*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We will now take up the discussion on the Motion of Thanks on the President's Address. Shri Kanakamedala Ravindra Kumar to continue his speech.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR (Andhra Pradesh): Sir, thank you for allowing me to resume my submissions on the Motion of Thanks to the President's Address. On Friday, last week, I gave a brief account to this august House of how Andhra Pradesh has been plunged into darkness due to collapse of the finances of the State because of gross mismanagement and misrule of the present Government. Polavaram multi-purpose project, the lifeline of Andhra Pradesh, has already missed

* Further discussion continued on a motion moved on the 2nd February, 2022.

two deadlines set for its completion by the YSRCP Government. Given the situation, it is not likely to be completed in the near future. The State Government is not even submitting reliable accounts of expenditure to the Centre resulting in delays in reimbursement by the Centre for this national project. The present Government has been systematically destroying the business environment in the State. To give an example, it has been targeting businesses and industries based on the social backgrounds of entrepreneurs. Recently, before a cinema of a leading actor Shri Pawan Kalyan, who leads a regional party, was to be released. The Andhra Pradesh Government brought forth a proposal of regulating ticket fares. It led to a huge industrial controversy of deliberate creation by State Government. Release of several films was put on hold thereafter and locking up hundreds of crores of investments. When the State is suffering from various problems, should the State Government be worried about prices of cinema ticket fare and that too with mischievous intentions? But, that is how Government of Andhra Pradesh is being governed. *...(Interruptions)...*

On account of such vindictive attitude of the State Government and the financial mismanagement, no new investments are coming to Andhra Pradesh. On the contrary, several units have moved out to neighbouring States. This has left the qualified youth of my State high-and-dry with regard to employment. A volcanic situation is prevailing in the State.

Sir, while legitimate business and industrial activities are being driven out of Andhra Pradesh, illegitimate enterprise is booming in the State. Sand and mining mafia is on the rise. *...(Interruptions)...*

SHRI V. VIJAYASAI REDDY (Andhra Pradesh): Sir, what is he speaking? *...(Interruptions)...* Everything is baseless. *...(Interruptions)...*

SHRI PRABHAKAR REDDY VEMIREDDY (Andhra Pradesh): Sir, it is not true. *...(Interruptions)...*

SHRI VENKATARAMANA RAO MOPIDEVI (Andhra Pradesh): Sir, these are not facts. *...(Interruptions)...*

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, my State has emerged as the drug hub of the country. *...(Interruptions)...*Cultivation of *ganja* is rising and drug trade is

flourishing. ...*(Interruptions)*...My party, TDP, has been campaigning against them. For doing so, the residence of former Chief Minister, Shri Chandrababu Naidu, and also the TDP office has been attacked in a broad daylight. Mirroring the state of sordid affairs in the State,...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Ravindra Kumarji, you had already spoken for five minutes on the last day. Now, you have taken two minutes. Please conclude now.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, I was given ten minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We have to conclude the debate by 3.00 p.m. today.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, the other day, I was given ten minutes.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. You take only two minutes.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, he is misleading the House. ...*(Interruptions)*...

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, let me complete...*(Interruptions)*...

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, it is 'single digit party' and you are giving fifteen minutes to him and not to others! ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. No fifteen minutes. He had spoken for five minutes the other day. ...*(Interruptions)*... He will be given two minutes more. ...*(Interruptions)*...

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, he is taking my time. He is taking my time. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, nothing is going on record, except Mr. Ravindra Kumar's speech. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: *

---

* Not recorded.

SHRI PRABHAKAR REDDY VEMIREDDY: *

SHRI AYODHYA RAMI REDDY ALLA: *

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, ask them allow me to complete. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude. Otherwise, I will have to move to other speaker. *...(Interruptions)...*

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I can request all of them. *...(Interruptions)...* Please, all of you confine to your seats. *...(Interruptions)...*

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: *...(Interruptions)...*

SHIR AYODHYA RAMI REDDY ALLA: Sir, *

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, casino culture has been introduced into the State with the support of those in power.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Vijayasai Reddy, whatever you are speaking is not going on record. *...(Interruptions)...*

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: In a convention centre, owned by Cabinet Minister, various betting games were held for two days with hundreds of crores changing hands.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: *

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Professionals were brought from Goa for handling such games and for dances. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude, Mr. Ravindra Kumarji. I will move to other speaker now. *...(Interruptions)...*

---

* Not Recorded.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Entry fee per person was alone Rs. 10,000. *...(Interruptions)...*

श्री उपसभापति : माननीय कनकमेदला रवींद्र कुमार जी, I will move to the next speaker. I have no time today. *...(Interruptions)...*I have to complete the debate by 3.00 p.m. *...(Interruptions)...*

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Yes. I am speaking, Sir. *...(Interruptions) ...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have taken more than eight minutes.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, they have already taken my two minutes. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I request them. You please continue and conclude your speech. *...(Interruptions)...*

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, you permit me to continue.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I cannot extend time. Please conclude. Please conclude. *...(Interruptions)...*

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, I am continuing. Everybody is given time. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You have already taken 7-8 minutes. Please, conclude. Please conclude.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: *

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Don't disturb. Vijayasai Reddyji, please, take your seat. *...(Interruptions)...*Mr. Ravindra Kumar, please conclude. *...(Interruptions)...*

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, the YSRCP Government has played havoc with the future of the people in the State in the matter of capital for the

---

* Not recorded.

residuary State of Andhra Pradesh. The present Chief Minster supported Amaravati as capital when he was Leader of the Opposition. Now, he floated the idea of three capitals. But, subsequently, he withdrew it. The shameful withdrawal was an acknowledgement by the State Government*...(Interruptions)...*

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: *

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: ...of the illegality of its law on three capitals and huge opposition from the people of the State. *...(Interruptions)...*

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Sir, *

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: On this occasion, with all responsibility, I venture to state on the floor of the House...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Ravindra Kumar, please conclude now. Now, I am calling the next speaker. *...(Interruptions)...*

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, the previous Government had already spent Rs. 10,000 crores on building several assets. *...(Interruptions)...*This indicates the mindset of the ruling party, the leadership in the State. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shrimati Seema Dwivedi. Mr. Ravindra Kumarji, I have called Shrimati Seema Dwivedi. *...(Interruptions)...*

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, I have got time. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No, no. You have taken more than the time allocated to you. *...(Interruptions)...*

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir, hon. Chairman has given 10 minutes to me. *...(Interruptions)...*

---

* Not Recorded.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shrimati Seema Dwivediji, you start your speech. *...(Interruptions)...*Your time starts now. *...(Interruptions)...* श्रीमती सीमा द्विवेदी, आप बोलिए।

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Sir,

श्री उपसभापति: माननीय कनकमेदला रवींद्र कुमार जी, हमें बहस का समापन करना है, ..(**व्यवधान**).. इसलिए टाइम के बारे में cooperate करें, otherwise, I have no alternative but to stop you, और कृपया दूसरे मेम्बर के भाषण के बीच में कोई भी माननीय सदस्य हस्तक्षेप न करें।

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: But, Sir, I was given ten minutes. *...(Interruptions)...* Sir, this is not fair. *...(Interruptions)...* Sir, why are you discriminating against me? *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No. I am not discriminating. *...(Interruptions)...*

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: Hon. Chairman has given me ten minutes. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please sit down. *...(Interruptions)...*

श्रीमती सीमा द्विवेदी (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय, आपका बहुत-बहुत धन्यवाद कि आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने का अवसर दिया है। मैं आपके प्रति आभार व्यक्त करना चाहती हूं कि आपने मुझे इतने महत्वपूर्ण बिंदु पर बोलने का अवसर दिया है। मान्यवर, मैंने इस अभिभाषण को बहुत ध्यान से और बहुत गौर से पढ़ा है।

मान्यवर, हमारा देश इतना बड़ा है और इतने बड़े देश में बड़े-बड़े प्रांतों की अपनी-अपनी विभिन्न समस्याएं हैं, लेकिन हमारी इस सरकार ने जिस तरह से इस अभिभाषण को बनाया है कि इसमें हर प्रांत का ख्याल रखा है, वह प्रशंसनीय बात है। हर प्रांत की अपनी अलग-अलग समस्याएं हैं, लेकिन हर समस्या को ध्यान में रखकर इस अभिभाषण को तैयार करने का काम किया गया है। महोदय, मैं आपको बताना चाहती हूँ कि जब कोरोना की वैश्विक बीमारी आई थी और पूरा विश्व कराह रहा था, तो भारत भी उससे अछूता नहीं था। हमने बहुत सारे अपनों को खोया, हमारे बहुत सारे लोग हमसे दूर चले गए, लेकिन ऐसे समय में भी हमारी सरकार ने जिस बहादुरी का परिचय देकर कोरोना का टीकाकरण करने का काम किया, मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत ने विश्व के अन्य देशों की तुलना में बड़े देश के रूप में अग्रणी रूप से काम करके कोरोना की वैक्सीन को बनाया। मान्यवर, उसने इसे केवल बनाया ही नहीं, बल्कि 'वसुधैव

कुटुम्बकम्' को ध्यान में रखते हुए दूसरे देशों में भी वैक्सीन भेजने का काम किया। मुझे कहने में खुशी हो रही है कि हमने 150 करोड़ से ज्यादा वैक्सींस लगवाई, लेकिन बड़े दुख का विषय है कि जहाँ एक तरफ पूरी दुनिया त्राहि-त्राहि कर रही थी, जहाँ हमारे देश के प्रधान मंत्री एकदम 24 घंटे, रात-दिन काम करके वैक्सीन के बारे में चिंता कर रहे थे, वहीं पर मेरे सामने बैठे हुए विपक्ष के लोगों ने ऐसे समय में भी राजनीति करने का काम किया, जब लोगों की जान पर आफत आई पड़ी थी। इन्होंने अफवाह उड़ाई कि वैक्सीन नकली है, वैक्सीन फर्जी है, वैक्सीन मत लगवाइए। उस कोरोना के समय में भी इन लोगों ने तरह-तरह की अफवाहें उड़ाने का काम किया था। मान्यवर, इसको इस देश की जनता कभी माफ नहीं कर सकती।

महोदय, मैं आपसे कहना चाहती हूँ कि हमारा देश विश्व के अग्रणी देशों में एक बना है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि भारत में जिस तरह से यह जो तीसरी लहर आने वाली थी, इस वैक्सीन के कारण ही सबकी जान सुरक्षित है। मुझे बताते हुए खुशी हो रही है कि जब देश में लोगों के सामने खाने के लिए बिल्कुल अकाल सा पड़ गया था कि अब क्या होगा, उस समय हमारे प्रधान मंत्री जी ने बहुत बड़ा दिल करते हुए 'प्रधान मंत्री गरीब कल्याण योजना' के तहत 80 करोड़ लोगों को निशुल्क राशन देने का काम किया। मान्यवर, यही नहीं, उन्होंने 'प्रधान मंत्री स्वनिधि योजना' से 28 लाख रेहड़ी-पटरी वालों के लिए 2,900 करोड़ से ज्यादा धन सुरक्षित करके उनकी आजीविका चलाने का भी काम किया है। महोदय, मुझे इतना और भी कहना है कि जहाँ हमने निशुल्क राशन बाँटे, जहाँ हमने निशुल्क दवाइयों को उपलब्ध कराया, वहीं हमने गरीबों के लिए 80 हजार से अधिक आयुष्मान कार्ड बाँटे। इतना ही नहीं, 8000 से ज्यादा जन औषधि केन्द्रों को खोल कर कम दामों पर दवाई देने का काम भी हम लोगों ने किया है, इसके लिए मैं सरकार को बधाई देना चाहती हूँ।

महोदय, योग और आयुर्वेद हमारे देश की सबसे अच्छी और पुरानी विधाएँ हैं। योग और आयुर्वेद चिकित्सा पद्धति की लोकप्रियता बढ़ रही है। वर्ष 2014 में देश से 6,600 करोड़ रुपए के आयुष उत्पादनों का निर्यात होता था, जो आज बढ़ कर 11,000 करोड़ रुपए से ज्यादा हो गया है। दुनिया में सबसे पहले WHO द्वारा Global Centre for Traditional Medicine की स्थापना भारत में होने जा रही है। यह हम भारतवासियों के लिए बड़े ही गौरव का विषय है कि यह हमारे देश में बनने जा रहा है।

महोदय, अभिभाषण में कहा गया है कि "संविधान के शिल्पी बाबा भीमराव अम्बेडकर जी कहते थे कि मेरा आदर्श एक ऐसा समाज होगा, जो स्वाधीनता, समानता और भाईचारे पर आधारित हो। बाबा साहेब के इन आदर्शों को मेरी सरकार मूल मंत्र मान कर अंत्योदय के आधार पर काम करती है। मेरी सरकार शोषित, वंचित, गाँव, गरीब, पिछड़े, अनुसूचित जाति, जनजाति को सर्वोच्च प्राथमिकता देती है और हाल के वर्षों में पद्म पुरस्कारों का चयन इसी भावना के साथ किया गया है।" मान्यवर, मैं उस दिन सुन रही थी। हमारे सस्मित पात्रा जी ओडिशा से आते हैं, वे विद्वान सांसद हैं, पता नहीं आज वे यहाँ हैं कि नहीं। वे कह रहे थे कि सरकार ने एक ऐसी खिड़की लगा कर रखी है कि उस खिड़की से हमें लाभ नहीं हो रहा है, हमारे यहाँ जनजाति के

लोगों को आवास नहीं मिल रहा है। हमारी सरकार ने इतने ज्यादा लोगों को आवास देने का काम किया है। हम गाँव के रहने वाले हैं, हम गाँव में रहते हैं, हमने गाँवों में देखा है कि जब बारिश का महीना आता था, तो गाँव के गरीब लोग बारिश के महीने में छाता लेकर पूरी रात बिताने का काम करते थे, लेकिन हमारे प्रधान मंत्री जी ने समभाव से, न अगड़ा, न पिछड़ा, सबको समानता के आधार पर आवास देने का काम किया है। माननीय पात्रा जी ने कहा कि हमारे ओडिशा में जनजाति के लोगों को आवास नहीं मिल रहा है। अगर उनको आवास नहीं मिल रहा है, तो इसमें हमारे प्रधान मंत्री जी का दोष नहीं है, बल्कि अगर उनको आवास नहीं मिल रहा है, तो आपकी सरकार ने वहाँ के लोगों के साथ पाप करने का काम किया है कि आपने कागज नहीं भरा। जब आपने कागज का पेट ही नहीं भरा है, तो आपको पैसा कहाँ से मिल सकता है? आप कागज का पेट इसलिए नहीं भरने दे रहे हैं, क्योंकि आप जानते हैं कि जब कागज का पेट भर जाएगा, तो प्रधान मंत्री जी का दिया हुआ पैसा आ जाएगा, फिर हम अपनी जनता को क्या मुँह दिखाएँगे? अपनी कमी को छिपाने के लिए आपने ऐसा काम किया है। इस बात को लेकर तेलंगाना के एक माननीय सांसद जी भी बोल रहे थे...(**व्यवधान**)...

SHRI PRASANNA ACHARYA (Odisha): Sir, ...*(Interruptions)*..

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please let her speak. ...*(Interruptions)*...Please, please. ...*(Interruptions)*...

श्रीमती सीमा द्विवेदी : तेलंगाना के एक माननीय सांसद जी भी ऐसा बोल रहे थे।...(**व्यवधान**)... मान्यवर, मुझे याद है और आप भी इस बात को याद करिए, आपको ध्यान होगा, जब स्वर्गीय राजीव गांधी जी प्रधान मंत्री हुआ करते थे।...(**व्यवधान**)... हमें याद है, आप मेरी बात को अच्छे ढंग से सुनिए।...(**व्यवधान**)... जब देश के प्रधान मंत्री स्वर्गीय राजीव गांधी जी हुआ करते थे, तब वे कहते थे कि अगर मैं दिल्ली से सौ रुपये भेजता हूं, तो गांव तक खाली 15 रुपये पहुंचते हैं, 85 रुपये चोरी हो जाते हैं।...(**व्यवधान**)... आप मेरी बात सुनिए।...(**व्यवधान**)... आप सुनने की हिम्मत भी रखिए।...(**व्यवधान**)...राजीव गांधी जी ने कहा था कि अगर मैं यहां से सौ रुपये भेजता हूं, तो 85 रुपये रास्ते में गायब हो जाते हैं, केवल 15 रुपये ही गांव तक पहुंचते हैं।...(**व्यवधान**)... उन 85 रुपयों का हिसाब मैं नहीं दूंगी।...(**व्यवधान**)... उन 85 रुपयों का हिसाब हमारी सरकार नहीं देगी।...(**व्यवधान**)... उन 85 रुपयों का हिसाब मैं आपसे लेना चाहती हूं।...(**व्यवधान**)... वह 85 रुपया कहां जाता था, कौन लेता था, मैं आपसे उसका हिसाब मांगने नहीं आई हूं, बल्कि आपको यह बताने आई हूं कि आज हमारे प्रधान मंत्री जी अगर 6,000 रुपये की राशि दिल्ली से भेजते है, तो वह किसानों के खाते में धड़ाके के साथ पहुंच जाती है। यह मैं आपको बताना चाहती हूं, आप उनको देखिए और उनसे सीखिए।...(**व्यवधान**)...

[**उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता)** *पीठासीन हुए*]

मैं आपको बताना चाहती हूं, ग्रामीण क्षेत्रों में जो गरीब लोग हुआ करते थे, उनकी सम्पत्तियों पर उनके नाम नहीं चढ़ते थे। हमारी सरकार ने ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनकी सम्पत्तियों के दस्तावेज देने के लिए जो 'स्वामित्व योजना' शुरू की है, वह एक बहुत बड़ा प्रयास है। अब तक 27,000 गांवों में 40 लाख से ज्यादा प्रॉपर्टी कार्ड दिए जा चुके हैं। इससे विवादों का भी निपटारा होगा और लोगों को बैंकों से मदद भी मिलेगी।

महोदय, भारत एक कृषि प्रधान देश है। हमारे देश में कृषि ही हमारी अर्थव्यवस्था का काम करती है। हमारी सरकार के प्रयास के कारण कृषि निर्यात रिकॉर्ड स्तर पर बढ़ा है। 2020-21 में कृषि निर्यात में 25 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हुई है। यह निर्यात 3,00,000 करोड़ रुपये तक पहुंच गया है। किसानों को उनकी फसल का अधिक दाम मिले, उनके उत्पाद को बढ़ावा मिल सके एवं उनका सामान बाज़ार तक पहुंच सके, इसके लिए हमारी सरकार ने 'किसान रेल सेवा' शुरू की। अभी तक खाद्य सामग्री परिवहन के लिए 1,500 से अधिक मार्गों पर 1,900 से ज्यादा किसान रेल चलाई जा चुकी हैं, जिसका परिणाम यह हुआ है कि किसानों की आय में बहुत बड़ी वृद्धि हुई है।

महोदय, देश की तरक्की में छोटे किसानों का बहुत बड़ा योगदान रहा है। 80 प्रतिशत किसान छोटे किसान हैं, जिनका मेरी सरकार हमेशा ध्यान रखती है। 'किसान सम्मान निधि योजना' के माध्यम से 11 करोड़ से ज्यादा किसान परिवारों को 1,80,000 करोड़ रुपये दिए गए हैं, यह हमारे लिए बहुत बड़ी खुशी की बात है।

महोदय, हमारे देश की नदियों को भी आपस में जोड़ने का काम किया जा रहा है। आपको यह जान कर खुशी होगी कि हाल ही में 45,000 करोड़ की लागत से पूरी होने वाली 'केन-बेतवा लिंक परियोजना' स्वीकृत हो गई है और जल्दी ही बन कर वह किसानों के काम में आने वाली है। महोदय, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति देने के लिए महिलाओं की बहुत बड़ी भूमिका होती है। 2021-22 में 28 लाख 'सेल्फ हेल्प ग्रुप्स' को बैंकों की तरफ से 65,000 करोड़ रुपये की मदद दी गई। सरकार ने इस योजना से महिलाओं को ट्रेनिंग दे करके उन्हें 'बैंक सखी' के रूप में भागीदार बनाया। महिला सशक्तिकरण 'उज्ज्वला योजना' की सफलता का सबसे बड़ा उदाहरण है। आज हमारी महिलाएं कितनी तरक्की कर रही हैं, कितनी तेज गति से आगे बढ़ रही है, मुझे यह बताने में खुशी हो रही है कि 'मुद्रा योजना' के माध्यम से हमारे देश की माताओं-बहनों के उद्यम और कौशल को बढ़ावा मिल रहा है। 'तीन तलाक' को कानूनी अपराध घोषित करके, समाज को इस कुप्रथा से मुक्त करने का काम भी हमारी सरकार ने किया है। देश की बेटियों में सीखने की क्षमता को बढ़ावा दिया जा रहा है और मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता है कि मौजूदा सभी 33 सैनिक स्कूलों में बालिकाओं का प्रवेश होना शुरू हो गया है। यह महिलाओं को समृद्धि की ओर आगे बढ़ाने का काम हुआ है।

महोदय, अब हम खादी की बात करते हैं। आप सबको पता होगा कि जब हम खादी का कोई सामान खरीदते हैं, तो हम जो पैसा देते हैं, वह एक व्यक्ति तक नहीं, बल्कि पांच व्यक्तियों तक पहुंचता है। मुझे यह बताते हुए खुशी है कि हमारी सरकार के प्रयास से 2014 की तुलना में देश

में खादी बिक्री लगभग तीन-गुना से भी ज्यादा हुई है। हमारा देश पूरब से पश्चिम और उत्तर से दक्षिण तक फैला हुआ है। चारों तरफ नेशनल हाईवे बनने का काम हो रहा है। मुझे आपको यह बताते हुए मुझे खुशी हो रही है कि 2014 में कुल राष्ट्रीय राजमार्गों की लम्बाई 90 हज़ार किलोमीटर थी, अब इनकी लम्बाई 1 लाख 40 हज़ार किलोमीटर हो गई है। 'भारतमाला परियोजना' के अंतर्गत 6 लाख करोड़ रुपये की लागत से 20 हज़ार किलोमीटर से अधिक लम्बाई के राजमार्गों पर काम हो रहा है, जिसमें 23 ग्रीन एक्सप्रेसवेज़ और ग्रीनफील्ड्ज़ कॉरिडोर्स का विकास शामिल है। दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेसवे भी पूरा होने के करीब है, जो कि भारत का सबसे तेज और सबसे लम्बा एक्सप्रेसवे है।

महोदय, हमारे देश में तमाम तरह की चुनौतियां थी, दिक्कतें थीं, आज हमारे सामने जलवायु परिवर्तन भी बहुत बड़ी समस्या के रूप में सामने खड़ा है। मुझे यह कहते हुए खुशी हो रही है कि भारत एक जिम्मेदार वैश्विक आवाज बनकर उभरा है। COP-26 जलवायु शिखर सम्मेलन में हमारी सरकार ने घोषणा की है कि वर्ष 2030 तक भारत अपने कार्बन उत्सर्जन को एक बिलियन टन से घटा देगा। भारत ने वर्ष 2070 तक नेट ज़ीरो उत्सर्जन वाली अर्थव्यवस्था का लक्ष्य भी रखा है। भारत ने विश्व समुदाय को साथ लेकर ग्रीन ग्रिड इनिशिएटिव - 'वन सन', 'वन वर्ल्ड', 'वन ग्रिड' की पहल भी की है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि आज हमारा देश चारों तरफ तरक्की कर रहा है। आज ऐसा कोई बिन्दु नहीं बचा है कि जहां हम आगे नहीं बढ़ रहे हों। हमारे प्रधान मंत्री जी के नेतृत्व वाली यह सरकार बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ रही है। 'सबका साथ, सबका विकास' लेकर काम करने वाली हमारी सरकार बहुत तेजी के साथ तरक्की कर रही है। मुझे दुख होता है जब विपक्ष के लोगों को सही बात दिखाई नहीं देती, विपक्ष के लोग यह नहीं देखते कि सरकार ने बढ़िया काम किया है। मेरा कहना है कि इसे प्रोत्साहन दिया जाए। मुझे अच्छी तरह से याद है, जब मैं उत्तर प्रदेश में विधायक हुआ करती थी, तो जो दिव्यांगों के कृत्रिम उपकरण आते थे, उनको लेने के लिए बहुत संकट झेलना पड़ता था। आज मैं दावे के साथ कह सकती हूं कि एक से लेकर एक हज़ार, दो हज़ार चाहे जितने भी दिव्यांग हों, अगर वे वहां अपनी एंट्री कराते हैं, तो उन्हें दिव्यांग का उपकरण निःशुल्क मिलता है, हमारी सरकार ने यह बहुत बड़ा काम किया है।

मान्यवर, 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' योजना के तहत हमारी बेटियों के लिए इस सरकार ने बहुत अच्छा प्रयास किया है। आज बेटियों की संख्या बहुत तेजी के साथ बढ़ रही है। यह हमें पता है कि पहले जब गांवों में बेटियां होती थीं, तो गांवों में बड़ा मातम सा मनता था कि बेटी पैदा हो गई। आज मैंने देखा है कि बेटी पैदा होने से लेकर, उनकी शादी तक का सारा खर्चा सरकार वहन करती है, यह हम सबके लिए गौरव की बात है। बेटियां किसी से कम नहीं होतीं। आज ये घर में चूल्हा जलाने के साथ ही जहाज भी चलाती हैं, और जहाज चलाने के साथ-साथ ट्रेन चलाने का काम भी करती हैं, डॉक्टर बनती हैं, इंजीनियर बनती हैं, टीचर बनती हैं और प्रोफेसर भी बनती हैं और सभी क्षेत्रों में अच्छा काम करती हैं। लेकिन हम महिलाओं की योग्यता, हम बहनों की क्षमता को अगर किसी ने परखने का काम किया है तो देश के यशस्वी प्रधान मंत्री, आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया है।

महोदय, आज हमारा देश विकासशील देशों की श्रेणी में बहुत तेजी के साथ आगे बढ़ रहा है। हमारा देश बहुत बड़ा देश है, हमारे देश में बहुत सारी समस्याएं हो सकती हैं। जब कांग्रेस का जमाना था तो हम बहुत छोटे थे - हमें याद है हम कक्षा नौ में पढ़ते थे। गांव में कांग्रेस की गाड़ियां प्रचार करने के लिए आती थीं, तो उनका नारा 'रोटी, कपड़ा और मकान' रहता था। पहले की समस्या 'रोटी, कपड़ा और मकान' होती थी, लेकिन कांग्रेस ने इन समस्याओं को भी ठीक करने का काम नहीं किया। 'रोटी, कपड़ा और मकान' पर यदि किसी ने विजय हासिल करने का काम किया है, तो हमारी सरकार ने किया है। हम हर क्षेत्र में तरक्की के साथ आगे बढ़ रहे हैं, लेकिन विपक्ष का काम खाली आरोप लगाना है। आज हम दावे के साथ कह सकते हैं, कांग्रेस के बाद हमारी ऐसी पहली सरकार है, जिसके विरुद्ध विपक्ष के पास किसी भी प्रकार का आरोप लगाने के लिए कोई शब्द नहीं है। जब कांग्रेस की सरकार थी, तो आपने देखा होगा - यह घोटाला हुआ, वह घोटाला हुआ। आज हमारी सरकार इतनी ईमानदारी के साथ आगे बढ़ रही है कि एक भी व्यक्ति यह नहीं कह सकता कि हमारी सरकार के किसी भी मंत्री के ऊपर किसी प्रकार के घोटाले का आरोप हो। हमारी सरकार बहुत तेजी के साथ काम कर रही है, जिसके कारण हमारी अर्थव्यवस्था इतनी तेजी के साथ उभर रही है।

महोदय, कोरोना आने के बाद देश में बहुत बड़ा संकट आ गया था, लेकिन सरकार की दूरदर्शिता और अच्छी नीतियों का परिणाम था, हमारी वित्त मंत्री, श्रीमती निर्मला सीतारमण जी यहां नहीं हैं, उन्होंने हमारी सरकार का बहुत अच्छा बजट प्रस्तुत किया। महोदय कोरोना आने के बाद हमारी पूरी अर्थव्यवस्था बिगड़ गई थी। लेकिन उसके बाद भी पूरी ईमानदारी का परिचय देते हुए हमारी सरकार ने अच्छे से अच्छा काम किया। यही कारण है कि आज युवाओं को नौकरी मिल रही है, ...(**व्यवधान**)... किसानों को खुशहाली प्राप्त हो रही है, ...(**व्यवधान**)... देश की तरक्की हो रही है, किसानों के लिए अच्छी से अच्छी बातें आ रही हैं, तरह-तरह के कल-कारखाने खोले जा रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... सबसे बड़ी बात मान्यवर, 'सबका साथ, सबका विकास और सबका विश्वास' - सामने बैठे हुए लोग भी यह बोलना चाहते हैं, ...(**व्यवधान**)... सामने बैठे हुए लोग भी हमारी तारीफ करना चाहते हैं, लेकिन ये जान कर भी तारीफ नहीं कर पाते, क्योंकि इनकी पार्टी में इनका नम्बर कम होने वाला है। ...(**समय की घंटी**)...

महोदय, मैं आपसे निवेदन करना चाहती हूँ कि हमारे महामहिम राष्ट्रपति जी ने जो अभिभाषण दिया है, जिस पर मैं बोलने के लिए खड़ी हूँ, मैं इस पर बल देती हूँ। मैं इस पर बल देने के साथ, बड़ी मज़बूती के साथ यह कह सकती हूँ कि आप अपनी आँख के चश्मे को हटा कर देखिए। आपने अपनी आँख पर जो बुराई खोजने का चश्मा लगा कर रखा है, अगर आप वह चश्मा हटा कर देखेंगे, तो आपको ऐसा लगेगा कि 'न भूतो न भविष्यति।' मैं ईमानदारी के साथ कह सकती हूँ कि हिन्दुस्तान के इतिहास में आदरणीय पूर्व प्रधान मंत्री, अटल बिहारी वाजपेयी जी के कालखंडों को अगर निकाल दिया जाए, तो हमारी अब तक की जो भी सरकारें रही हैं, उन्होंने हिन्दुस्तान की जनता को चूसने का काम किया है, जनता के बारे में अच्छा काम करने का प्रयास

उन्होंने नहीं किया।...(**व्यवधान**)... महोदय, आपने मुझे बोलने का अवसर दिया, इसके लिए मैं आपकी आभारी हूँ।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : धन्यवाद। श्री आनन्द शर्मा।

श्री आनन्द शर्मा (हिमाचल प्रदेश): माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर अपने विचार व्यक्त करने के लिए खड़ा हुआ हूँ। मैं कृतज्ञ हूँ कि मुझे यह अवसर मिला। मैं यह भी उम्मीद करता हूँ, आग्रह भी करता हूँ कि आज हमें समय जरूर दिया जाए, ताकि हम कुछ बातें इस सदन के समक्ष रख सकें और जो संवाद चल रहा है, जो चर्चा चल रही है, उसमें संतुलन बन सके।

माननीय महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में यह उम्मीद की जाती है ... यह एक महत्वपूर्ण तिथि होती है, जब संसद के दोनों सदनों को यह बताया जाता है कि देश के हालात क्या हैं और सरकार की नीतियाँ क्या हैं। यह अपेक्षा की जाती है कि ईमानदारी से चिन्तन करके देश के लोगों को वस्तुस्थिति का ज्ञान दिया जाएगा। जो उपलब्धियाँ हैं, उनको स्वीकारा जाएगा, परन्तु देश के सामने जो चुनौतियाँ हैं, उनसे भी देश को आगाह किया जाएगा। जहाँ कमी रह गयी, उसको भी स्वीकार किया जाएगा। उन चुनौतियों का सामना करने के लिए भविष्य के लिए क्या नीति है, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में वह शामिल होनी चाहिए थी। मैं कहूँगा कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनकी कोई चर्चा नहीं है। यह निराशाजनक है। यह जमीनी हकीकत और चुनौतियों को नकारता है। इसको अंग्रेज़ी में कहा जाता है - "It is just a laundry list of Government announcements of programmes." वे सब घोषणाएँ पिछले बजट में और इस बजट में हो चुकी हैं। कोई नवी बात आये, तो हम समझ लें। यह मैं आलोचना के लिए नहीं कह रहा हूँ। मैं इसको सुनते हुए और पढ़ते समय भी सोच रहा था कि यह किसने लिखा? वे कौन महानुभाव हैं? इसको राष्ट्रपति जी नहीं लिखते, सरकार में प्रधान मंत्री जी, मंत्री लोग इसको स्वयं नहीं लिखते। ...(**व्यवधान**)... एक मिनट। मैं प्रश्न पूछ रहा हूँ, आपके बहुत से लोग बोलते हैं। हमारे समय में भी लिखा जाता था, आप सारे रिकॉर्ड्स उठाकर पढ़ लीजिए। जिन्होंने इसको लिखा है, उनकी थोड़ी जवाबदेही जरूर बनती है। ...(**व्यवधान**)... यह कटाक्ष नहीं है, लेकिन जिसने भी लिखा, उसने महामहिम राष्ट्रपति जी के साथ अन्याय किया। यह जनता के विवेक को ललकारता है और देश के सामने जो कठिन परिस्थिति है, उसको भी नकारता है। ...(**व्यवधान**)... वस्तुस्थिति को देखते हुए शायद सामूहिक चिन्तन का समय आ गया है और जहाँ कहीं कमियाँ रह गयी हैं, उन पर पश्चाताप भी होना चाहिए, इसमें कोई हर्ज नहीं है।...(**व्यवधान**)... एक तस्वीर दिखाई गई है, एक सुनहरी तस्वीर। ...(**व्यवधान**)... उपसभाध्यक्ष महोदय, अगर ये ऐसे ही टोका-टोकी करेंगे तो मैं बैठ जाता हूं।

SHRI MAHESH PODDAR (Jharkhand): Sir, ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Poddar*ji*, if you have a point of order, you can raise it under the rule.

श्री आनन्द शर्मा : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, एक ऐसी तस्वीर दिखाई गई कि भारत देश बिल्कुल चिंतामुक्त, खुशहाल, विश्व में आर्थिक प्रगति में पहले नंबर पर और हर मोर्चे पर कामयाब है। ऐसा हो, यह हम सब चाहते हैं, क्योंकि यह देश सबका है। यह आपका ही नहीं, हमारा ही नहीं, बल्कि यह साझा देश है। कोई भी नहीं चाहता, चाहे वह सरकार में हो या विपक्ष में हो कि हिन्दुस्तान आगे न बढ़े, तो कृपा करके ये जो गहरी लकीरें खींची जा रही हैं, उन्हें बंद कीजिए। हम भी चाहते हैं कि हिन्दुस्तान आगे बढ़े। आप भी और हम भी। ...(**व्यवधान**)... देखिए, अगर ऐसे चलेगा, तो मुश्किल है।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : आप जो बोल रहे हैं, वह रिकॉर्ड में जाएगा, बाकी कुछ भी रिकॉर्ड में नहीं जाएगा। Whatever you are saying now will go on record. ...*(Interruptions)*... Interruptions will not go on record. ...*(Interruptions)*...

श्री आनन्द शर्मा : माननीय उपसभाध्यक्ष महोदय, on record नहीं, ये तो हमारे समय को खा रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... उपसभाध्यक्ष जी, प्रजातंत्र में जो भी लोग केन्द्र और राज्य की सरकार में आते हैं, वे देश के निर्माण का काम करते हैं, उनसे यह अपेक्षा की जाती है। उसमें सबकी प्रतिबद्धता होती है और सबका योगदान रहा है - प्रथम प्रधान मंत्री से लेकर वर्तमान प्रधान मंत्री तक भी। पं. जवाहरलाल नेहरू, जो कि पहले प्रधान मंत्री थे, उन्होंने इसकी बुनियाद रखी थी, वे 14 वर्ष तक अंग्रेजों की जेल में रहे थे। आपको एतराज़ हो सकता है, उनकी विचारधारा से विरोध हो सकता है, लेकिन सच्चाई जो कि इतिहास के पन्नों पर अंकित है, जिसे देश और दुनिया जानती है, कृपा करके आप उसका अपमान न करें। इंदिरा जी की शहादत, राजीव गांधी जी की शहादत, क्या उस पर भी कोई प्रश्नचिन्ह लग सकता है? हम स्वीकार करते हैं कि जितने भी प्रधान मंत्री आये, माननीय अटल बिहारी वाजयेजी जी भी छः साल प्रधान मंत्री रहे, हम स्वीकार करते हैं कि उनके समय में भी काम हुआ, हम कभी नहीं कहते कि उन्होंने कोई काम नहीं किया। 10 साल तक डा. मनमोहन सिंह जी रहे, उनके कार्यकाल में भी काम हुआ है। मैं आपको कहना चाहता हूं, यह याद रखिएगा। ...(**व्यवधान**)... सुनिए, प्रजातंत्र में दो पक्ष हो सकते हैं, यह बहुत आवश्यक है। एक सोच, एक विचारधारा संसदीय प्रजातंत्र में कभी नहीं हो सकती और न होगी। एक दृष्टिकोण पर देश नहीं चलता, न ही समाज बनता है। भारत बड़ा और प्राचीन देश है। सोच अलग हो, वह ठीक है, किन्तु एक-दूसरे को छोटा दिखाना और अपने से पहले के लोगों को अपमानित करना, यह उचित नहीं है, मैं इतना ही निवेदन करना चाहता हूं। भारत का उदय वर्ष 2014 में नहीं हुआ और जहां हम पहुंचे हैं, यह 8 साल का सफर नहीं है, बल्कि 74 साल का सफर है। पहली बार विकास हुआ, पहली बार विश्व में हमारा सम्मान हुआ, मैं इस बात को नहीं मानता हूं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि 1947 के बाद बड़ी संस्थाएं बनीं। IIT संस्था भारतवर्ष में सबसे पहले कब बनी थी? आप पूछते हैं कि बताइये कि कब बनी थी, तो मैं बताता हूं कि सन् 1951 में। IIT अहमदाबाद में कब बना था - 1964 में। भारत में परमाणु संस्था कब कायम की गई थी - 1954 में। भारत में पहला

परमाणु विस्फोट, जब इंदिरा गांधी जी प्रधान मंत्री थी, तब 1974 में हुआ था। अंतरिक्ष में आर्यभट्ट सन् 1974 में चला गया था।

1955 में भाखड़ा डैम बन चुका था, नागार्जुन सागर डैम बन चुका था। 1961 में पं. जवाहरलाल नेहरू ने स्वयं जाकर नर्मदा नदी पर सरदार सरोवर बाँध की नींव रखी थी और उसका नाम सरदार जी के नाम पर रखा था। यह सूची बहुत लंबी है, मैं इसको सभा पटल पर रखूँगा।...(**व्यवधान**)... मैं नहीं चाहता, मैं निवेदन कर रहा हूँ ...(**व्यवधान**)... सच्चाई बहुत कड़वी होती है तथा हकीम की खुराक और सच्चाई बड़ी तकलीफ देती है, परंतु यह बीमारी को दूर करती है। ...(**व्यवधान**)...

महोदय, मैं आज सदन में एक बात कहना चाहूँगा और आपसे निवेदन करता हूँ कि शायद यह मेरा अंतिम वक्तव्य है, इसलिए मैं हाथ जोड़ कर विनती करता हूँ कि मुझे बोलने दीजिए। मैं बस इतना कहूँगा, उसके बाद मैं इसे आपके विवेक पर छोड़ता हूँ। मैं यह कहना चाह रहा था कि यह जो देश बना है, उसके निर्माण में सबका योगदान है, सरकार की निरंतरता होती है, समाज की निरंतरता होती है - कमियाँ भी रहती हैं। मैं कभी यह कहने वाले लोगों में से नहीं हूँ कि हमारे समय में सब कुछ प्राप्त हो गया था। कमियाँ रहती हैं और यह अपेक्षा की जाती है, देश की जनता भी आने वाली सरकार से यह अपेक्षा करती है कि जो काम अधूरे हैं, वे पूरे हों, नए काम आएँ, नई योजनाएँ आएँ। पर कोई ऐसा भारत नहीं छोड़ कर गए थे - यह परमाणु शक्ति, अंतरिक्ष शक्ति, दो ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी - वैसा हिन्दुस्तान हम भी छोड़ कर गए थे, आपको कोई ऐसा खाली हिन्दुस्तान नहीं मिला था, जहाँ की जमीन बंजर हो, जहाँ के लोग कपड़े न पहनते हों और इस देश का कोई सम्मान दुनिया के अंदर न हो, ऐसा देश नहीं था। मैं यही कह रहा हूँ कि आप इस मानसिकता को त्याग दें। आप इसको त्याग देंगे, तो इससे देश का भला होगा, मैं यही कह सकता हूँ।

महोदय, आज सच्चाई क्या है? मैं यह आलोचना के दृष्टिकोण से नहीं कह रहा हूँ। हमारे देश के सामने बहुत सारी चुनौतियाँ हैं, उनमें एक खौफनाक बेकारी है। आप अपना इकोनॉमिक सर्वे उठा कर पढ़ लें। आज भारत के अंदर कितने ऐसे लोग हैं, जिनको रोजगार की जरूरत है। यह मैं नहीं कह रहा हूँ, बल्कि यह आपका इकोनॉमिक सर्वे कहता है कि इस देश के अंदर 94 करोड़ ऐसे लोग हैं, जो रोजगार के योग्य हैं, उनमें से केवल 52 करोड़ लोगों के पास रोजगार है। यह आप कह रहे हैं कि आज हिन्दुस्तान के 42 करोड़ लोग बेरोजगार हैं। क्या हम इसकी चिंता नहीं करेंगे? यह आलोचना की बात नहीं है। आज अमीरी और गरीबी के बीच की खाई बढ़ती जा रही है, उद्योग टूट रहे हैं, बाजार टूट रहे हैं, रोजगार समाप्त हो रहे हैं। देश और दुनिया ने दो साल कष्ट उठाया है। हम इतने गैर-जिम्मेवार नहीं हैं कि हम यह कहें कि आपने कोरोना वायरस को टेलीफोन करके बुलाया, पर यह वास्तविकता है कि इससे नुकसान हुआ है और हम उससे उबरे नहीं हैं।

महोदय, कुछ वर्ष पहले 2019 में राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में यह कह दिया गया था कि 2024 तक, पाँच साल में हिन्दुस्तान पाँच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बन जाएगा, पर ये दो साल खराब हुए, इससे हमारा नुकसान हुआ और अब हम 31 मार्च, 2022 को वहीं पहुँचेंगे, जहाँ हम 31 मार्च, 2020 को थे। यह सोचने की बात है, आपस में टीका-टिप्पणी की बात नहीं है। यह हम सबको मिल कर सोचना है। मुझे विश्वास है कि भारत वहाँ तक पहुँचेगा। हम पाँच ट्रिलियन डॉलर तक भी जरूर पहुँचेंगे, उससे आगे भी पहुँचेंगे। इस देश की जनता में क्षमता है और हम भी चाहते हैं कि हमारा देश वहाँ तक पहुँचे, पर हम सच्चाई को तो मान लें कि हमारे सामने चुनौतियाँ हैं।...(**व्यवधान**)... मैंने यह बात इसलिए कही, क्योंकि भारत सबसे नौजवान देशों में से है। हमारी median age 28 वर्ष की है, इसलिए यह हमारी शक्ति भी है और यह चुनौती भी है कि अगर समाज में स्थिरता और शांति रखनी है, तो इन नौजवानों के लिए अवसर पैदा करने होंगे। हमारा समाज यह स्वीकार नहीं कर सकता कि अमीर और गरीब के बीच में खाई बढ़ती जाए। आज एक प्रतिशत भारतवासियों के पास देश का 42.5 प्रतिशत पैसा है, पूँजी है, 10 प्रतिशत के पास देश की 74.3 प्रतिशत पूँजी है और जो गरीब 50 प्रतिशत हैं, उनके पास देश का केवल 2.8 प्रतिशत पैसा है। यह आनन्द शर्मा नहीं कह रहा है, काँग्रेस पार्टी नहीं कह रही है, आपकी सरकार के आंकड़े बोलते हैं, इसलिए सोचें, जो मैं कह रहा हूँ, उस पर गौर करें और स्थिति को सुधारने के लिए सामूहिक प्रयास करें, जो राष्ट्र के हित में हों और देश के भविष्य में हों।

महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सरकार की उपलब्धियों का ज़िक्र है। मैं इस सदन में एक बात कहना चाहता हूँ। मैंने दो-तीन बातें कही हैं। आज एक तिहाई industrial capacity is idle, वह बेकार पड़ी है। यह हमारे देश में है, पर प्रोडक्शन नहीं है और हिन्दुस्तान के सामने डिमांड और सप्लाई की एक बहुत बड़ी चुनौती है। किसी ने चर्चा नहीं की कि भारत देश में कर्जा बढ़ गया है। भारत का debt to GDP ratio 90 प्रतिशत है! मैं बजट पर नहीं बोल रहा हूँ, तो यहीं पर अपनी बात रोकता हूँ। हमारे साथी बजट पर बोलेंगे। माननीय वित्त मंत्री महोदया का हम सम्मान करते हैं, जब वे बोलें, तब इसके बारे में थोड़ा ज्ञान दें कि उसके लिए हम क्या करने जा रहे हैं, ताकि सरकार चले। आज़ादी के बाद हमारे जो बड़े संगठन बने थे, जो संस्थाएं बनी हैं, यह घाटा उन्हें बेचकर पूरा नहीं होगा। उन संस्थाओं को बचाकर और आर्थिक विकास से यह घाटा पूरा होगा, कर्जा पूरा होगा। शिक्षा और स्वास्थ्य पर बहुत से साथी बोल गए - नेता प्रतिपक्ष भी बोले, हमारी तरफ से और साथी भी बोले, जवाहर सरकार जी भी बहुत अच्छा बोले। मैं स्वीकार करता हूँ, इसलिए मैं उसे दोहराऊँगा नहीं।

महोदय, मुझे चिंता है और सदन को भी होनी चाहिए कि राष्ट्रीय सुरक्षा का कोई ज़िक्र ही नहीं है। सीमाओं पर जो तनाव है, माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में उसका कोई ज़िक्र नहीं है। लद्दाख से लेकर अरुणाचल तक, मैं भी एक सीमावर्ती राज्य में पैदा हुआ और वहीं से आता हूँ। हमारी सीमा भी तिब्बत से, चीन से लगती है, इसलिए यह बात कहता हूँ। हमारे यहाँ से ही फौज जाती है, लेह-मनाली रोड से जाती है, भारत की सेना जाती है। जो अटल टनल बन गई है, उससे थोड़ा फायदा हो गया। वह काम पूरा हुआ, बधाई हो, यह देश के लिए भी अच्छी बात हुई। यह काम पुराना शुरू किया हुआ था। इतनी बड़ी योजनाओं को बनाने में समय लगता है। पर एक लाख फौज

चीन की फौज के आमने-सामने खड़ी है! मैं आप सभी से कहता हूँ कि क्या अखबार वालों को पता है? देश से बाहर के लोगों को जानकारी दी जाती है। यह सबसे बड़ा प्रजातंत्र है, तो क्या हमारे देश की संसद को यह जानकारी नहीं मिलनी चाहिए? क्या संसद में चर्चा नहीं होनी चाहिए? 1962 में एक नौजवान, अटल बिहारी वाजपेयी जी पहली बार चुनकर आए। जब हिमालय की सीमाओं पर युद्ध चल रहा था, लोग मर रहे थे, फिर भी सदन बुलाया गया, चर्चा हुई और युद्ध के दौरान हुई। माननीय रक्षा मंत्री जी ने इस सदन को आश्वस्त किया था। इस सदन का रिकॉर्ड देखा जाए। उन्होंने कहा था कि नेताओं को बुलाकर in camera brief करेंगे। हमने स्वीकार किया था, लेकिन वह भी नहीं हुआ। आप कृपया करके इस स्थिति को देखें और सोचें।

महोदय, पैरा तीन में नेता जी सुभाष चन्द्र बोस का ज़िक्र है। हम सब उनका सम्मान करते हैं। नेता जी बड़े नेता थे। उनका योगदान था, उनकी क़ुरबानी थी, उनकी तपस्या थी। हम इतिहास तो नहीं हटा सकते हैं। मुझे भी खुशी है कि नेता जी सुभाष चन्द्र बोस दो बार भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अध्यक्ष थे, जब वे 1938 और 1939 में चुने गए थे। आपने बात की कि नेता जी की बड़ी प्रतिमा होगी और अब 23 तारीख से गणतंत्र दिवस का celebration शुरू होगा। बधाई हो, धन्यवाद हो, हम सबको खुशी है, पूरे देश को खुशी है, लेकिन मैं एक बात कहूँगा कि इंडिया गेट पर जो अमर जवान ज्योति है, वह बंगलादेश के युद्ध में जो भारत के हजारों सैनिक शहीद हुए थे, उन्हें समर्पित थी। अब उसको हटा दिया, कहा - merge कर दिया गया है। ...(**व्यवधान**)... ऐसा क्यों हुआ? ...(**व्यवधान**)...एक मिनट। देखिए, ...(**व्यवधान**)... हमने सब देखा। ज्योति merge होती है। मैं घर के बाहर अपने संविधान को अपना धर्म-ग्रन्थ मानता हूँ, पर मैं घर में एक पूजा-पाठी हूँ। I am a practising Hindu, तो मुझे मालूम है कि flame merge नहीं होती है। जब ज्योत जलती है, तो वह वहीं जलती है। जिसके सम्मान के लिए, जिनको याद करने के लिए वह जली थी, वह वहीं जलती थी। ...(**व्यवधान**)... अब यह कहा गया कि जो इंडिया गेट है, वह colonial relic है। अब यह भी एक सच्चाई है कि हमारा देश लम्बे समय तक अंग्रेज़ों की कॉलोनी था, गुलाम था, पर वहाँ पर भारत के हज़ारों सैनिकों के जो नाम अंकित हैं, जो कि प्रथम विश्व युद्ध में शहीद हुए थे, उनका सम्मान करें। जो ब्रिटिश-इंडियन आर्मी थी, वह mercenary army नहीं थी। जब हमारे राष्ट्रपति जी और प्रधान मंत्री जी बाहर जाते हैं, तो यह उनको भी पता है कि यूरोप में जो स्मारक बने हैं, उनमें हिन्दुस्तान के उन सैनिकों की वीरता की गाथाएँ अंकित हैं। जब हिन्दुस्तान आज़ाद नहीं था, तो जहाँ वे काम करते थे, वहाँ वे सिद्धांत पर जाकर युद्ध लड़े और अपनी कुर्बानियाँ दीं। आप इसको भी सोचें। महोदय, अगर मैं आपके तर्क को मान लूँ, तो फिर मैं क्या कहूँ? जहाँ आप बुत लगाएँगे, क्या वह colonial relic नहीं है? यह कहने से पहले आप जरा सोचिए। वहाँ भी तो किंग जॉर्ज की मूर्ति थी! जब इंडिया गेट colonial relic है, तो फिर वह भी तो colonial relic है! मैं यह सदन से कह रहा हूँ, इस पर कृपा करके थोड़ा ग़ौर करें।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Please start winding up.

SHRI ANAND SHARMA: I have requested the hon. Chairman.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): That is why we are giving some more time to you. So, please start winding up.

SHRI ANAND SHARMA: I need that respect because I will never be asking for time again. आप इतनी कृपा कर दें। ...(**व्यवधान**)...

SHRI JAIRAM RAMESH (Karnataka): You have been the Chief Whip here. You should allow him. *..(Interruptions)..*

श्री आनन्द शर्मा : माननीय, मैं सुभाष चन्द्र बोस जी के बारे में कुछ कहना चाहता हूँ और उनकी एक क्वोटेशन पढ़ना चाहता हूँ। उन्होंने स्वामी विवेकानन्द के उस ऐतिहासिक भाषण का जिक्र किया था, which he delivered at Chicago on 11 September, 1893. Subhash Chandra Bose *ji* said, "The foundation of the present freedom movement owes its origin to Swami *ji's* message. If India is to be free, it cannot be a land especially of Hinduism or of Islam. It must be one united land of different religious communities inspired by the ideal of nationalism. And for that, Indians must accept wholeheartedly the gospel of harmony of religions which is the gospel of Ramakrishna - Vivekananda." मैंने यह बड़ा सोचकर पढ़ा। जब नेताजी का स्मरण हो रहा है, तो नेताजी की सोच क्या थी, आप उसको भी देखें।

मैं आज सदन को यह भी बताना चाहता हूँ कि हम पिछले सवा सौ साल में देख लें, 11 September has a meaning. There were four 9/11s. The first was what I have read - 1893, Chicago - where there was a message of humanity, brotherhood, harmony. The second 9/11 was 9/11/1906, when Mahatma Gandhi launched the first Satyagraha from the Empire Theatre in Johannesburg, and used that potent weapon to guide India and lead India to defeat the British Empire. The third 9/11 was 11 September, 1973, जब चिली में Allende की सरकार को हटा दिया गया, हज़ारों लोग मार दिए गए और वहाँ military coup हो गया। चौथा 9/11 वर्ष 2001 का था, जब न्यूयार्क में हवाई हमला हुआ था, वहाँ twin towers तोड़ दिए गए थे और हज़ारों लोग मार दिए गए थे। मैंने यह बात क्यों कही? 9/11 अगर चार बार दुनिया के सामने आया तो दो बार प्यार, मानवता और अहिंसा का संदेश लेकर गया, वह भारत से गया, स्वामी विवेकानन्द और महात्मा गांधी से गया।

मैं सदन के सामने रखना चाहता हूं कि नेताजी, सुभाष चन्द्र बोस ने 2 अक्टूबर, 1943 को आज़ाद हिन्द रेडियो स्टेशन से भारत के लोगों को संबोधित किया था। उसमें उन्होंने पहली बार महात्मा गांधी को 'Father of the Nation' कहा था। हम कहते हैं कि वे 'Father of the Nation' हैं। Who called him 'Father of the Nation'? Netaji Subhash Chandra Bose called him 'Father of the Nation'. आज़ाद हिन्द फौज में चार ब्रिगेड थीं, जिसमें सुभाष ब्रिगेड थी,

नेहरू ब्रिगेड थी, गांधी ब्रिगेड थी और आज़ाद ब्रिगेड थी। इस सदन में सभी सदस्य बैठे हैं, हम सबने संविधान की शपथ ली है। यह चर्चा है और होनी भी चाहिए थी। इस चर्चा में बाबा साहेब अम्बेडकर का भी ज़िक्र है और माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में सही कहा गया कि कैसे भारत का दर्शन और सोच बाबा साहेब अम्बेडकर की थी, पर क्या कहा गया है जो माननीय राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में है। सिर्फ अम्बेडकर जी का नाम ही नहीं लेना चाहिए, सिर्फ यह नहीं कहना चाहिए कि उन्होंने यह कहा था, बल्कि उनकी बातों को हम अपनाएं, ग्रहण करें, उनके बताए हुए मार्ग पर चलें।

महोदय, यह मैं बड़ी महत्वपूर्ण और अंतिम बात रख रहा हूं और उन लकीरों के बारे में, जो आज खिंच रही हैं, जो बंटवारे की बात हो रही है, जिस तरह की छवि बन रही है और देश के कुछ हिस्सों में जिस तरह की घटनाएं हो रही हैं। अंग्रेज़ी की बात नहीं है, अंग्रेज़ी में तो सिर्फ दो शब्द कह दिए, 'hate speech', आप देखिए, जिस तरह की भाषा, जिस तरह की धमकी और जिस तरह के हमले अल्पसंख्यकों पर हो रहे हैं। आज दुनिया जुड़ी हुई है। The world is interconnected by technology. What we say here flashes in a minute in various capitals of the world. दुनिया की राजधानियों में ये सवाल पूछे जा रहे हैं कि क्या ऐसा भारत देश में होना चाहिए? यह नहीं होना चाहिए, स्वीकार नहीं किया जाना चाहिए। यह देश सबका है, यह हमें याद रखना पड़ेगा कि भारत से बाहर बहुत लोग हैं, लगभग ढाई करोड़ लोग हैं। अगर मैं गलत हूं तो हरदीप जी मुझे सही करेंगे। पूरी दुनिया में जो Indian diaspora है, हिन्दुस्तान को 87 अरब डॉलर remittances आता है। बड़े-बड़े ऊँचे पदों पर भारतीय मूल के लोग बैठे हैं। मेरे पास सूची है, जो मैं यहां रख दूंगा। इस सूची में अमेरिका की उपराष्ट्रपति कमला हैरिस भी हैं, ब्रिटेन की होम सेक्रेटरी प्रीति पटेल भी हैं, ऋषि सुनक वहां के चांसलर हैं, कई देशों के प्रधान मंत्री हैं, कई देशों में भारतीय मूल के रक्षा मंत्री भी हैं और कहीं सिख समुदाय के लोग हैं, कनाडा में भी हैं। आप सोचिए कि अगर वे सब सोचेंगे कि जहां के लोग यहां पर इतने बड़े पदों पर हैं, उस देश में क्या हो रहा है? क्या यह भारत के लिए अच्छी बात है? सदन मेरी बात ग़ौर से सुने। बड़ी-बड़ी Multi-National companies हैं, जिनमें भारतीय मूल के लोग उनके मुखिया हैं, सुंदर पिचाई हैं, सत्य नडेला हैं, इनको हमने पद्म पुरस्कार भी दिए हैं, इंदिरा नुई आदि हैं, मेरे पास लम्बी सूची है। मैं दोनों सूचियों को सभा पटल पर रखूंगा। इस आग्रह के साथ...

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : कृपया आप conclude कीजिए।

SHRI ANAND SHARMA: I am concluding.

उपसभाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से देश के माननीय प्रधान मंत्री जी से आग्रह करता हूं, उनसे मांग करता हूं और अपेक्षा भी रखता हूं कि वे जब सदन में आएं और जवाब दें, तो देश को आश्वस्त करें और दुनिया को संदेश दें कि हम एक सबसे बड़े प्रजातंत्र हैं, हम एक संवैधानिक देश हैं। इसलिए देश के विधान का और संविधान का सम्मान करते हुए किसी ऐसी बात की अनुमति भारत देश में नहीं होगी।

12.00 **Noon**

यह याद रखा जाये कि इस देश में दुनिया के तीन बड़े एथेनिक ग्रुप्स हैं, यहां Aryans हैं, Dravidians हैं, Mongoloids हैं और इस सदन में भी तीनों बैठे हैं। दूसरी बात यह है कि हमारे देश में दुनिया के सात बड़े धर्म हैं और हमारा जो संविधान है, उसमें 20 भाषाएं हैं। यह देश का संविधान मानता है। इस देश के संविधान का निर्माण करने में सब का योगदान रहा। मैं एक चीज़ कहूं, सरदार पटेल जी का हम सब सम्मान करते हैं, आपने उनकी बहुत ऊंची मूर्ति भी लगाई...(**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य : आप वहां गये नहीं? ...(**व्यवधान**)...

श्री आनन्द शर्मा : जरूर जाएंगे।...(**व्यवधान**)...

उपसभाध्यक्ष (**श्री भुबनेश्वर कालिता**) : यह छींटाकशी क्यों हो रही है?

श्री आनन्द शर्मा : मैं यह सोचता हूं कि हमारी बात का जवाब देने के लिए देश के प्रधान मंत्री सक्षम हैं। आप कृपा करके सुन लें। मुझे सरदार पटेल जी के बारे में कहना है, क्योंकि उनको 'सरदार' की उपाधि महात्मा गांधी ने बारदोली सत्याग्रह के बाद 1925 में दी थी। सरदार पटेल भी हमारे अध्यक्ष रहे, वे देश के हैं, वे देश की सम्पत्ति हैं, देश के बड़े व्यक्ति हैं। देश की संविधान सभा की कांस्टीट्यूएंट असेम्बली की एक कमेटी थी, फंडामेंटल राइट्स और माइनॉरिटी राइट्स की, उस कमेटी के अध्यक्ष श्री वल्लभभाई पटेल थे। मैं अन्त में सिर्फ उनको क्वोट करूंगा, आप सरदार वल्लभभाई पटेल को सुनिये, "It is not our intention to commit the minorities to a particular position in a hurry. If they really have come honestly to the conclusion that in the changed conditions of this country, it is in the interest of all to lay down real and genuine foundations of a secular State, then nothing is better for the minorities than to trust the good-sense and sense of fairness of the majority, and to place confidence in them. So also, it is for us who happen to be in a majority to think about what the minorities feel, and how we in their position would feel if we were treated in the manner in which they are treated." यह 25 मई, 1949 को कमेटी की रिपोर्ट जब उन्होंने पेश की, तब उन्होंने यह कहा है।

सर, मैं आपसे अन्त में यही कहना चाहता हूं, मैं कोई दोष नहीं दे रहा कि जो ऐसी सोच के लोग हैं, कुछ संगठन हैं, जो घृणा फैला रहे हैं, जो हिंसा करते हैं, वे किसी का हित नहीं करते। हम नहीं चाहते कि भारत की ऐसी छवि हो। हम वही चाहते हैं जो विवेकानन्द जी ने कहा था, हम वही चाहते हैं, जो सुभाष चन्द्र बोस जी ने कहा था, हम वही चाहते हैं, जो दर्शन गांधी जी का था, तो कृपा करके उसे बचा कर रखें। अगर यह दूसरा दर्शन हुआ तो बड़ा खतरनाक होगा।

कल लता जी को सारे देश ने, प्रधान मंत्री जी ने, सब नेताओं ने, सब दलों ने अपनी श्रद्धांजलि दी। उनकी आवाज़ देश की आवाज़ थी, हम सब उनको सुनकर बड़े हुए। मुझे याद है कि हमने तो 'ऐ मेरे वतन के लोगो' गाने को तब सुना था, जब अपने पिता और अपने दादा को भी रोते देखा था। आज सुबह मैं सोच रहा था कि उनकी बात को भी ग्रहण कर लें। आज जो कुछ सोच है तो गाने को भी दोबारा लिखेंगे कि 'वतन', 'शहीद', 'कुरबानी', ये शब्द क्या हैं तो इस बात को रोक दें।

सर, मैं अपनी वाणी को विराम देते हुए अन्तिम शब्दों में यही कहूंगा कि यह हम सब का देश है, हम सबको इसे बनाना है, हम सब को इसे आगे लेकर जाना है, अगर आप ठीक काम करेंगे तो आपको सहयोग भी मिलेगा, आपको शुभकामनाएं भी मिलेंगी, पर सब मिलकर इसके बारे में सोचें। अगर नहीं सोचेंगे, अगर बच्चों के दिमाग में, नौजवानों के दिमाग में ये लकीरें खिंचती जाएंगी तो यह भारत की आत्मा पर घाव होगा, जख़्म होगा, जिसकी कीमत देश को चुकानी पड़ेगी, धन्यवाद।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you. The next speaker is Dr. Fauzia Khan.

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Sir, how much time do I have?

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : आपका समय 7-8 मिनट है। आप बोलिये।

DR. FAUZIA KHAN: Sir, please give me ten to twelve minutes.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): No. Your Party has given that time to you, I cannot give.

DR. FAUZIA KHAN: Sir, as we celebrate '*Azadi ka Amrit Mahotsav*', that *Azadi* which has given us all, I mean, you and me all, the gift of a life of dignity and a freedom to live a life the way we want according to our choices. Therefore, this *Azadi*, this freedom cannot be taken just for granted. It is our Constitution that has endowed us with valuable principles that take us towards this life of dignity. The ideals that are enshrined in the Preamble, are the same overall ideals that are there in the Constitution of India. Every single ideal enshrined in the Preamble holds the value, the tallness, the immensity and the sacredness of a holy book. Today, I wish to acknowledge the Preamble of the Indian Constitution and to emphasise the pressing need to adhere to each of its principles. Unfortunately, in the last few years, it has been seen that various values of the Constitution have been derogated. Let us take

up sovereignty first. Now, with China, time and again, baring its teeth, growling, establishing settlements in Ladakh and Arunachal Pradesh, can we really boast of sovereignty? This is what I would like to know. An hon. Member of this very House, a Rajya Sabha M.P. from the BJP has made a comment on Twitter, '56 इंच चौड़ी छाती पर चीनी चढ़े बैठे हैं और वे चुपचाप हैं।' This comment has been made by a Rajya Sabha M.P. of the BJP. Today, the actual capital outlay for Defence has been constantly declining in such a situation despite the Budget Estimates being high. This has been happening for the last three years. The CAG Report of 2020 brings out the pathetic condition of our soldiers in Siachen and Ladakh. There is shortage of adequate warm clothing, of boots, of snow-goggles, of jackets and even nutritious food which is required for survival in those harsh, cold and high altitude conditions. The CAG has recommended an investigation into this. I do not know what has happened of it but the report says that the procurement has been delayed for four years. Currently, India's neighbouring countries, their relationship with India, seems to be slightly worrisome, be it China, be it Pakistan and be it Nepal. At such a time, when we speak about 80 per cent and 20 per cent, is that sensible because if we have 20 per cent population disgruntled and dissatisfied, then, how is it going to be advantage to the sovereignty of India and how are we going to remain strong from inside and outside? Talk of socialism; is socialism meaningful when PSUs after PSUs are privatized or disinvested? Despite the latest Economic Survey highlighting the increased demand for MNREGA, the allocation hasn't moved an inch, it still stands at Rs. 73,000 crores. The Budgetary allocation for the PDS has directly and drastically fallen. My question is, if the poor are not our priority, then, where is the social justice? Secularism is a lofty idea. Our Late Prime Minister, Shri Atal Bihari Vajpayee*ji*, had said, and very correctly he had commented, 'If India is not secular then India is not India at all.' With the exponential rise on attacks on places of worship, particularly, of the minorities and legitimization of such acts by the measured silence of those who are in authority, does not it shame the ideals of secularism? What about justice? Where there is no justice, there is no democracy. But what should I say of justice today, Sir?

"कैसे करें इन्साफ कि दिल साफ नहीं है,
कैसे करें दिल साफ कि इन्साफ नहीं है"।

सर, जिस देश में हमने देखा है that for the first time ever in history, the Supreme Court Judges have publicly appealed for justice themselves. So these ideals of justice enshrined in the Preamble, do we see them really in existence? What is liberty?

Liberty refers to the freedom for the people to choose their own way of life, have political views, religious views, social views and have their own social behaviour. Do you call it liberty in a country where my choices are not my own, but somebody else decides as to what I eat, how I dress, whom I marry, whom I love, what I worship? If I am not allowed to make these choices--today, the women in Karnataka are not allowed to make their choice of wearing a *hijab*--if I am not allowed to make my choices, where is the liberty? This is my question to this House. Equality is a very broad term. There are so many aspects of equality. When journalists are charged with stringent anti-terror laws merely for exercising their right to freedom and expression, when even facts and reason come under assault, what do you call it? Doesn't it stink of inequality? We have financial inequality about which my colleague, Anand Sharma*ji* just mentioned, as to what an unequal country the world has called it, where 55 per cent of the national income is owned by only ten per cent of people and the bottom 50 per cent own only 13 per cent of the national income! But I don't want to go into that. I wish to speak about gender inequality.

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : कृपया समाप्त कीजिए।

DR. FAUZIA KHAN: Sir, please give me two minutes. The World Economic Reform's Gender Gap Report 2021 says that India is at the 140th place among 156 countries as far as gender equality is concerned and is ranked the third worst performing country in South-Asia. If this is the situation, then, what is our position? And our President in his Address says that our priority is empowerment of women. I want to ask the Prime Minister as to when they are bringing the Bill for reservation of women in the Parliament. Isn't it time? When you are talking about empowerment of women, that is the way to empower women. When are you bringing that Bill? Sir, the budgetary allocation for rural development*...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you. Your time is over. *...(Interruptions)...*

DR. FAUZIA KHAN: Sir, please. I am talking about inequalities*...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): I understand. This is not your final speech. ..(Interruptions)...

DR. FAUZIA KHAN: Sir, I am just ending. *...(Interruptions)...* I am just concluding. *...(Interruptions)...*

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : यह आपका आखिरी भाषण नहीं है। ...(**व्यवधान**)... आप आगे भी बोलिएगा ...(**व्यवधान**)... अभी आपका टाइम खत्म हो गया है और आपको यह टाइम आपकी पार्टी ने दिया है। ...(**व्यवधान**)... Your time is given by your Party. This much time you have been given. *...(Interruptions)...* I have given a little more. Please wind up now. *...(Interruptions)...*

DR. FAUZIA KHAN: When calls of genocide are made on minorities and the Government is silent, when Muslim women are auctioned on social media and the Government is silent, when Mahatma Gandhi is humiliated and the Government is silent, where is this feeling of fraternity in our country? Sir, at the end I will only say and these are my concluding words, democracy is not a state, democracy is not a भ्रम. The Government has one अस्त्र and that is भ्रम अस्त्र, भ्रम का निर्माण करना everywhere. Democracy is not a भ्रम. Sir, it is an act. India's democracy has to be maintained as one. If we do not have the willingness to fight for it, it will be taken for granted and will be moving towards authoritarianism and majoriatarianism.

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you.

DR. FAUZIA KHAN: At the end, I need to quote Dr. Babasaheb Ambedkar. Please allow me to quote that. *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you. I will call the next speaker now. *...(Interruptions)...*

DR. FAUZIA KHAN: I quote, "Freedom of mind is the real freedom. A person whose mind is not free, though he may not be in chains, is a slave, not a free man." Sir, let us be free of hatred. *...(Interruptions)... Azaadi* is freedom from hatred*...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Thank you. The next speaker is Shri Prakash Javadekar.

DR. FAUZIA KHAN: *Swaraj* is my birthright and I shall have it.

श्री प्रकाश जावडेकर (महाराष्ट्र): उपसभाध्यक्ष महोदय, राष्ट्रपति जी का अभिभाषण एक महत्वपूर्ण प्रसंग होता है, दस्तावेज़ होता है, जिसमें क्या हुआ है, सरकार ने क्या किया है और आने वाले दिनों का संकल्प क्या है, वे उसकी रूपरेखा बताते हैं, बजट में पूरा खाका देते हैं कि साल भर में क्या करेंगे। बजट पर चर्चा बाद में होगी, तो I will restrict myself to President's speech.

उपसभाध्यक्ष महोदय, सरकार ने बहुत काम गिनाए, क्या-क्या हुआ, इनको देश और दुनिया ने देखा है। Infrastructure में सड़क, बिजली, पानी, रेलवेज़, पोर्ट्स, एयरपोर्ट्स, वाटरवेज़, लॉजिस्टिक्स सब तेज़ गति से बढ़ा है और 2014 के पहले इनकी क्या गति थी और आज क्या गति है, अगर इसको देखा जाए, तो 1:3 ratio है, यह हमें समझना पड़ेगा। दूसरा, empowerment है ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Please don't comment. आप लोग टोका-टोकी न करें। He doesn't want comment from you. Let him speak.

श्री प्रकाश जावडेकर : गरीब को घर मिला, गरीब को टॉयलेट मिला, गरीब को बिजली मिली, गरीब को घर में नल से जल मिला, गरीब को मुफ्त में सारी व्यवस्थाएं मिलीं, गरीब को digital payment मिलने लगी। यह सब हमने देखा है कि कैसे हुआ, लेकिन इसकी चर्चा पहले बहुत हुई है, इसलिए मैं नहीं करूंगा।

मैं आज दो-तीन छोटे-छोटे उदाहरण दूंगा, जिनकी चर्चा कभी नहीं हुई है। ...(**व्यवधान**)... जैसे कि बहन जी ने कहा और राष्ट्रपति जी ने भी कहा, उन्होंने KVIC का उल्लेख किया, खादी का उल्लेख किया। ...(**व्यवधान**)... वर्ष 2014 में खादी का 33,000 करोड़ का कारोबार था, आज यह बढ़कर 95,000 करोड़ रुपये का कारोबार हो गया है। यह तीन गुना बढ़ा है और जब तीन गुना बढ़ा है, तो मैंने जॉब रजिस्टर देखा कि 33 लाख नयी जॉब्स तैयार हुई हैं, लोगों को रोजगार मिला है, यह ग्रामीण उद्योगों की स्थिति है। ...(**व्यवधान**)... यह खादी ग्रामोद्योग क्या है, आप इसको देखिए। इसके बारे में मैं आपको बताऊंगा। ...(**व्यवधान**)... ग्रामोद्योग, शहद, डेयरी, मत्स्य तो आपको इसमें मिलेगा। ...(**व्यवधान**)... आप जो एक बात भूल गए हैं, उसे मैं आपको बताना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)... एक मिनट, आपने क्या कहा और उस पर क्या कहना है, यह मैं थोड़ी देर में कहूंगा। ...(**व्यवधान**)... पहले हम आए दिन न्यूज़ पढ़ते थे कि रेलवे का ट्रैक क्रॉस करते समय शादी की बारात ट्रेन से टकरा गई और लोग मर गए, स्कूल के बच्चों की बस ट्रेन से टकरा गई, क्योंकि unmanned gates थे, इनकी संख्या 2014 में 11,000 के करीब थी, उस समय इतने unmanned gates थे, आज एक भी unmanned gate नहीं है और एक भी accident नहीं है, यह हुआ है। ...(**व्यवधान**)... देश भर में एक भी accident नहीं हुआ। ...(**व्यवधान**)...मैं आपको सच बता रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Please... ...*(Interruptions)* ... If you disturb him and create disorder, how can the House run? ...*(Interruptions)*... Please don't disturb him. ...*(Interruptions)*... And, Javadekar*ji*, you address the Chair. You don't have to reply to them.

श्री प्रकाश जावडेकर : आप पूछिए, आप सवाल जवाब करिए। ...(**व्यवधान**)... 2014 में 11,000 unmanned gates थे, मोदी सरकार ने सारे unmanned gates बंद किए और अब जीरो unmanned gate है और जीरो accident है। ऐसा हमने करके दिखाया है। ...(**व्यवधान**)...

मैं एक और बात कहना चाहता हूं कि 10,000 रेलवे स्टेशनों पर Wi-Fi की सुविधा दी है। आप वहां जाकर देखिए। मैंने विदेशी पत्रकारों से कहा, वे वहां पर गए और उन्होंने स्टोरीज़ लिखीं। ...(**व्यवधान**)... रेलवे स्टेशनों पर प्लेट्फॉर्म्स लोगों से पूरे भरे रहते हैं और लाखों छात्र तथा यात्रीगण वाई-फाई की सुविधा के कारण डाउनलोड करते रहते हैं। वाई-फाई का इतना अच्छा प्रयोग हो रहा है और यह मोदी सरकार ने करके दिखाया है - यह फैक्ट है। ..(**व्यवधान**)..

एक माननीय सदस्य : गरीब को कितना दिया है, वह बोलिए। ..(**व्यवधान**)..

श्री प्रकाश जावडेकर : आप एक मिनट सुनिए। ..(**व्यवधान**).. भाई साहब, उन्होंने लोगों को क्या दिया है, मैं वह बता रहा हूं। दुनिया में 1 जीबी डेटा 630 रुपये ऐवरेज प्राइस पर मिलता है, लेकिन हमारे यहाँ पर 19 रुपये में मिलता है। उन्होंने यह करके दिखाया है कि 1 जीबी डेटा 19 रुपये में दिया है, इसलिए आज देश में डिजिटल व्यवहार बढ़ा है।

महोदय, एक और बात है, जो आदिवासियों की है। अभी मुंडा जी यहाँ पर नहीं हैं, लेकिन मैं बताना चाहता हूं कि करोड़ों आदिवासी जो वनोपज करते हैं, पहले उनकी लूट होती थी। 2014 में केवल दस चीज़ों को, यानी forest produce को एमएसपी मिलता था, लेकिन अब यह 87 प्रॉड्यूस को, वनोपज को मिलता है। इससे करोड़ों आदिवासियों को ज्यादा पैसे मिलने लगे हैं - यह फायदा हुआ है। उन्होंने यह करके दिखाया है। ..(**व्यवधान**).. मैं ऐसे कहता जाऊंगा, तो इतनी उपलब्धियाँ हैं कि उनको गिनाने में और समय लगेगा, लेकिन मुझे एक उपलब्धि यह बतानी है कि मैंने एक नेता का भाषण सुना। मैंने वह दो-तीन बार सुना और उन्होंने कहा था कि यह देश नहीं, बल्कि राज्यों का गुलदस्ता है।..(**व्यवधान**).. ये गुलदस्ता समझे नहीं हैं।..(**व्यवधान**)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Do not make personal comments.

श्री प्रकाश जावडेकर : आप यह समझेंगे कि भारत एक देश है, राज्य उसकी इकाइयाँ हैं, जो भाषा के आधार पर पैदा हुए, administration के आधार पर पैदा हुए, इतिहास के आधार पर पैदा हुए और लोगों की मांगों पर पैदा हुए, लेकिन यह one civilisation, one country और 'एक

भारत, श्रेष्ठ भारत' है इसलिए यही सबकी भावना होनी चाहिए। ..(**व्यवधान**)..देश और राज्यों के बारे में ..(**व्यवधान**).. मैं वह बताता हूं। ..(**व्यवधान**).. federal structure है, देश ..(**व्यवधान**).. और सरकार की यह विशेषता है कि सभी राज्यों को समभाव से देखा है। ..(**व्यवधान**).. समभाव से देखकर किसी भी राज्य के विकास का एक भी काम ..(**व्यवधान**).. रोका नहीं है। ..(**व्यवधान**).. राज्यों ने रोका, केंद्र ने नहीं रोका। ..(**व्यवधान**).. अभी हमारे मित्र तासा जी ने यह बताया कि मणिपुर में, नॉर्थ-ईस्ट में कितना बदलाव हुआ, क्या-क्या हुआ। मैं आज एक प्रदेश के बारे में बताना चाहता हूं जो छोटा प्रदेश है, लेकिन इम्पॉर्टेंट प्रदेश है और वह गोवा है। गोवा प्रदेश भारत का tourist destination है। ..(**व्यवधान**).. है न?

डा. अमी याज्ञिक (गुजरात): दिखाइए। ..(**व्यवधान**)..

श्री प्रकाश जावडेकर: मैं आपको वह भी दिखाता हूं। ..(**व्यवधान**).. गोवा में Pathradeis to Polem तक पूरा इंफ्रास्ट्रक्चर, connectivity is the lifeline of Goa. 12 हज़ार करोड़ का प्लान बनाया, Zuari Bridge भी, जो साठ साल से पूर्ण नहीं हो रहा था, अब फाइनल स्टेज पर है। महोदय, अटल सेतु बन गया, Panjim to Vasco Da Gama, Panjim to Madgaon का भी अच्छा काम किया, इस साल Mopa Airport भी operational हो जाएगा। अब old Goa में helipad हो गया है, online taxi service हो गई है। एक छोटे राज्य में भी कितना काम हुआ है - यह बहुत प्रशंसनीय बात है। आज गोवा एक ऐसा प्रदेश है, जहाँ महिलाओं को उनके घर में 'गृह आधार योजना' के नाम से 1,500 रुपये हर महीने दिए जाते हैं। ..(**व्यवधान**).. Senior citizen को 2,000 रुपये मिलते हैं, 'लाड़ली लक्ष्मी योजना' के 1 लाख रुपये मिलते हैं और महिलाओं की सुरक्षा के लिए Pink force नाम से महिला पुलिस फोर्स तैयार की गई है। ..(**व्यवधान**)..

SHRI JOHN BRITTAS (Kerala): Sir, this is a Goa election campaign.

श्री प्रकाश जावडेकर : यह campaign यहाँ करने की जरूरत नहीं है, ..(**व्यवधान**).. वहाँ है। ..(**व्यवधान**).. आप चिंता मत कीजिए। ..(**व्यवधान**)..

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): It is not your turn; do not say anything out of turn, please.

श्री प्रकाश जावडेकर: मैं इतना बताना चाहता हूं कि मेरे पास आंध्र प्रदेश हो, ..(**व्यवधान**)..तेलंगाना हो, ..(**व्यवधान**)..तमिलनाडु हो ..(**व्यवधान**)..बाकी सब अन्य राज्य भी हों ..(**व्यवधान**)..तो भी हर राज्य के विकास के सभी काम सात साल में कभी नहीं रोके गए हैं - यह मैं आपको बताना चाहता हूं।

महोदय, जब राष्ट्रपति के अभिभाषण की चर्चा होती है, तो राजनीतिक चर्चा भी होती है। मुझे याद आया, अभी आनन्द शर्मा जी ने नेताजी का कितना वर्णन किया, तो मैं मोदी जी को

धन्यवाद देता हूँ कि अब बहुत लोगों को नेताजी और सरदार पटेल की महानता समझ में आई और वे बताने लगे। ...(**व्यवधान**)... वही तो मैं बता रहा हूँ, स्कूल की बात भूल गए थे, ...(**व्यवधान**)... स्कूल की बात भूल गए थे, इसलिए अब नाम ले रहे हैं। अभी भी मैं गाँधी परिवार के सब नाम सुनता हूँ, लेकिन फिरोज गाँधी का नाम कभी नहीं सुनता हूँ। मैं सभी प्रधान मंत्रियों की चर्चा सुनता हूँ, अटल जी का नाम भी लेते हैं, लेकिन नरसिम्हा राव जी का नाम कभी नहीं लेते। अम्बेडकर जी को बार-बार quote करते हैं, लेकिन अम्बेडकर जी को दो चुनावों में हरा कर लोक सभा में आने नहीं दिया, यह इतिहास हम भूल नहीं सकते। ...(**व्यवधान**)... मैं वही बता रहा हूँ। मुझे तो सबसे आश्चर्य हुआ कि हमारे एक साथी ने कहा कि राम मंदिर हम जल्दी बनाएँगे। कमाल है! जिन्होंने कहा था कि परिंदा पर भी नहीं मार सकेगा, -- मैं 1990 में भी अयोध्या गया था, 1992 में भी गया था। -- जिन्होंने राम भक्तों पर गोलियाँ चलाईं, वे आज राम मंदिर की दुहाई दे रहे हैं! सब लोग मंदिर में जा रहे हैं। आनन्द शर्मा जी कह रहे हैं, सभी कह रहे हैं कि मैं practicing Hindu हूँ। यह क्या चल रहा है! यह क्या परिणाम हुआ, यह हमें समझना चाहिए। राम मंदिर आंदोलन के बीच में जिस पार्टी ने, जिस सरकार ने राम सेतु के समय affidavit में यह लिख कर दिया कि राम एक काल्पनिक कथा के नायक हैं, जिन्होंने यह लिखा, वे आज राम मंदिर की भलाई की बात कह रहे हैं, वे यह कह रहे हैं कि हम राम मंदिर का निर्माण जल्दी करेंगे। यह जो पाखंड होता है, वह हम सबको समझना है।

महोदय, आप ज़रा सोचिए कि जब कोवैक्सीन तैयार हुई, तो कांग्रेस के सभी नेता, अखिलेश जी से लेकर बाकी पार्टियों के नेता, सबने कहा कि यह तो बीजेपी की वैक्सीन है, हम नहीं लेंगे, यह पूरी तरह से tested नहीं है। उस समय कितना शोर मचाया! मेरे पास सारा रिकॉर्ड है, कितने tweets किए! लेकिन इस सबके बाद जब खुद प्रधान मंत्री, मोदी जी ने जाकर कोवैक्सीन ली, तो आपकी बोलती बंद हो गई और दुनिया ने भी माना कि कोवैक्सीन एक अच्छी और पावरफुल वैक्सीन है। उन्होंने यह करके दिखाया। 170 करोड़, ...(**व्यवधान**)... लोगों को 170 करोड़ वैक्सीन की doses मिलीं, जिनमें लोगों को 160 करोड़ vaccine doses free मिलीं। यह भी दुनिया में एक रिकॉर्ड बना है, यह हमें समझना चाहिए। खरगे साहब यहाँ बैठे हैं, मैं खरगे साहब को बधाई देना चाहता हूँ। ...(**व्यवधान**)... नेता विपक्ष, खरगे जी यहाँ बैठे हैं। मैं खरगे जी को बधाई देना चाहता हूँ कि उन्होंने भाषण करते-करते एक बहुत बड़ी सच्ची कहानी बताई। उन्होंने बताया कि मैं मंत्री था, मनमोहन सिंह जी प्रधान मंत्री थे, हम 10 साल सत्ता में थे, एक National Advisory Council थी, * उसकी प्रमुख थीं और वे जो-जो कहती थीं, हम उसको अमल में लाते थे, यह हमारा काम था। उन्होंने बता दिया कि *de facto* प्रधान मंत्री कौन था और *de jure* कौन था। उन्होंने यह भी बता दिया, यह हमें समझना चाहिए कि यह एक extra-constitutional authority थी। इसलिए एक बहुत ...(**व्यवधान**)...

विपक्ष के नेता (श्री मल्लिकार्जुन खरगे) : सर, एक मिनट।

---

*Expunged as ordered by the Chair.

श्री प्रकाश जावडेकर : हाँ, आप मेरी speech खत्म होने के बाद बताइए।

श्री मल्लिकार्जुन खरगे : एक मिनट। जावडेकर जी, आप गलत interpretation मत करिए। अगर आपको दोबारा मंत्री बनना है, तो आपका भाषण सुनने के बाद वे बनाएँगे।

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI BHUBANESWAR KALITA): Khargeji, don't make personal comments.

श्री मल्लिकार्जुन खरगे : मैंने यह कहा था कि जो 'Food Security Act' लाया गया, उसके बारे में बहुत discussion होने के बाद, जो UPA Chairperson हैं, सब पार्टीज़ को मिला कर वे उसकी Chairperson हैं, जैसे आपके यहां NDA है। हम सभी ने मिल कर उस पर सोचा, उसके बाद हमारी Chairperson ने यह कहा कि इसकी आवश्यकता है। उनके कहने के बाद सभी लोगों ने उस पर सोचा और मनमोहन सिंह जी ने प्राइम मिनिस्टर होते हुए उसको इम्प्लिमेंट किया, मैंने यह कहा था। क्या मैंने यह कहा कि रोज़ उठकर बोलते हैं, रोज़ सुनते हैं? ...(**व्यवधान**)... यह गलत बात आप मत करिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री प्रकाश जावडेकर: खरगे जी, आप बैठिए। ...(**व्यवधान**)... खरगे जी, मैंने आपका सम्मान किया और आपका कहना ...(**व्यवधान**)... एक मिनट ...(**व्यवधान**)... भाई साहब, उस 'Food Security Act' में आप केवल 9 राज्यों तक गए थे और आपके समय में सब्सिडी केवल 80,000 करोड़ रुपये थी। आज Food Security and Public Distribution System देश भर में लागू हो गया है और 1,80,000 करोड़ रुपये उसकी सब्सिडी है। ...(**व्यवधान**)... भाई साहब, पिछले चुनाव में मैं तीन महीने तक मणिपुर में रहा। पहले दिन ही मैंने लोगों से बात की, तो लोगों ने कहा कि सर, हम मोदी जी को अपना मत देंगे। ...(**व्यवधान**)... जब मैंने उनसे पूछा कि क्यों देंगे, तो वे बोले कि मोदी जी को वोट इसलिए देंगे क्योंकि उन्होंने हमें तीन रुपये में भरपूर चावल दिया। We are happy. यह मणिपुर के मतदाताओं की भावना थी। पिछले 19 महीनों में हमने 2,60,000 करोड़ रुपये खर्च करके फ्री राशन दिया है। सदस्य, श्री दिग्विजय सिंह जी बोल रहे थे, आप उनका भाषण देख लीजिए। उन्होंने कहा कि सब्सिडी कम हुई है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि सब्सिडी कम नहीं हुई है, बल्कि सब्सिडी में जो चोरी होती थी, वह खत्म हुई है, हमें यह समझना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... सब्सिडी ज्यादा हुई है। ...(**व्यवधान**)... सब्सिडी ज्यादा हुई है, यह फैक्ट है। ...(**व्यवधान**)... मैं सच्ची बातें बता रहा हूं, देखिए, आपको अपनी गिरेबान में झांक कर देखना पड़ेगा कि आप जनता से क्यों कट गए? ...(**व्यवधान**)... भाई, मेरी भी आपके प्रति रिस्पेक्ट है। मैं कभी ऐसी-वैसी बात नहीं करता, मुद्दे की बात करता हूं। ...(**व्यवधान**)... मुद्दे की बात यह है कि इस देश को समझने में आपने गलती की।

महोदय, अभी आनन्द शर्मा जी यहां नहीं हैं, लेकिन उन्होंने ज्योति के बारे में बात कही। मैं उनको कहना चाहता हूं कि ज्योति merge नहीं होती, ज्योति से ज्योति जलती है। 'ज्योति से ज्योति जलाते चलो', यही अपनी संस्कृति है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि जहां आपने

'अमर जवान ज्योति' जलाई थी, उसकी पूरे देश ने रिस्पेक्ट की, लेकिन 1971 की लड़ाई में जो सैनिक शहीद हुए थे, उनके नाम वहां पर नहीं थे। अब 26,000 सैनिकों के नाम War Memorial में हैं, जिन्होंने देश के लिए बलिदान किया था। हर देश में एक ही War Memorial होता है और उसी में ज्योति होती है, वहीं शहीद सैनिकों के नाम भी होते हैं और उसी में सेना का आदर भी होता है। मुझे आश्चर्य हुआ, आनन्द शर्मा जी ने अभी कहा कि 'ऐ मेरे वतन के लोगो' कितना भी अच्छा गीत है, वह 29 जनवरी को, Beating the Retreat में बजाया गया। इस पर आप इतना चिढ़ क्यों गए? इतनी टिप्पणियां क्यों होने लगीं? हमने 'ऐ मेरे वतन के लोगो' गीत ही बजाया, 'Abide With Me' नहीं बजाया। ...(**व्यवधान**)...

एक माननीय सदस्य : वह बापू के साथ जुड़ा हुआ है।

श्री प्रकाश जावडेकर : लेकिन 'ऐ मेरे वतन के लोगो' पूरे देश के साथ जुड़ा हुआ है और गांधी जी भी देश से ही प्यार करते थे। इसलिए आज जनता से आप क्यों कट रहे हैं, जनता की नज़र से क्यों उतर गए हैं, इसके लिए आत्मावलोकन करिए, तभी आपको डेमोक्रेसी में स्थान मिलेगा। नहीं तो, हम तो जनता के कल्याण में चल ही रहे हैं और आगे भी सरकार ऐसे ही काम करेगी। आज मैं इतना ही कहूंगा, सबका बहुत-बहुत धन्यवाद।

उपसभाध्यक्ष (श्री भुबनेश्वर कालिता) : धन्यवाद, श्री रामदास अठावले जी।

सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले): महोदय, राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर सभी पार्टीज़ के लोग अपने-अपने विचार रख रहे हैं और मैं भी, जो मेरी आर.पी.आई. पार्टी है, जो बाबा साहेब अम्बेडकर जी द्वारा स्थापित की हुई पार्टी है, इस पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति जी के अभिभाषण को सपोर्ट करने के लिए खड़ा हुआ हूं। यह अभिभाषण देश के विकास के लिए है, यह अभिभाषण समाज को जोड़ने के लिए है, सभी पार्टियों को साथ लेकर देश का विकास करने के लिए यह अभिभाषण है। लोकतंत्र में अलग-अलग पार्टियां होती हैं, एक-दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप भी लगते हैं, लेकिन उसके बावजूद भी हम सब एक हैं। इसी तरह की भूमिका अभी यहां श्री आनन्द शर्मा जी ने रखी, वे कांग्रेस के नेता हैं। मैं भी कांग्रेस पार्टी के साथ कई सालों तक रहा हूं और मुझे कांग्रेस पार्टी का अनुभव है। अब बीजेपी का भी मुझे अनुभव है। सभी पार्टियों के साथ मेरे संबंध अच्छे हैं और लोकतंत्र में संबंध अच्छे रखने चाहिए। हमारे खरगे साहब को कांग्रेस ने अपोज़िशन लीडर बनाया, मैं उन्हें बधाई देता हूं, लेकिन जब कर्णाटक में उनको मुख्य मंत्री बनाने का मौका आया था, तब उन्हें मुख्य मंत्री नहीं बनाया, जबकि उन्हें मुख्य मंत्री बनाने की आवश्यकता थी।

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए*)

आपने उन्हें अपोज़िशन लीडर बनाया, ठीक है। ...(**व्यवधान**).. लेकिन वे इतने capable थे।

श्री उपसभापति : माननीय अठावले जी, आपको राष्ट्रपति जी के मोशन ऑफ थैंक्स पर बोलना है, आप उस पर बोलिये।

श्री रामदास अठावले : खरगे साहब हमारे दलित समाज के बहुत एक्टिव लीडर हैं, चाहे वे कांग्रेस में हों और मैं आरपीआई में हूं, लेकिन फिर भी हमारी मित्रता है। उन्होंने गुलबर्ग में एक बहुत बड़ा बुद्धिस्ट सेंटर भी खड़ा किया है। उनके प्रति मेरा बहुत आदर है। इसीलिए जब उन्हें मौका मिला था, तब उन्हें मुख्य मंत्री नहीं बनाया, इन्होंने मुझे भी मंत्री नहीं बनाया, इसीलिए मैंने कांग्रेस को छोड़ दिया। यानी आपको भी छोड़ना चाहिए था, लेकिन आपने नहीं छोड़ा। अभी आनन्द शर्मा जी ने राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलते हुए कहा है कि देश सबका है। जब देश सबका है तो भारत देश के सभी लोगों को एक साथ आगे बढ़ना चाहिए। बाबा साहेब अम्बेडकर जी का कहना था कि देश में दो ही पार्टीज़ होनी चाहिए, एक कांग्रेस पार्टी और दूसरी रिपब्लिकन पार्टी। बाबा साहेब ने कोशिश की थी कि केवल दो पार्टी ही होनी चाहिए, लेकिन अभी बहुत सारी पार्टियां हैं। माननीय नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में देश का विकास करने का काम हम लोग कर रहे हैं। आप लोगों ने भी काम किया है, लेकिन जो आपके अधूरे काम थे, वे हमने पूरे किये, तभी लोगों ने नरेन्द्र मोदी जी को भारी बहुमत, यानी 282 सीटों से वर्ष 2014 में सत्ता में बैठाया, 2019 में 303 सीटों के साथ सत्ता में बैठाया, अब 2024 में 404 सीटों के साथ सत्ता में बैठायेंगे, यानी यह आंकड़ा बढ़ता ही जाएगा। जिस तरह से हमारा आंकड़ा बढ़ता जाएगा, वैसे ही आपका आंकड़ा कम होता जाएगा। मेरा कहने का मतलब यह है कि लोकतंत्र में लोग ऐसा ही करते हैं। मैं आपको बताना चाहता हूं कि यह केवल राष्ट्रपति जी का अभिभाषण नहीं हैः

"यह मोदी जी की सरकार के विकास का अरसा है,
उसमें अनेक योजनाओं का बारिश बरसा है,
हरियाणा में सिरसा है,
आदिवासियों का नेता मुंडा बिरसा है।"

इसलिए सभी जातियों को जोड़ने का काम हम लोग कर रहे हैं। बाबा साहेब अम्बेडकर जी का भी जिक्र किया गया है। बाबा साहेब अम्बेडकर जी ने देश को जोड़ने की बात कही है, बाबा साहेब ने जातिवाद को खत्म करने की बात बताई है। महात्मा गांधी जी ने भी जातिवाद को खत्म करने के लिए बहुत कोशिश की थी और कांग्रेस पार्टी को भी जातिवाद खत्म करने का मौका मिला था, लेकिन वह मौका आपने छोड़ दिया, इसीलिए लोगों ने आपको छोड़ दिया।

श्री उपसभापति : माननीय मंत्री जी, अब आप कन्क्लूड करें।

श्री रामदास अठावले : जब आपके पास सत्ता थी, तब आपने इस तरह का काम किया था। जब आपने अच्छा काम किया था, तब आपको लोगों ने सत्ता में बैठाया, जब गलत काम किया, तो लोगों ने हमें सत्ता में बैठाया। लोकतंत्र में ऐसा होता रहता है।

श्री उपसभापति : माननीय मंत्री जी, आप कन्क्लूड करिये। आपके पास जो समय था, उस समय में आपने ऑलरेडी पांच मिनट बोल लिया है। अब आप खत्म करिये, दूसरे माननीय सदस्य को भी बोलना है।

श्री रामदास अठावले : मैं बताना चाहता हूं कि:

'एनडीए सरकार को मत दो गाली,
नरेन्द्र मोदी जी तो हैं सबके वाली,
कांग्रेस की आ गई है रात काली,
कांग्रेस वालो, हमको दे दो ताली।'

MR.DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude.

श्री रामदास अठावले : उपसभापति महोदय:

'नरेन्द्र मोदी जी के कारण दलित राष्ट्रपति बना,
ऊंचा हो गया, सारे दलितों का सीना,
देश का विकास नहीं हो सकता है मोदी जी के बिना,
मोदी जी की सुविधाओं से अच्छा हुआ है सभी का जीना।'

उपसभापति महोदय, इसलिए हम सब लोग आगे बढ़ेंगे, आपका भी साथ हमें चाहिए। आप उधर ही रहो, हम तो इधर हैं ही और आपके साथ से ही हम आगे भी बढ़ेंगे। लोकतंत्र में अपोज़िशन होता ही है, अपोज़िशन तगड़ा होना चाहिए लेकिन उतना तगड़ा नहीं बन पा रहा है।

'अपोज़िशन तगड़ा होना चाहिए,
लेकिन अपोज़िशन नहीं है तगड़ा,
इसीलिए हो रहा है झगड़ा।'

मैं, इसलिए इस अभिभाषण का समर्थन करता हूं। आनन्द शर्मा जी, अगर आप हमारे साथ आते हैं, तो बहुत अच्छी बात है। आपने बोला है कि हम सब लोग मिलकर आगे बढ़ेंगे, आप तो उधर हैं, उधर ही रहें, लेकिन अगर उधर रहेंगे तो कुछ नहीं मिलने वाला है।

श्री उपसभापति : माननीय अठावले जी, प्लीज़। श्री राकेश सिन्हा।

श्री रामदास अठावले : आपने अच्छी भूमिका रखी है, लोकतंत्र में अपोज़िशन की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। अपोज़िशन को साथ लेकर मोदी जी आगे बढ़ेंगे। इसी के साथ मैं इन सारी बातों का समर्थन करता हूं, धन्यवाद।

श्री राकेश सिन्हा (नाम निर्देशित)ः माननीय उपसभापति महोदय, संसदीय जनतंत्र में एक अवसर होता है कि महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर हम एक आम सहमति की ओर संवाद को स्थापित करें। राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में देश की जो तस्वीर दी गई है, वह तस्वीर यदि यथार्थ पर नहीं है, तो आप उस पर सवाल खड़ा कर सकते हैं, लेकिन यथार्थ को भी जब झुठलाने का कार्य करते हैं, तो मुझे लगता है कि विपक्ष का misinformation से upgrade होकर disinformation हो गया है। सदन में बैठकर आप देश के लोगों को बरगलाने का काम मत कीजिए। हम 'अमृत महोत्सव' मना रहे हैं, मैं इस विषय पर जाना नहीं चाहता था, लेकिन माननीय आनन्द शर्मा जी और उसके पहले विपक्ष के नेता माननीय खरगे जी और उसके भी पहले दिग्विजय सिंह जी ने 'अमृत महोत्सव' की चर्चा करते हुए देश के कुछ महापुरुषों का नाम लिया और हमें कहा कि वे अब आपको याद आ रहे हैं, तो मैं इतिहास के उन पिटारों को खोलना चाहता हूं, जिन पिटारों को मार्क्सवादी, नेहरूवादी इतिहासकारों ने बंद करके रखा था।

उपसभापति महोदय, 10 मार्च, 1965 का दिन था, लोक सभा में श्री एच.पी.कामथ और श्री प्रकाशवीर शास्त्री, दोनों ही संविधान सभा के सदस्य थे और लोक सभा के भी सदस्य थे। उन सहित 16 सदस्यों ने एक सवाल खड़ा किया। यह सवाल देश को जानना चाहिए, क्योंकि यह देश के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण पक्ष है। क्योंकि जो hegemony हिस्ट्री में स्थापित की गई थी, उसकी counter-hegemony रचनात्मक रूप से कैसे शुरू हो रही है, यह इसकी दास्तान बताती है। 10 मार्च, 1965 को 16 सदस्यों के सवाल में था कि देश की राजधानी दिल्ली में महात्मा गांधी जी और सुभाष चन्द्र बोस जी के स्टेच्यू को लगाने के लिए सरकार ने क्या फैसला लिया है। उक्त वक्त के गृह मंत्री श्री गुलजारी लाल नंदा जी ने उसका जवाब देते हुए कहा कि हमने महात्मा गांधी जी के स्टेच्यू को लगाने का फैसला किया है। महोदय, हम सब जानते हैं कि श्री एन. जी. रंगा जी का संसदीय जनतंत्र और स्वतंत्रता संग्राम में क्या महत्व रहा है। इस बात पर एन.जी. रंगा जी उठे और उन्होंने तीन पंक्तियां कहीं, जो देश को सुननी चाहिए - "What about other name? It is so unspeakable that the hon. Minister is not prepared to mouth it." वह दूसरा नाम क्या है? क्या वह नाम बोलने लायक भी नहीं है कि एक ऑनरेबल होम मिनिस्टर उस नाम को ले भी नहीं रहे हैं? उन्होंने अंतिम पंक्ति जो कही, उस पंक्ति का उत्तर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 23 जनवरी, 2022 को दिया। उन्होंने पूछा, "What is the big idea?" सरकार से यह पूछा कि बोस का नाम नहीं लेने के पीछे बड़े विचार क्या हैं? अभी आनन्द शर्मा जी ने एक और बात कही थी कि सुभाष चन्द्र बोस दो-दो कांग्रेस के अध्यक्ष रहे थे, हरिपुरा कांग्रेस में 1930 में जीत कर आए और 1939 में त्रिपुरी कांग्रेस में जीत कर गए। मैं एक घटना का जिक्र करना चाहता हूँ। इतिहास दोधारी तलवार होती है। यदि आप इतिहास के साथ चलते हैं, यथार्थ के साथ चलते हैं, तो इतिहास आपको सम्बल देता है और यदि आप इतिहास को झुठलाते हैं, दुष्प्रचार का सहारा लेते हैं, तो इतिहास आपके खिलाफ ही एक हथियार बन जाता है। 'The Servant of India', जो पुणे से प्रकाशित होता था, जिसको श्री गोखले जी ने शुरू किया था, मैं उस अखबार को क्वोट करता हूँ। 1939 में त्रिपुरी कांग्रेस में सुभाष चन्द्र बोस बीमारी के बावजूद पहुँचे। उस समय वे बहुत बीमार थे और अस्पताल में भर्ती थे। 'The Servant of India' ने लिखा कि एक बड़ी संख्या के डेलिगेट्स ने

उनको मंच पर जाने से रोका। उन्होंने क्या कह कर रोका? रोकना महत्वपूर्ण नहीं था, बल्कि यह महत्वपूर्ण था कि उनको क्या कह कर रोका गया। उपसभापति महोदय, यह इतिहास की ऐसी घटना है, जो इतिहास की पुस्तकों में आनी चाहिए, हमारी नई पीढ़ी को जाननी चाहिए। उन डेलिगेट्स ने पूछा कि ये 104 डिग्री फीवर की जो बात कही जा रही है, यह असत्य है। उस समय के मुम्बई के हेल्थ मिनिस्टर डॉक्टर थे। डेलिगेट्स की डिमांड पर उनके सामने सुभाष चन्द्र बोस जी के बुखार को चेक किया गया, फीवर चेक किया गया और जब उन्होंने मंच से यह घोषणा की कि सुभाष चन्द्र बोस जी को 104 डिग्री फीवर है, तब वे स्टेज पर गए। मैं बाकी बातें नहीं कहना चाहता हूँ कि उन्होंने त्रिपुरी कांग्रेस से क्यों इस्तीफा दिया, लेकिन 23 जनवरी, 2022 को इंडिया गेट पर प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने सुभाष चन्द्र बोस की प्रतिमा को लगाया, वह सिर्फ एक प्रतिमा नहीं है। हम इतिहास में किसी को छोटा नहीं कर रहे हैं, बल्कि हम इतिहास को सर्व-समावेशी बना रहे हैं और यह सर्व-समावेशी आपको पसंद नहीं है।

उपसभापति महोदय, मैं जर्मनी की एक घटना बताना चाहता हूँ। हम सब जानते हैं Bismarck पर्शिया के थे और जर्मनी के फादर माने जाते हैं, 'Founder of Germany' माने जाते हैं। जब जुलाई, 1898 में Bismarck की मृत्यु हुई थी, तो Bismarck को State funeral नहीं दिया गया था। उनके tomb पर यह पंक्ति लिखी गई, "Bismarck, a loyal German servant of Kaiser Wilhelm-I", not II. जब देश का समाज विखंडित होता है, fractured होता है, तो हमारे महापुरुष भी बँट जाते हैं। यही कारण है कि सरदार पटेल के statue को जब गुजरात में लगाया गया, तब आपको लगा कि आप हमारे महापुरुषों को छीन रहे हैं। हम किसी के महापुरुष को नहीं छीन रहे हैं। हम भारतीय जनता पार्टी और आप काँग्रेस पार्टी हो सकते हैं, लेकिन देश हम दोनों का है, महापुरुष हम सबके हैं। हम जाति, धर्म, भाषा और दल के आधार पर महापुरुषों को नहीं बाँट सकते हैं, इसलिए Bismarck की जो यह प्रवृत्ति भारत के इतिहास में आई है, जो Wilhelm-II ने Bismarck के साथ किया था, वह आपने सिर्फ Bismarck के साथ नहीं, बल्कि वे आपने अपने ही बीच के उन लोगों के साथ भी किया, फिर चाहे वे बोस हों या सरदार पटेल हों।

उपसभापति महोदय, मैं इस सदन में इस घटना की याद दूसरी बार दिला रहा हूँ, पहली बार मैंने बोला था, मैं बोलना नहीं चाहता था, लेकिन आज मैं इस सदन को बताना चाहता हूँ कि श्यामजी कृष्ण वर्मा एक महान क्रान्तिकारी थे, 1930 में उनकी मृत्यु हुई। वे लंदन से पेरिस, पेरिस से जेनेवा गए, चूँकि साम्राज्यवाद विरोधी आन्दोलन के कारण साम्राज्यवादी उनका पीछा करते रहे। जब जेनेवा में उनका निधन हुआ, तब अपने निधन से पहले उन्होंने एक will लिखी थी, अपना इच्छा-पत्र लिखा था कि मेरी मृत्यु के बाद भारत के स्वतंत्र होने पर मेरे अस्थि भस्म को भारत ले जाया जाए। उनका 1930 में देहावसान हुआ, 1947 में देश आज़ाद हुआ, उनके अस्थि भस्म को लाने का काम किसने किया? वर्तमान प्रधान मंत्री और तब गुजरात के मुख्य मंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने 2003 में जेनेवा से उनके अस्थि भस्म को लाने का काम किया, इसलिए मैं अब सदन को बता देना चाहता हूँ कि यह 'अमृत महोत्सव' मनाना हमारा कर्मकांड नहीं है। हम इतिहास को जीवित कर रहे हैं, इतिहास को पुनर्जीवित कर रहे हैं, इतिहास को सर्वसमावेशी बना रहे हैं। आपने जो

इतिहास लिखा, उसके बारे में 'गीतांजलि' में रबीन्द्रनाथ टैगोर जी ने जो लिखा था, मैं उन चार पंक्तियों को पढ़ना चाहता हूँ। आप समझ जाएं कि वे पंक्तियाँ किनके लिए हैं और क्यों हैं?

"अपने झूठे महत्व की रक्षा करते हुए मैं केवल अपनी लघुता दिखाता हूँ।
अपनी ही परिक्रमा करते-करते मैं प्रतिक्षण क्षीण-जर्जर होता जाता हूँ।"

इस इतिहास के कारण कौन जर्जर हो रहा है, इतिहास में कौन अपनी परिक्रमा करता रहा है, आज हम उस इतिहास को बदल रहे हैं और नरेन्द्र मोदी जी 'अमृत महोत्सव' मनाकर उस आधिपत्यवादी इतिहास में एक महत्वपूर्ण सुधार की ओर कदम बढ़ा चुके हैं।

एक माननीय सांसद : इतिहास बदला नहीं जाता। ...(**व्यवधान**)...

श्री राकेश सिन्हा : उपसभापति महोदय, विपक्ष एक बड़ी बात कहने के लिए आगे आया। हम पर लोकतंत्र पर प्रहार करने का बार-बार आरोप लगता रहा। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : प्लीज़, सीट पर बैठकर न बोलें। ...(**व्यवधान**)...

श्री राकेश सिन्हा : इस लोकतंत्र पर प्रहार करने की बात जो करते हैं, वे सत्ता में दशकों तक रहे। मैं उन सभी दशकों का एक-एक नमूना देना चाहता हूँ। पहले मैं 1970 के दशक का नमूना देता हूँ। जब Quit India Movement चल रही थी, तब इस देश में Lord Linlithgow थे। उस समय सिर्फ 7,838 भारतियों को गिरफ्तार किया गया और जब आपातकाल लागू हुआ, तब सिर्फ MISA के अंतर्गत ही 36,039 लोगों को गिरफ्तार किया गया। MISA के अंतर्गत पूरे देश से दो लाख लोग गिरफ्तार हुए। भवानी प्रसाद मिश्र जी एक बहुत बड़े कवि हैं, जिनकी प्रतिष्ठा है, वे किसी विचार और दल से जुड़े हुए नहीं हैं। उनका विचार और दल लोकतंत्र था। उन्होंने एक कविता लिखी थी। आप वह कविता सुन लीजिए, कविता का अर्थ आप समझ जाएंगे।

"बहुत नहीं थे सिर्फ चार कौए थे काले,
उन्होंने तय किया कि सारे उड़ने वाले
उनके ढंग से उड़ें, रुकें, खायें और गायें
वे जिसको त्योहार कहें सब उसे मनाएं।
कभी-कभी जादू हो जाता है दुनिया में
दुनिया भर के गुण दिखते हैं औगुनिया में
ये औगुनिए चार बड़े सरताज हो गये
इनके नौकर चील, गरुड़ और बाज हो गये।"

एक भारत के साहित्यकार ने आपातकाल की परिस्थितियों का ज़िक्र करते हुए जो कहा, वह चील, गरुड़ और बाज किन्हें कहा? वे चार काले कौए किन्हें कहा? आप इतिहास में

आत्मलोचन कीजिए। आपातकाल के बाद, 70 के बाद 80 के दशक में राजीव गाँधी जी प्रधान मंत्री हुए। उनके प्रति मेरा आदर का भाव है, लेकिन 1988 में Anti-Defamation Bill लाने के पीछे क्या उद्देश्य था? उपसभापति महोदय, आप समाजवादी विचारधारा से आते हैं। आपने अपने जीवन में समाज के एक बड़े स्तम्भ के रूप में काम किया है। संभवतः 1988 में आपने भी उसके खिलाफ आवाज उठाई थी और उठाई ही होगी। यह देश एक साथ खड़ा हो गया। Anti-Defamation law के द्वारा हिन्दुतान की तमाम प्रेस को एक पिंजरे में बंद करने की साज़िश थी। उसी दौरान, जब बिहार में मुख्यमंत्री जगन्नाथ मिश्र जी थे, तब उन्होंने बिहार प्रेस बिल लाने का काम किया। भारत की जनता ने अपनी ताकत से सरकार को दोनों को वापस लेने के लिए बाध्य कर दिया। 80 के दशक से पहले जब आप 60 के दशक में थे, तब गौहत्या विरोधी आंदोलन चल रहा था। गौहत्या विरोधी आंदोलन के समय स्वामी शंकराचार्य ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : प्लीज़, प्लीज़ सीट पर बैठकर न बोलें। ...(**व्यवधान**)... माननीय एलओपी कुछ कहना चाहते हैं।

श्री मल्लिकार्जुन खरगेः सर, मैं interfere नहीं करना चाहता था। मैं यह सुनना चाहता था कि President of India के अभिभाषण पर वे रोशनी डालेंगे, लेकिन मुझे यह मालूम नहीं था कि कांग्रेस का इतिहास पढ़कर सेमिनार में बोलने जैसा वे यहाँ बोलेंगे। उसके लिए हम अलग से उत्तर देंगे। आपने क्या किया है, आपकी सरकार ने क्या किया है, आप उसके बारे में बोलिए। जहाँ तक आपने श्री वल्लभभाई पटेल की बात की, अगर सबसे पहले उनका ऊँचा स्टैच्यू कहीं लगाया गया, तो वह गुलबर्ग में लगाया गया है। ...(**व्यवधान**)...

श्री राकेश सिन्हा : देखिए, आप संसदीय जनतंत्र का हनन मत कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री मल्लिकार्जुन खरगे : आप सुनिए। ...(**व्यवधान**)... देखिए, अगर आप व्यक्तिगत जाएँगे -- अगर इनको बहुत ज्ञान है, तो जब कहीं हमारी कोई कॉन्फ्रेंस होगी, उस सेमिनार में इनको बुलाएँगे, वहाँ पर ये अपना लेक्चर दें। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : मेरा सभी माननीय सदस्यों से आग्रह है कि आप बोलते वक्त ध्यान रखें, एक-दूसरे को धैर्य से सुनें और वैसा ही बोलें, जो एक-दूसरे की बात आपमें सुनने की क्षमता है। ...(**व्यवधान**)...प्लीज़। राकेश जी, आप बोलिए।

श्री राकेश सिन्हाः उपसभापति महोदय, मैंने 50 और 60 के दशकों का लोक सभा और राज्य सभा का पूरा विमर्श पढ़ा है। एक से एक आलोचनाएँ हुई हैं, किसी ने एक पर आवाज़ नहीं उठाई है। संसदीय जनतंत्र में सदस्य को अपने अनुसार बोलने का मौका और अवसर होता है, कृपया उसका गला मत घोंटिए। आपको सदन से बाहर और सदन के भीतर संसदीय जनतंत्र का गला घोंटने की आदत है। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ..*(Interruptions)*... Please address the Chair. ...*(Interruptions)*... Please, please. ...*(Interruptions)*... आप चेयर को एड्रेस कीजिए और अपनी बात कहिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री राकेश सिन्हा : उपसभापति महोदय, विपक्ष के नेता और आनन्द शर्मा जी, दोनों ने चीन की बात कही थी। मैं इस पर थोड़ा सा प्रकाश डालना चाहता हूँ। 2008 में कांग्रेस पार्टी के नेता * और चीन में कम्युनिस्ट पार्टी के नेता श्री जिनपिंग ने ...(**व्यवधान**)...

SHRI ANAND SHARMA: Sir, I have a point of order to make. The hon. Member should read the rules. Shri * is a Member of Lok Sabha. You cannot talk about a Member of another House who is not present here to give you the answer. ...*(Interruptions)*... You are spreading disinformation here. ...*(Interruptions)*... Let him give you a befitting reply. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, माननीय आनन्द जी। We will examine it. ...*(Interruptions)*... Please continue.

श्री राकेश सिन्हा : उपसभापति महोदय, मैं किसी का नाम ...(**व्यवधान**)... इतिहास के तथ्य को रखने के लिए ...(**व्यवधान**)... आनन्द शर्मा जी, इतिहास के तथ्य को रखने के लिए किसी का नाम लेना गैर-वाजिब नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री आनन्द शर्मा : यह इतिहास का तथ्य नहीं है। ...(**व्यवधान**)...

श्री राकेश सिन्हा: यह किसका तथ्य है? ...(**व्यवधान**)... मैं आपको उत्तर देता हूँ। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : कृपया आपस में संवाद न करें। ...(**व्यवधान**)...

श्री राकेश सिन्हा : आपको उस नाम से ...(**व्यवधान**)... मैं उनका नाम नहीं लेकर कहता हूँ कि कांग्रेस पार्टी और कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना के बीच एक समझौता हुआ था। ...(**व्यवधान**)...कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ चाइना और कांग्रेस पार्टी के बीच में ...(**व्यवधान**)...

SHRI ANAND SHARMA: I think if this goes on, let him produce here a complete list of all the delegations. आप इस बात को मत शुरू कीजिए, आपकी सरकार के ...(**व्यवधान**)...

श्री राकेश सिन्हा : सर, आप बोल चुके हैं, मुझे बोलने दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

MR. DEPUTY CHIARMAN: Please. *...(Interruptions)...* Please, let him speak. ..(Interruptions)... Please. *...(Interruptions)...*

श्री राकेश सिन्हा : सर, इन्होंने मेरा तीन मिनट समय ले लिया। ...(व्यवधान)...

श्री उपसभापति : कृपया आपस में ऐसे संवाद न करें। ...(**व्यवधान**)... No, I am not allowing, Mr. Anand Sharma. *...(Interruptions)...* No....*(Interruptions)...* Anandji, no. *...(Interruptions)...* Mr. Rakesh Sinha, please conclude. *...(Interruptions)...* केवल आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जा रही है, आप बोलें। ...(**व्यवधान**)...

श्री राकेश सिन्हा : सर, इन्होंने मेरा तीन मिनट का समय ले लिया। ...(**व्यवधान**)..

श्री उपसभापति : केवल आपकी बात ही रिकॉर्ड पर जा रही है, आप बोलें। ...(**व्यवधान**).. अगर आप लोग आपस में बात करेंगे ...(**व्यवधान**)... प्लीज़, मैं आप सबसे निवेदन कर रहा हूँ। ...(**व्यवधान**)...प्लीज़। ...(**व्यवधान**)...

श्री राकेश सिन्हा : उपसभापति महोदय, ...(**व्यवधान**)... देश के सामने से आप उस तथ्य को झुठलाना चाहते हैं, छिपाना चाहते हैं। ...(**व्यवधान**)... वह तथ्य न छिपेगा, न छिपाया जा सकता है। ...(**व्यवधान**).. 2008 में कांग्रेस पार्टी और चाइनीज़ कम्युनिस्ट पार्टी के बीच एक समझौता हुआ। अब आदान-प्रदान के लिए यदि चीन शत्रुता कर रहा है, तो आपने उस समझौते को कब तोड़ा, यह पूरे देश को बताइए। ...(**व्यवधान**)... आप पूरे देश को बताइए, 2008 में बीज़िंग में बैठकर समझौता हुआ था, written Agreement हुआ था। ...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : आप लोग आपस में संवाद मत कीजिए। ...(**व्यवधान**)...

श्री राकेश सिन्हा : उपसभापति महोदय, मैंने आज तक कांग्रेस पार्टी के मैनिफेस्टो में यह शब्द नहीं देखा कि 1962 में चीन ने जो 48,000 वर्ग किलोमीटर जमीन ली थी, जिसके बारे में मैं कहता हूँ - "देश न हारी, फौज न हारी, 1962 में हारी थी सरकार हमारी।" उस 48,000 वर्ग किलोमीटर जमीन के बारे में आपने अपने मैनिफेस्टो में कब चर्चा की, आप देश को बताइए। ...(**व्यवधान**)...

DR. VINAY P. SAHASRABUDDHE (Maharashtra): Sir, I have a point of order under Rule 235(2). It has been clearly mentioned. We have been listening to the speeches of hon. Members quite patiently, and, repeatedly, there are interruptions from certain Members. Sir, you will have to exert your powers. I mean, this cannot go on in this way. We are here for a serious debate, Sir. *...(Interruptions)...*

श्री उपसभापति : माननीय सहस्रबुद्धे जी, प्लीज़।

DR. VINAY P. SAHASRABUDDHE: Rule 235(2) says that 'While the Council is in sitting, a Member shall not interrupt any Member while speaking by disorderly expression or noises or in any other disorderly manner.'

1.00 P.M.

श्री उपसभापति : धन्यवाद विनय जी। मेरा सभी माननीय सदस्यों से शुरू के दिन से यह आग्रह है, इधर-उधर और बीच में बैठे सभी लोगों से आग्रह है कि कृपया राज्य सभा के रूल्स का पालन करें। माननीय राकेश जी, आपका समय समाप्त होने वाला है, आप अपनी बात बोलें।

श्री राकेश सिन्हा : महोदय, मैं विदेश नीति के संदर्भ में एक बात और कहना चाहता हूं। हम सभी दल इस देश के लिए हैं, कोई भी दल इस देश का शत्रु नहीं है, लेकिन हम सभी दलों को यह सोचना चाहिए कि एक शब्द बोलने में, एक शब्द उद्धृत करने में इस देश की संप्रभुता पर क्या असर होता है। मैंने वर्ष 2008 की बात बताई तो विपक्ष में तिलमिलाहट हो गई। महोदय, Lancet एक पत्रिका है, जो 175 साल पुरानी पत्रिका है और मेडिकल की एक प्रतिष्ठित पत्रिका है, लेकिन वर्ष 2002 से उसमें परिवर्तन हुआ, 8 मई, 2020 को उसके एक editorial को काँग्रेस ने ट्वीट किया। जब भारत में कोविड को लेकर प्रयास चल रहा था, तब उस Lancet पत्रिका में तीखी आलोचना की गई थी, सरकार को टारगेट किया गया था। आपको अधिकार था, Lancet को उद्धृत करना कोई बुरी बात नहीं है, लेकिन आपको उसका इतिहास कुरेदना चाहिए, पार्टी सेक्रेटेरिएट को यह देखना चाहिए कि यह Lancet क्या है, क्या यह सिर्फ मेडिकल की पत्रिका है? वर्ष 2010 में चीन ने Lancet पत्रिका में hundred million dollar का investment किया था। उसकी साउथ एशिया की एडिटर Dr. Helena Wang बनीं, जो चीन की हैं। Dr. Helena Wang editorial लिखती हैं। चीन की नागरिक और चीन का पैसा Lancet को राजनीतिक रूप दे रहा है। चीन का जो Belt and Road Initiative है, उसके द्वारा चीन 65 देशों में प्रवेश करके उनकी 70 परसेंट ऊर्जा पर कब्ज़ा करना चाहता है, आप उस Lancet को उद्धृत करते हैं। अगर मोदी जी की आलोचना करनी है तो बहुत से अवसर हैं, बहुत सारी बातें हैं, उसके लिए Lancet के पास जाने की क्या ज़रूरत है? आप हमारी सरकार को जो कहना चाहते हैं - आप प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से चीन की गोद में जाकर बैठ जाते हैं और चीन के propaganda mechanism बन जाते हैं, आप ऐसा मत कीजिए।

उपसभापति महोदय, आपने भाई रघु वीरा का नाम सुना होगा। उन्होंने वर्ष 1959-1960 में कांग्रेस से इसलिए इस्तीफा दिया था कि वे नेहरू जी की चीन की नीति से असहमत थे। भारतीय जनसंघ ने उनको अध्यक्ष बनाया। चीन क्या, दुनिया का कोई भी देश भारत की एक इंच भूमि पर कब्ज़ा नहीं कर सकता है। जहां नरेन्द्र मोदी जी की सरकार है, नरेन्द्र मोदी जी का महत्व सिर्फ

इस देश के लिए ही नहीं है। पहली बार विदेश नीति में मोदी जी वर्ष 2014 में जापान गए।...(**व्यवधान**)...

श्री उपसभापति : कृपया सीट पर बैठकर न बोलें।

श्री राकेश सिन्हा : जापान में एक सितम्बर, 2014 को उन्होंने भाषण देते हुए कहा कि 'The days of expansionism have ended.' विस्तारवाद का युग समाप्त हो चुका है। 3 जुलाई, 2020 को उन्होंने भारत-चीन सीमा पर जाकर ललकारा कि विस्तारवाद का युग नहीं, बल्कि विकासवाद का युग है। आज नरेन्द्र मोदी जी की इस नीति और इस हस्तक्षेप के कारण दुनिया के नेता, चाहे वे Biden हों, Macron हों, Johnson हों या Morrison हों, आज कोई भी नेता हो, चाहे वह चीन का नेता ही क्यों न हो, वे नरेन्द्र मोदी जी के महत्व को समझते हैं। भारत के इस बढ़ते हुए महत्व से आपको प्रसन्नता होनी चाहिए, लेकिन यह मोदी विरोध आपको इतना अंधा कर चुका है कि आप सत्य से भी बाहर जा रहे हैं।

उपसभापति महोदय, कांग्रेस जब अपनी बात रखती है, तो शहीदों की सीमाएं तीन-चार लोगों तक रुक जाती हैं। आप भगवान बिरसा मुंडा को भी याद कर लेते, जिस बिरसा मुंडा के नाम पर "जनजातीय गौरव दिवस" की इन्होंने घोषणा की। वह बिरसा मुंडा आज के समकालीन भारत की किसी जागृति, किसी विचारधारा के नहीं, वे भारत की विचारधारा का हिस्सा रहे थे। आपने उनको इतने सालों तक कहां रखा था? आपके समर्थन से झारखंड में जो सरकार चल रही है, उपसभापति महोदय, आप उसी झारखंड से आते हैं। वहां Hoffman के statue को लगा कर रखा है। आपकी हिम्मत है तो अपनी सरकार को कहिए कि वह Hoffman के statue को हटाए, जो Hoffman बिरसा मुंडा को मारना चाहता है। बिरसा मुंडा जी ने उस पर तीर चलाए और वह बच गया, उस बिरसा मुंडा की जान के पीछे पड़े हुए अंग्रेज़ के statue को आप झारखंड में लगाकर बिरसा मुंडा के बारे में बोलने का नैतिक अधिकार नहीं रखते। शहादत की सीमाओं को आप तीन-चार लोगों तक मत बांधिये। महोदय, गुरु तेगबहादुर जी का प्रकाश पर्व मनाया जाता है, गुरु तेगबहादुर जी की शहादत क्यों हुई? आपकी हिम्मत है तो इस पर प्रकाश डालिये। शहादत का कारण कौन थे, शहादत का कारण क्या था, उन्होंने शहादत क्यों दी, आपकी हिम्मत इस पर प्रकाश डालने की नहीं है, जिससे आपकी सर्वधर्म निरपेक्षता की कलई खुल जाती है। जब "वीर बाल दिवस" की घोषणा हुई तो क्या शहादत के इतिहास को आप उन तीन लोगों तक ही महिमामंडित करने के लिए रखेंगे? शहजादा फतेह सिंह जी, शहजादा जोरावर सिंह जी, इनके नामों का जब यह देश महिमामंडन करता है तो इनके नामों को इतिहास की किताब से बाहर रख कर आपने किसकी सेवा की थी? आप किस प्रकार का इतिहास पढ़ाना चाहते थे? जो 'अमृत महोत्सव' मनाया जा रहा है, वह 'अमृत महोत्सव' सामान्य नहीं है। इस 'अमृत महोत्सव' में हम कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक, चाहे उदा देवी एक दलित स्वतंत्रता सेनानी हों या जोरावर सिंह जी हों, सब के महत्व को हम स्वीकार कर रहे हैं। मैं अन्तिम बात कह कर अपनी बात समाप्त करूंगा।

श्री उपसभापति : माननीय राकेश सिन्हा जी, अब आप कन्क्लूड करिये।

श्री राकेश सिन्हा : बस, कन्क्लूड कर रहा हूं।

उपसभापति महोदय, सब्सिडी से लेकर सड़क तक आप आंकड़े देख लीजिए। 2014 से पहले आप कितने हाईवेज़ छोड़ कर गये थे और आज कितने हाईवे बन गये। कितने किसानों को आप डिजिटल ट्रांसफर्स देते थे, कितना हम दे रहे हैं। जब मोदी जी कहते हैं, 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' तो उसके पीछे जो दो बातें हैं, वे मैं बताना चाहता हूं। एक तमिल कवि ने कहा था: "*To us, all towns are one, all men are kin.*" It means that every village is my village and everyone is my relative. यह सबका साथ, सबका विश्वास है। नरेन्द्र मोदी जी का विरोध 2001 से लेकर लगातार आप करते आ रहे हैं। आपने क्या नहीं कहा, चाहे सदन में हो या सदन से बाहर हो, चाहे महामहिम राष्ट्रपति का अभिभाषण हो या कोई सभा हो, जिन शब्दों का बड़े लेकर छोटे नेता तक उपयोग करते हैं, उसमें मोदी जी निवात निष्कम्पमिव प्रदीम हैं, he is like a steady flame in an airless place. आपकी उस तरह की कथ्यात्मक आलोचनाओं से कुछ बिगड़ता नहीं है। ...(**व्यवधान**)... बस एक मिनट में ही समाप्त करता हूं।

Sir, in parliamentary democracy, we are the people who constitute the nation. While constituting the nation, we are different ingredients of different colours. But that does not mean that we can degrade the constitutional authority the way the President's Speech was degraded; the way it was questioned 'Who has written it?' I know that inputs come. But you cannot question, 'Who has written his speech?' This is genuine degradation of parliamentary democracy. Kindly don't do that. मैं अन्त में एक छोटी सी कविता से अपनी बात को समाप्त करना चाहता हूं। ...(**व्यवधान**)... मुझे इंग्लिश में कविता नहीं आती है।

महोदय, मैथिलीशरण गुप्त ने कहा था, "हम कहां थे, कहां आ गये...", उन्होंने जो भाव कहा था, वह मैं बताता हूं, 'Where we were, where we are now and where we would be.' आज सवाल यह उठता है कि देश को यदि आगे बढ़ना है तो आप इतिहास के उन तथ्यों को मत झुठलाइये। ये हम सब के लिए हैं, सब के साथ के लिए हैं, सब के प्रयास के लिए हैं, जितना ही आप गलत बोलेंगे, उतना ही आप जर्जर होते जाएंगे और जर्जर होते जा रहे हैं। इस देश में करप्शन और कमीशन इसलिए समाप्त हुआ कि कांग्रेस समाप्त हो रही है। कांग्रेस समाप्त होगी तो करप्शन और कमीशन भी समाप्त होगा, धन्यवाद।

श्री उपसभापति : माननीय सदस्यगण, मैं सिर्फ एक सूचना के साथ अगले स्पीकर को बुलाऊंगा कि चेयर की एक परेशानी कम से कम आप महसूस करें। नियमतः किसी विषय पर बहस शुरू होने के आधे घंटे पहले आपको नाम भेजना है। जिस दिन इस विषय पर बहस शुरू हुई, उस दिन शाम तक जो भी नाम आये, उन्हें हमने एकोमोडेट किया। उसके बाद भी बहुत सारे नाम आ गये और

आप सब समय भी अधिक चाहते हैं। हमारे यहां कॉन्सेप्ट है कि शायद समय का निर्माण ब्रह्मा या कोई और प्रकृति करती है, चेयर नहीं कर पाती। आप लोग ही बी.ए.सी. में बैठ कर टाइम तय करते हैं, फिर अपेक्षा करते हैं कि अगर दो मिनट का समय है, तो मैं दस मिनट बोलूं। आप सब अगर कोऑपरेट करेंगे तो बाकी सदस्यों को, जिन्होंने बाद में नाम दिया है, मैं चाहता हूं, माननीय चेयरमैन भी चाहते हैं कि सब को अवसर मिले, जिन्होंने बाद में नाम दिया है, उन्हें भी अवसर मिले, इसलिए उन नामों में से सबसे पहले मैं फॉर्मर प्राइम मिनिस्टर आदरणीय श्री एच.डी. देवेगौड़ा जी को आमंत्रित करूंगा।

SHRI H.D. DEVEGOWDA (Karnataka): Hon. Deputy Chairman, Sir, I would like to express my sincere thanks for the permission you have granted to me to speak on the President's Address. I don't want to take much time. I would like to concentrate only on the farming sector. Paras 26 to 29 deal with the farmers - how they are going to give support to the farming sector. In the Budget, they have mentioned these things. But, some of the points, which are going to be debated in the Budget, are also again mentioned in the President's Address itself. So, I will only confine myself to some of the points raised in the President's Address.

Today, the Indian economy, being an agrarian economy and predominantly an agricultural country, engages more than 50 per cent of the workforce in agriculture and it contributes 17 per cent to the country's GDP. In India, 82 per cent of the farmers are small and marginal farmers with an average land holding of 1.08 hectares. If at all the country has to prosper and progress economically, it can happen only through agriculture sector, by giving priority and support of the Government. Despite all odds, like, climate changes, floods and droughts, and declining water level, our farmers have produced 305 million tonnes of foodgrains and 320 million tonnes of fruits and vegetables. The annual growth rate in agriculture is 2.88 per cent. We were not only self-sufficient in food production during 2020-21, but the country also exported about Rs.2,05,486 crores worth of agricultural and processed food products. Hitherto, we used to talk about food security. Now, we have started talking about nutritional security. The food security law had already been brought by the UPA Government. That is not a new thing that has been done by this Government. Now, about nutritional security, it is one of the most important things that we are discussing. I will only try to point out some of the issues that have been mentioned here. I do not want to take side, this way or that way, to criticise the Budget or the President's Address. The Budget allocation for agriculture and allied sectors has disappointed all those who were expecting increased Budget outlay.

In percentage terms, in the Budget for 2022-23, it has declined to 3.84 per cent against 3.92 per cent in the Budget for 2021-22.

Sir, a big appeal was made by all farmers and other stakeholders that GST should be removed from all the farm inputs, including farm implements and farm machinery as well as the Value Added and Processed (VAP) farm produces but it is unheard in the present Budget. Instead of increasing subsidies for food and petroleum products, subsidy has been decreased which will impact the cost of cultivation and decrease the profit margin to farmers. The Budget allocated for MSP has been reduced instead of an increase to cover large number of crops and increase the quantity of procurement of farm produces under MSP. This will adversely impact the food production as well as income of farmers.

Sir, promotion of Zero Budget Natural Farming (ZBNF) and Organic Farming to bring chemical-free agriculture is a serious issue which needs to be thoroughly debated in view of the growing demand for food production to meet the needs of growing population of the country. Although it is envisaged to double the income of farmers by 2022, there is no mention on the back up programmes to attain the target committed by the Government.

Sir, use of drone for chemical spray is totally inappropriate in the Indian context since more than 88 per cent farmers are small and marginal farmers. This will have adverse impact on bio-diversity, particularly, on flora, fauna, birds, animals and even human beings. Aerial spray is not advisable. At the most, it could be used for generating data on crop survey in turn to plan for profitable marketing of farm produces. Going in for chemical spray through drone is a contradiction to ZBNF and organic farming that the Government is contemplating during the year. It might be suitable for countries like Canada, America, Australia, etc., where per capita land holdings revolve around 500 acres per family and not for India.

Sir, the prime attraction of the Budget is declaration of the 'International Year of Millet - 2023' which are not only nutritive but also require less water, free from pests and diseases, low cost of production and nutritionally rich for both human beings and animals. Sir, so far as rural development is concerned, many hon. Members have spoken about it. Sir, the allocation under MGNREGS has been reduced in the present Budget. It is not going to solve the problem of the rural area. There are people who are dependent on MNREGA. It is one of the most important

schemes that have been launched by the UPA Government. So, the Government of India should think over it and see that the allocation is increased. Otherwise, this is not going to solve the problem. So far as the jobs are concerned, unemployment is one of the most important factors which we are unable to solve. I don't want to comment on one of the worst viral diseases from which the country has suffered for the last three years. That is one of the major issues which the Government has at least taken sufficient care to see that that viral disease is not going to adversely affect the Indian population as compared to other countries. It is a remarkable achievement of this Government. Sir, with these words I would like to extend my sincere thanks to the Chair for having permitted me to speak on the farmer's issue. Because I myself am a farmer, I did not want to miss this opportunity where the President has made comments on the issues of the farmers. With these words, I would like to thank you. Thank you very much, Sir.

श्री संजय सिंह (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र, दिल्ली) : मान्यवर, आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण पर अपनी बात कहने का मौका दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद।

मान्यवर, जब मैं महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण को पढ़ रहा था, तो मुझे लगा कि इतनी बड़ी-बड़ी बातें इस भाषण में सरकार के द्वारा महामहिम जी के माध्यम से कहलवायी गयी हैं, जिनका वास्तविकता से कोई लेना-देना नहीं है। आप ज़मीन पर ठीक इसके विपरीत काम करते हैं और जब महामहिम राष्ट्रपति जी का अभिभाषण करवाते हैं, तो आप उसमें 'श्रेष्ठ भारत, एक भारत', 'सबका साथ, सबका विकास' और 'अमृत महोत्सव' की चर्चा करते हैं।

मान्यवर, मैं बड़ी विनम्रतापूर्वक आपके माध्यम से सरकार से पूछना चाहता हूं कि आप देश के महापुरुषों को याद कर रहे हैं, यह बहुत अच्छी बात है, आप याद कीजिए, लेकिन आज़ादी के 75वें अमृत महोत्सव में, आज़ादी के 75 वर्ष पूरे होने पर, अगर महामहिम राष्ट्रपति के अभिभाषण में गांधी जी की भी चर्चा कर देते, तो क्या आपको शर्मिंदा होना पड़ता, आपका सिर शर्म से झुक जाता?

मान्यवर, अहिंसा के पुजारी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को धर्म संसद बुलाकर उत्तराखंड में अपमानित किया जाता है, मध्य प्रदेश में अपमानित किया जाता है, छत्तीसगढ़ में अपमानित किया जाता है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर यह सरकार गोडसे की विचारधारा पर चल रही है, तो मुझे कुछ नहीं कहना है, लेकिन अगर गांधी जी के प्रति ज़रा भी सम्मान है, तो उन लोगों के खिलाफ मुकदमे दर्ज़ करके, उनको जेल की सींखचों के पीछे डालना चाहिए। मान्यवर, यह राष्ट्रद्रोह है। बापू का अपमान हो रहा है। दुनिया के किसी भी देश में चले जाइए, जब हम कहते हैं कि हम भारत से आए हैं, तो लोग कहते हैं कि गांधी जी के देश से आए हैं। मान्यवर, उस महात्मा गांधी का अपमान देश में हो रहा है, आज़ादी के 75वें साल में हो रहा है और सरकार खामोश है, प्रधान मंत्री जी खामोश हैं, कोई इसकी चर्चा नहीं करता है, क्योंकि कहीं न कहीं भारतीय जनता पार्टी जिस

विचारधारा से आती है, वह विचारधारा गोडसे को महिमामंडित करने की विचारधारा है, गांधी के विपरीत काम करने वाली विचारधारा है।

मान्यवर, दूसरी बात यह है कि महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में "सबका साथ, सबका विकास" का जिक्र किया गया है। एक तरफ आप "सबका साथ, सबका विकास" का जिक्र करते हैं, दूसरी तरफ आपके नेता उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री कहते हैं, योगी आदित्यनाथ जी भाषण देते हैं कि यू0पी0 का चुनाव 80 और 20 पर होगा। यह 80 और 20 क्या है? मैं आपसे बड़ी विनम्रतापूर्वक पूछना चाहता हूं कि कोरोना की महामारी में जो लाखों लोग मारे गए थे, वे 80 में आते हैं या 20 में आते हैं? वे किसान जो एक साल तक सड़कों पर बैठे रहे, साढ़े सात सौ किसान शहीद हो गए, वे 80 में आते हैं या 20 में आते हैं? वह खुशी दुबे - उत्तर प्रदेश की बेटी, जो डेढ़ साल से जेल में सड़ रही है, वह प्रभात मिश्रा, जिसका फर्ज़ी एनकाउंटर हो गया, वह हाथरस की बेटी, जिसको रात में 2 बजे जला दिया गया, वे नौजवान, जो लाठियों से पीटे जाते हैं, मान्यवर, वे 80 में आते हैं या 20 में आते हैं? हिंदुस्तान को 80 और 20 में बाँटना बंद करो, गरीब बच्चों की फीस पर चर्चा करो, तरक्की पर चर्चा करो कि आप हिंदुस्तान को किस ओर लेकर जाना चाहते हैं, आप क्या करना चाहते हैं, क्योंकि आपने श्रेष्ठ भारत कहा है।

मान्यवर, मैं 70वें प्वाइंट को पढ़ रहा था - श्रेष्ठ भारत। आप इस श्रेष्ठ भारत के साथ क्या कर रहे हैं? माननीय गृह मंत्री जी मुजफ्फरनगर में जाकर बयान देते हैं। दंगे याद हैं न?. ..(**समय की घंटी**)...

श्री उपसभापति: आप समाप्त कीजिए। संजय सिंह जी, आप चार मिनट बोल चुके हैं। ..(**व्यवधान**)..

श्री संजय सिंह : मान्यवर, जिनके एक-एक मेम्बर बोलने वाले हैं, उनको दस मिनट का समय दिया गया। ..(**व्यवधान**)..उनको दस मिनट का समय दिया गया है। ..(**व्यवधान**)..

श्री उपसभापति : प्लीज़ संजय जी, मैं as per rule जा रहा हूं। ..(**व्यवधान**)..

श्री संजय सिंह : मेरे साथ न्याय कीजिए। ..(**व्यवधान**)..

श्री उपसभापति : संजय सिंह जी, as per rule आपका नाम लेट आया, मैं आपको अवसर दे रहा हूं। ..(**व्यवधान**)..

श्री संजय सिंह : जिनके एक-एक मेम्बर हैं, ..(**व्यवधान**).. उन्हें दस-दस मिनट दिए गए। ..(**व्यवधान**)..

श्री उपसभापति : मैं उस पर बहस नहीं करना चाहता हूं। ..(**व्यवधान**)..मैं रूल्स के अनुसार आपको मौका दे रहा हूं। ..(**व्यवधान**)..नहीं तो, मैं किसी दूसरे मेम्बर को आमंत्रित करूंगा। ..(**व्यवधान**)..

श्री संजय सिंह : उपसभापति जी, मैं दो-तीन मिनट में conclude करूंगा। ..(**व्यवधान**)..

श्री उपसभापति : आप दो मिनट में खत्म कीजिए। ..(**व्यवधान**)..

श्री संजय सिंह : उपसभापति जी, मैं दो-तीन मिनट में conclude करूंगा। ..(**व्यवधान**)..

श्री उपसभापति : आप already चार मिनट बोल चुके हैं। ..(**व्यवधान**).. प्लीज़, आप खत्म कीजिए।

श्री संजय सिंह : मान्यवर, मैं आपसे बड़ी विनम्रतापूर्वक कहना चाहता हूं। हमारे देश के गृह मंत्री जी हैं - इस भाषण में श्रेष्ठ भारत की बात कही गई है। वह भारत श्रेष्ठ है, श्रेष्ठ था और श्रेष्ठ रहेगा, लेकिन उस श्रेष्ठ भारत को आप दिन-रात पाकिस्तान से डराते हैं। बिहार का चुनाव होता है, तो पाकिस्तान से डराते हैं, यू.पी. का चुनाव होता है, तो पाकिस्तान से डराते हैं, पंजाब का चुनाव होता है, तो पाकिस्तान से डराते हैं। आप पाकिस्तान से डराना बंद करो, हम 130 करोड़ हिंदुस्तानी हैं, हम किसी पाकिस्तान से नहीं डरते। अगर भाजपा के लोगों को डर लगता है, तो चुनाव प्रचार में निकलना बंद कर दीजिए, लेकिन चुनाव में पाकिस्तान की चर्चा मत कीजिए।

मान्यवर, मैं पूरा भाषण पढ़ रहा था। इसमें किसानों का जिक्र आया, 'गरीब कल्याण योजना' का जिक्र आया। आपने उसका बजट न्यूनतम कर दिया। इसका मतलब मार्च तक गरीबों को मुफ्त राशन मिलेगा और चुनाव खत्म तो गरीब के राशन की योजना खत्म - यह है आपकी योजना।

मान्यवर, हम सभी लोग श्रेष्ठ भारत को मानते हैं, भारत माता की जय कहते हैं ..(**समय की घंटी**)..लेकिन भारत माता की जय..(**समय की घंटी**)..सर, मैं conclude कर रहा हूं। भारत माता की जय तो तब होगी, जब उस माँ के 130 करोड़ बच्चे, वे चाहे हिंदू हों, मुसलमान हों, सिख हों, ईसाई हों, अगड़े हों, पिछड़े हों, दलित हों, सवर्ण हों, जब सब खुशहाल रहेंगे, एक साथ मिलकर चलेंगे, तभी सही मायनों में भारत माता की जय होगी। जब गरीब बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलेगी, अच्छा इलाज मिलेगा, जब किसान को उसकी फसल का दाम मिलेगा, तब भारत माता की जय होगी। ..(**समय की घंटी**).. इसलिए जो भाषण में आपने लिखा, जो बात आपकी सरकार की ओर से कहलवाई गई और जो आपका कर्म है, उसके बारे में एक ही बात कहना चाहता हूं किः

'तू इधर उधर की न बात कर ये बता कि क़ाफ़िला क्यूँ लुटा,
मुझे रहज़नों से गिला नहीं तेरी रहबरी का सवाल है।'

श्री उपसभापति : आपको थैंक यू। माननीय बिनोय विस्वम जी, आप बोलिए।

श्री संजय सिंह : सर, मेरी अंतिम बात है, मैं एक मिनट में खत्म कर रहा हूं।

श्री उपसभापति : एक मिनट नहीं, आप कन्क्लूड कीजिए।

श्री संजय सिंह : सर, मैं एक मिनट में कन्क्लूड कर रहा हूं।

श्री उपसभापति : सॉरी, अब आपको एक मिनट नहीं दे सकते हैं। माननीय बिनोय विस्वम जी, आप बोलिए। ..(**व्यवधान**)..

श्री संजय सिंह : सर, मैं खत्म कर रहा हूं। मैं आपसे सिर्फ यही कहना चाहता हूं, आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि आप चुनाव मुद्दों पर लड़िए, देश का माहौल मत बिगाड़िए, देश को नफरत की आग में मत झोंकिए। ..(**समय की घंटी**).. देश को, इस चुनाव को ..(**व्यवधान**).. मुद्दों पर लेकर आइए। ..(**व्यवधान**)..

श्री उपसभापति : माननीय बिनोय विस्वम जी, आप बोलिए। ..(**व्यवधान**)..

श्री संजय सिंह : इस पूरे चुनाव में ..(**व्यवधान**).. मान्यवर, आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने का अवसर दिया, आपका बहुत-बहुत शुक्रिया।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Binoy Viswam, please speak. Only your speech will go on record.

SHRI BINOY VISWAM (Kerala): Sir, I, on behalf of my party, the Communist Party of India, stand before you to oppose this Motion. This Motion can only be opposed because the Speech of the President is full of tall claims without any content. There is a great saying in our scriptures which says that "एकम् सत् विप्रा बहुधा वदन्ति" Truth is only one. Scholars may interpret it in so many ways. That is what has happened here. What is the truth in our country today? The truth is that the people are hungry. We stand at 101 in the group of 116 in Global Hunger Index. We stand first in the world where pregnant women are anaemic; we are number one where children under five years are prone to deaths. All these truths are there. I cannot elaborate all of those. But, Sir, the truth is staring in the face of this country. All the national prides and the wealth of the nation are thrown into the hands and profit mongering of the looters of the world and of India. The banks are thrown to them; the LIC is thrown to them; the GIC is thrown to them; the Air India is thrown to them. And you claim that you are saviours of national pride. What you say goes southwards and what you see in this country is going northwards. There is a big difference. Due to time constraint,

I would like to mention one small part from a song which we all know. It was sung by the great singer of India, none other than Lata Mangeshkarji. In that song, she was singing, झूठ बोले, कौवा काटे। Sir, I don't want any crows to come and peck at the President. I don't want that as an Indian. But he was forced to say so many things in this House which was not unexpected. *...(Interruptions)...* If that word is unparliamentary, I may correct myself and say 'untrue'. *...(Interruptions)...* Are you happy? *...(Interruptions)...* Okay. *...(Interruptions)...* I respect all.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please address the Chair.

SHRI BINOY VISWAM: Sir, this is not accidental. There is an ideology which always preaches that a lie has relevance in politics and social life. That saying is from none other than Joseph Goebbels. He told that to meet your ends, you can tell a lie not once, not twice, but you can repeat the lies hundreds of times till the people believe that it is true. This is from the Hitler school of thought. Unfortunately, what we hear today from any of the friends in Treasury Benches, it is the same theory. They are repeating these kinds of things for the purpose of appropriating national leaders. Right from Sardar Vallabhbhai Patel to Shri Bhagat Singh, Shri Subhash Chandra Bose to Shri Birsa Munda, they were doing it. Tell this House what role this party has got in the great freedom struggle of India. Who were in the struggle from the BJP or the*? No one was there. We were there. The Communists were there. We are proud of it. So, don't ask the question to me. You claimed that the freedom struggle was a political battle and that * had nothing to do with politics. You were claiming that * is a cultural organisation, related only to culture. This is the truth. But, here, you are telling a new story. Some of the friends were legalizing Bismarck. In fact, they have many things to learn from Germany, not from Germany of Bismarck, but from Germany of Hitler, from where they have learnt a lot.

Sir, this is "Bunch of Thoughts". It is their Bible. In this, Guruji Golwalkar is saying that Hindustan has a lot to learn from Germany. What is this 'a lot'? It is explained here. In this book, in Chapter 16, you can read; he is dealing with the threats to the country from inside. First is Muslims; second is Christians; third is Communists. And they speak about national unity! Sir, when they speak about national unity, *How can this Party go for national unity?

---

* Expunged as ordered by the Chair.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please conclude, Binoy*ji*.

SHRI BINOY VISWAM: Sir, the country is great and that Address has to be read by the BJP friends here. They are not for that.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I would be forced to call the other speaker, Binoy*ji*. Please.

SHRI BINOY VISWAM: Sir, let me have one more sentence.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. *...(Interruptions)...*

AN HON. MEMBER: Sir, there is no Minister in the House. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Look at the other side, please. *...(Interruptions)...* Binoy*ji*, please conclude.

SHRI BINOY VISWAM: Sir, this House is privileged today that from the army of Ministers, at least, one is here. *...(Interruptions)...*

DR. VINAY P. SAHASRABUDDHE: Three are here, Sir.

SHRI BINOY VISWAM: Oh, three are here. *...(Interruptions)...*

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Binoy*ji*, please. I have paucity of time; so, I would be forced to call the other speaker. Please conclude.

SHRI BINOY VISWAM: So, this Speech of the President was attempt of a failed Government to mislead the people, to mislead the country. So, any responsible Member of the House can only do one thing, to oppose that Motion. I oppose it.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you, Binoy*ji*. माननीय सदस्यगण, प्लीज़ ...(**व्यवधान**).

SHRI G.V.L. NARASIMHA RAO (Uttar Pradesh): Sir, I have a point of order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Yes.

SHRI G.V.L. NARASIMHA RAO: Sir, hon. Member, Binoy Viswam*ji*, just now made certain references and allegations against the Government which are defamatory in nature. He said that * He has to substantiate by laying documents on the Table. Otherwise, they must be expunged from the record. ...*(Interruptions)*...

SHRI BINOY VISWAM: It is here. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please. ...*(Interruptions)*...

SHRI BINOY VISWAM: It is here. ...*(Interruptions)*...

SHRI G.V.L. NARASIMHA RAO: Also, there was a reference to an organization, * and allegations were made against that organization which cannot defend itself. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We would see the records. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*... We would see the records. ...*(Interruptions)*...

SHRI G.V.L. NARASIMHA RAO: Sir, also, Rule 238.....*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: We would see the records. ...*(Interruptions)*... Please take your seat....*(Interruptions)*... I am not allowing. ...*(Interruptions)*...

SHRI G.V.L. NARASIMHA RAO: This is point of order. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: I have already said that we would examine the records. ...*(Interruptions)*... I am not allowing you. ...*(Interruptions)*... No. I am not allowing you. ...*(Interruptions)*...

SHRI TIRUCHI SIVA (Tamil Nadu): Sir, the clarification.....*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please, Tiruchi Siva*ji*. ...*(Interruptions)*... I am not allowing you, Binoy*ji*. ...*(Interruptions)*... It is not going on record. ...*(Interruptions)*... Please. ...*(Interruptions)*... आप लोग आपस में बात न करें। ...(**व्यवधान**)...

---

*Expunged as ordered by the Chair.

माननीय सदस्यगण, कुछ दलों के पास समय नहीं है, लेकिन उनके मेम्बर्स ने भी बोलने का आग्रह किया है। माननीय चेयरमैन साहब के अनुसार, हम उनको भी accommodate करना चाहते हैं, पर कृपया आप एक-दो मिनट से अधिक समय न लें, अदरवाइज़ हम लोग time manage नहीं कर सकते। हम लोगों को 3.00 बजे खत्म करना है, कृपया इस बात का ध्यान रखें।

SHRI G.V.L. NARASIMHA RAO: Sir, ten seconds please, I have a point of order.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: No. *...(Interruptions)...* I am not allowing. *...(Interruptions)...* It would be examined. I have already told you. *...(Interruptions)...*

SHRI G.V.L. NARASIMHA RAO: Sir, it is on Shri Sanjay Singh.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Shri Vishambhar Prasad Nishad, not present. Ch. Sukhram Singh Yadav. चौधरी साहब, आप सिर्फ एक मिनट में अपनी बात कहें।

चौधरी सुखराम सिंह यादव (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे इस विषय पर बोलने का अवसर प्रदान किया। माननीय राष्ट्रपति जी ने जो अभिभाषण दिया, उसके लिए हम पूरे सदन की तरफ से धन्यवाद ज्ञापित करते हैं।

महोदय, मैं कहना चाहूंगा कि इस देश में जिस प्रकार से हमारे किसानों के साथ नाइंसाफी हुई, ऐसा इतिहास में पहले कभी नहीं हुआ। हमारे किसानों के आंदोलन को दबाया गया और किसानों को उनका Minimum Support Price (MSP) देने में हीलाहवाली की गई। इसके बारे में मैं कहना चाहूंगा कि चाहे छोटा कारोबार हो या बड़ा कारोबार हो, हर व्यक्ति को अपने उत्पादन का मूल्य तय करने का अधिकार है। जो उपज पैदा करेगा, उसको मूल्य तय करने का अधिकार भी है, किन्तु किसान को अपने उत्पादन का मूल्य तय करने का अधिकार नहीं है, लेकिन क्या फसल बोई जाएगी, उस पर कितनी लागत आएगी, कितना खर्च आएगा, वह किसान ही देगा। मैं चाहूंगा कि इस पर शीघ्र कानून बनाया जाए। मैंने इस पर क्वेश्चन भी पूछा था, लेकिन उसका कोई जवाब नहीं आया। महोदय, शीघ्र से शीघ्र हमारे किसानों के साथ इंसाफ होना चाहिए और उन्हें MSP मिलना चाहिए, तभी हम समझते हैं कि किसानों के साथ न्याय होगा।

दूसरी बात मैं कहना चाहूंगा कि बार-बार जातिवार जनगणना की बात कही गई है, लेकिन हर बार इस बात को टाल दिया जाता है। जब तक जातिवार जनगणना नहीं होगी, तब तक इस देश को पता ही नहीं चलेगा कि हमारे यहां कितने बैकवर्ड क्लास के लोग हैं, कितने फॉरवर्ड क्लास के हैं और कितने एससी/एसटी के लोग हैं। यह मुद्दा बार-बार हमारे माननीय नेताओं ने उठाया, माननीय मुलायम सिंह जी ने भी कई बार यह मुद्दा उठाया, लालू जी ने भी उठाया, बाकी सब नेताओं ने भी उठाया, लेकिन इस पर कभी भी चर्चा नहीं होती है। महोदय, मैं आपके माध्यम से इस सरकार से कहना चाहूंगा कि ओबीसी की जनगणना कराई जाए, ताकि हम पिछड़े लोगों के

साथ न्याय कर सकें। मैंने तीसरी सबसे मुख्य बात उठाई है कि मैं यादव समाज से आता हूं और मैंने, हमारे पिता जी और हमारे ताऊ जी ने यादव समाज के लिए काम किया।

श्री उपसभापति : चौधरी साहब, प्लीज़ कन्क्लूड करिये।

चौधरी सुखराम सिंह यादव : मैं दो मिनट में कन्क्लूड कर रहा हूं। यादव महासभा में हमारे पिता जी राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे और ताऊ जी भी रहे। अब मैं यादव महासभा का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हूं। मैं कहना चाहता हूं कि यादवों का इतिहास रहा है, चाहे चीन के साथ लड़ाई हो, चाहे पाकिस्तान के साथ लड़ाई हो, यादवों की एक से बढ़कर एक शौर्य की गाथाएं हैं, लेकिन बार-बार यह चर्चा होती है कि अहीर रेजिमेंट क्यों नहीं बनाई जा रही है? जब सेना में जाट रेजिमेंट है, राजपूत रेजिमेंट है, सिख रेजिमेंट है, पंजाब रेजिमेंट है, बिहार रेजिमेंट है और महार रेजिमेंट है, तो अहीर रेजिमेंट क्यों नहीं बनाई जाती? हमारी शौर्य गाथा है, हम शौर्य में सबसे आगे हैं, तो हमें उसका इनाम मिलना चाहिए।

महोदय, दो लड़ाइयां बहुत महत्वपूर्ण हैं। चीन की लड़ाई में यादव सैनिकों ने लगभग 12 हज़ार चीनी सैनिकों को मार गिराया था। उसमें हमारे यादव सैनिकों की संख्या 124 थी, इस तरह से 124 लोगों ने 12 हज़ार चीनियों को मार गिराया, यह हमारा इतिहास है। पाकिस्तान की लड़ाई में भी हम आगे रहे, चुशूल की लड़ाई में भी हम आगे रहे। हमारे यादव समाज के लोगों को कई वीरता पुरस्कार मिले हैं।

मैं यादव महासभा की मांग के साथ-साथ अपने को जोड़ते हुए कहना चाहूंगा कि आर्मी में जिस प्रकार से अन्य रेजिमेंट्स हैं, उसी प्रकार से अहीर रेजिमेंट बनाई जाए या फिर जातीय आधार रेजिमेंट की परम्परा को खत्म किया जाए, सेना में कोई भी रेजिमेंट न हो। आखिरी बात मैं कहना चाहूंगा कि जिस प्रकार से आरक्षण है...

श्री उपसभापति : चौधरी जी, धन्यवाद, अब मैं दूसरे स्पीकर को बुलाऊंगा, प्लीज़ आप कन्क्लूड करें।

चौधरी सुखराम सिंह यादव : महोदय, ओबीसी आरक्षण में नये फॉर्मूले के तहत क्रीमी लेयर की सीमा आठ लाख रुपये सालाना रखी गई है और उसमें जनरल कास्ट वालों की सीमा भी आठ लाख रुपये रखी गई है। यानी आठ लाख रुपये में जनरल कास्ट वाला भी है और आठ लाख रुपये में बैकवर्ड कास्ट वाला भी है। यह नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए, इसमें भी परिवर्तन होना चाहिए।

आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपको धन्यवाद देते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

श्री अहमद अशफाक करीम (बिहार)**:** आदरणीय उपसभापति जी, आपने मुझे सदन में अपनी बात रखने का मौका दिया और महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर तब्सरा और गुफ्तगू करने का मौका दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत आभारी हूं।

महोदय, कोई भी इंसान जब बाप बनता है और उसके बच्चे पैदा होते हैं, तो उसको फिक्र हो जाती है कि इनकी तालीम कैसे होगी, इनकी शिक्षा कैसे होगी, परन्तु जब वह वृद्धावस्था में आने लगता है तो उसकी फिक्र होती है कि हमारा बुढ़ापा कैसे कटेगा, हमारे पास कोई असासा नहीं है, कोई ऐसी चीजें नहीं हैं, जिनसे मैं अपनी जिंदगी गुजार सकूंगा। दूसरे मुल्कों में जहां टैक्स लिये जाते हैं, वहां बच्चों की पढ़ाई की जिम्मेदारी उस सरकार की होती है, वहां वृद्धावस्था की जिम्मेदारी उस सरकार की होती है। जब तक कोई इंसान बेफिक्र नहीं होगा, तब तक वह संतुलित नहीं होगा और जब बेफिक्र होगा तो देश को आगे बढ़ाने में उसकी भूमिका होगी। लेकिन जब वह फिक्रमंद होगा कि हमारे बच्चे कैसे पढ़ेंगे, हमारे बुढ़ापे की जिंदगी कैसे कटेगी, अगर उसकी यह फिक्र होगी, तो वह परेशान रहेगा, चिंतित रहेगा। हमारे देश में भी उसी रेश्यो में किसी न किसी रूप में टैक्स लिया जाता है। अलग-अलग मुख्तलिफ किस्मों से टैक्स लिये जाते हैं, फिर हम यह जिम्मेदारी क्यों नहीं लेते कि बच्चो को पढ़ाने का इतंजाम हम करें, उनकी जिम्मेदारी हमारी मरकज़ी हुकूमत ले, हमारे बुढ़ापे की जिम्मेदारी मरकज़ी हुकूमत ले। यह करना चाहिए, तभी समरसता आएगी। बड़े और छोटे की तमीज़ खत्म होगी, तब सबकी जिम्मेदारी हो जाएगी, क्योंकि सबकी जिम्मेदारी सरकार की हो जाएगी, तभी बराबरी होगी। सिर्फ तकरीर और भाषण से बराबरी नहीं हो सकती, गरीबी नहीं मिट सकती, पिछड़ापन खत्म नहीं हो सकता।

मैं आपके माध्यम से सरकार को यह अवगत कराना चाहता हूं कि राष्ट्रपति जी के अभिभाषण में यह बात छूट गई होगी, यद्यपि वे बहुत विद्वान हैं, मैं यह समझता हूं कि वे मिस कर गये होंगे, अगर यह बात उनके ज़ेहन में आती तो जरूर होती। इसलिए इसके लिए हमारा आग्रह है।

दूसरी तरफ हम कहना चाहेंगे कि 2047 में आज़ादी को सौ साल पूरे होंगे, आशंका यह जताई जा रही है कि तब शहरों में भीड़ लग जाएगी, देहातों की ज्यादा से ज्यादा आबादी शहरों में आ जाएगी, ऐसा क्यों हो रहा है? क्योंकि देहातों की अनदेखी की जा रही है, देहातों के इन्फ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। आज देहातों के लोग परेशान हैं, जो शहरों में सुविधाएं हैं, वे वहां नहीं हैं। हम आपको अवगत कराना चाहते हैं, यह बड़ी चिंता का विषय है और बड़ा ही इम्पॉर्टेंट विषय है कि अगर देहातों में हमने इन्फ्रास्ट्रक्चर बढ़ाने का काम नहीं किया, चाहे बिजली का मामला हो, शिक्षा का मामला हो, रोजगार का मामला हो, सड़क का मामला हो या उनकी बेकारी दूर करने का मामला हो... अगर हमने यह नहीं किया तो एक वक्त ऐसा आएगा कि सारी भीड़ शहर में होगी और देहात के लोग और पिछड़ते चले जाएंगे। अगर वे पिछड़ते चले गये, तो हमारा देश विकसित नहीं हो पाएगा, यह आपके माध्यम से सरकार से राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर मेरी बातें है। यदि आप वक्त दें तो मैं एकाध मिनट और कहूं?

†**جناب احمد اشفاق کریم (بہار):** قابل احترام اُپ سبھاپتی جی، آپ نے مجھے ایوان میں اپنی بات رکھنے کا موقع دیا اور عالی مقام صدر جمہویہ کے خطاب پر تبصرہ اور گفتگو کرنے کا موقع دیا، اس کے لیے میں آپ کا بہت مشکور ہوں۔

مہودے، جب کوئی بھی انسان جب باپ بنتا ہے اور اس کے بچے پیدا ہوتے ہیں، اس کو فکر ہوجاتی ہے کہ ان کی تعلیم کیسے ہوگی، ان کی شکشا کیسے ہوگی۔ لیکن جب بڑھاپا آنے لگتا ہے تو اس کو فکر ہوتی ہے کہ ہمارا بڑھاپا کیسے کٹے گا، ہمارے پاس کوئی اثاثہ نہیں ہے، کوئی ایسی چیزیں نہیں ہیں، جن سے میں اپنی زندگی گزار سکوں گا۔ دوسرے ملکوں میں، جہاں ٹیکس لیے جاتے ہیں، وہاں بچوں کی پڑھائی کی ذمہ داری اس سرکار کی ہوتی ہے، جہاں ٹیکس لیے جاتے ہیں، وہاں بڑھاپے کی ذمہ داری اس سرکار کی ہوتی ہے۔ جب تک کوئی انسان بے فکر نہیں ہوگا، تب تک وہ متوازن نہیں ہوگا اور جب بے فکر ہوگا تو دیش کو آگے بڑھانے میں اس کا کردار ہوگا۔ لیکن جب وہ فکرمند ہوگا کہ ہمارے بچے کیسے پڑھیں گے، ہماری بڑھاپے کی زندگی کیسے کٹے گی، اگر اس کی یہ فکر ہوگی، تو وہ پریشان رہیگا، فکرمند رہے گا۔ ہمارے دیش میں بھی اسی تناسب میں کسی نہ کسی روپ میں ٹیکس لیا جاتا ہے۔ الگ الگ مختلف قسموں سے ٹیکس لیے جاتے ہیں، پھر ہم یہ ذمہ داری کیوں نہیں لیتے کہ بچوں کو پڑھانے کا انتظام ہم کریں، ان کی ذمہ داری ہماری مرکزی حکومت لے، ہمارے بڑھاپے کی ذمہ داری مرکزی حکومت ہے۔ یہ کرنا چاہئیے، تبھی ہم آہنگی آئے گی۔ بڑے اور چھوٹے کی تمیز ختم ہوگی، تب سب کی ذمہ داری ہوجائے گی کیوں کہ سب کی ذمہ داری سرکار کی ہوجائے گی، تبھی برابری ہوگی۔ صرف تقریر اور بھاشن سے برابری نہیں ہوسکتی، غریبی نہیں مٹ سکتی، پچھڑاپن ختم نہیں ہوسکتا۔

میں آپ کے توسط سے سرکار کو یہ آگاہ کرنا چاہتا ہوں کہ صدرجمہویہ جی کے خطاب میں یہ بات چھوٹ گئی ہوگی، اگرچہ وہ بہت دانشمند ہیں، میں یہ سمجھتا ہوں کہ مِس کرگئے ہوں گے، اگر یہ بات ان کے ذہن میں آتی تو ضرور ہوتی، اس لیے اس کے لئے میری درخواست ہے۔

دوسری طرف ہم کہنا چاہیں گے کہ 2047 میں آزادی کو سو سال پورے ہونگے، خدشہ یہ جتایا جاتا ہے کہ شہروں میں بھیڑ لگ جائے گی، دیہاتوں کی زیادہ سے زیادہ آبادی شہروں میں آجائے گی۔ یہ کیوں ہورہا ہے؟ کیوں کہ دیہاتوں کی ان دیکھی کی جارہی ہے۔ دیہاتوں کے انفراسٹرکچر پر دھیان نہیں دیا جارہا ہے۔ آج دیہاتوں کے لوگ پریشان ہیں۔ جو شہروں میں سہولیات ہیں، وہ وہاں نہیں ہیں۔ ہم آپ کو بتانا چاہتے ہیں، یہ بڑا فکر کا موضوع ہے اور بڑا ہی اہم موضوع ہے کہ اگر دیہاتوں میں ہم نے انفراسٹرکچر بڑھانے کا کام نہیں کیا، چاہے بجلی کا معاملہ ہو، تعلیم کا معاملہ ہو، روزگار کا معاملہ ہو، سڑک کا معاملہ ہو یا ان کی بیکاری دور کرنے کا معاملہ ہو۔

اگر ہم نے یہ نہیں کیا تو ایک وقت ایسا آئے گا کہ ساری بھیڑ شہر میں ہوگی اور دیہات کے لوگ اور پچھڑتے چلے جائیں گے۔ اگر وہ پچھڑتے چلے گئے، تو ہمارا دیش وِکسِت نہیں رہ جائے گا، یہ آپ کے توسط سے سرکار سے اس صدرجمہوریہ جی کے خطاب پر میری باتیں ہیں۔ اگر آپ وقت دیں تو میں ایک آدھ منٹ اور کہوں؟

श्री उपसभापति : समय नहीं है, आप conclude करें।

श्री अहमद अशफाक करीम : सर, एक मिनट। बिहार में एक कटिहार जिला है, जो कि बड़ा ही पिछड़ा हुआ इलाका है, पसमांदा जिला है। वहां गरीब लोग गंगा नदी के किनारे में बसते हैं और गंगा के कटाव की वजह से कई जगहों पर उनका घर गिर जाता है, उनकी खेती समाप्त हो जाती है तथा वहां के लोग और गरीब होते चले जाते हैं। हम आपके माध्यम से मरकज़ी हुकूमत से कहना चाहेंगे कि गंगा के इस कटाव को रोका जाए, ताकि वे गरीब "और गरीब" तथा बेघर न होते जाएं, यह हमारा आग्रह है। बहुत-बहुत धन्यवाद।

† Transliteration in Urdu script.

[†] **جناب احمد اشفاق کریم:** سر، ایک منٹ۔ بہار میں ایک کٹیہار ضلع ہے، جو کہ بڑا ہے پچھڑا ہوا علاقہ ہے، پسماندہ ضلع ہے۔ وہاں غریب لوگ گنگا ندی کے بغل میں بستے ہیں اور گنگا کے کٹاؤ کی وجہ سے کٹیہار ضلع میں کئی جگہوں پر ان کا گھر گِرجاتا ہے، ان کی کھیتی ختم ہوجاتی ہے اور وہاں کے لوگ اور غریب ہوتے چلے جاتے ہیں۔ ہم آپ کے توسط سے اس مرکزی حکومت سے کہنا چاہیں گے کہ گنگا کے اس کٹاؤ کو روکا جائے، تاکہ وہ غریب اور غریب و بے گھر نہ ہوتے جائیں، یہ ہماری درخواست ہے۔ بہت بہت شکریہ۔

श्री जयप्रकाश निषाद (उत्तर प्रदेश)**:** उपसभापति महोदय, आपने मुझे महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर बोलने का जो अवसर दिया, इसके लिए मैं आपका बहुत-बहुत आभारी हूं। महोदय, इस अभिभाषण में विश्वास के साथ ही इस संकल्प को दोहराया गया है कि हम सभी मिलकर भारत वर्ष को गौरव के शिखर पर लेकर जायेंगे। महामहिम ने अपने अभिभाषण में अपनी अटूट सहमति दर्ज कराते हुए हम सभी सांसदों को कोरोना काल के दौरान अपनी जिम्मेदारियों का सफलतापूर्वक वहन करने एवं सावधानियों का पालन करते हुए दोनों सदनों के सौहार्द्रपूर्वक माहौल को बरकरार रखते हुए संचालित करने के लिए साधुवाद दिया है।

[**उपसभाध्यक्ष (श्रीमती वंदना चव्हाण)** *पीठासीन हुईं]*

माननीय उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं अपनी ओर से और अपने सभी सांसदों की ओर से महामहिम राष्ट्रपति जी के प्रति आभार व्यक्त करते हुए, उनके अभिभाषण का समर्थन करता हूं । हम लोग इस सदन के अंदर अपने देश के हित की बहुत सारी बातें सुनते आ रहे हैं। अभी-अभी यहां पर कोविड के दौरान की बातें कही गईं। हमारे वरिष्ठ सदस्य, जो कि आम आदमी पार्टी से हैं, जो अभी यहां नहीं हैं, वे कोरोना के दौरान उत्तर प्रदेश सरकार के काम बता रहे थे। उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपके सामने कहना चाहता हूं कि शायद उनको पता नहीं है कि जब कोरोना काल चल रहा था, तब दिल्ली की सरकार सो रही थी और दिल्ली की सरकार ने लोगों में गलतफहमी पैदा करके और गलत आंकड़े देकर ऑक्सीजन को हाइजैक कर लिया। उस समय पूरे देश में कोरोना की महामारी से गरीब, मजदूर, नौजवान, किसान परेशान थे, उसका तो आंकड़ा उनके पास नहीं था और कोरोना के बारे में जिस मुख्य मंत्री के बारे में वे कह रहे हैं - उत्तर प्रदेश के वे यशस्वी मुख्य मंत्री परम पूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज जी पूरे प्रदेश में घूमकर, जब ये लोग घरों में सो रहे थे, उस वक्त वॉर्डों में जाकर, कोविड स्थलों का दौरा करके गरीब, नौजवान, किसानों को दवा तथा सारी जरूरी चीज़ें मुहैया कराकर उन्हें सुरक्षित बचाने का काम कर रहे थे। ये बातें अपने देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र भाई मोदी जी के लिए भी वे भूल गये। महोदय, अगर किसी को इस देश की चिंता है, तो अपने इस देश के प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी को है। वे किस प्रकार से सबकी चिंता करते हैं, आज पूरा देश उस बात का गवाह है क्योंकि गरीब, मजदूर, नौजवान, किसान तथा सारे लोग इस बात को कहते हैं।

उपसभाध्यक्ष महोदया, हम लोग टीवी चैलन्स, इलेक्ट्रॉनिक और प्रिंट मीडिया के माध्यम से यह देखते हैं कि जब अपने देश का प्रधान मंत्री दूसरे देश में पर्दापण करता है, तो अपने देश के

[†] Transliteration in Urdu script.

लोग सारा काम छोड़ करके उनकी बात सुनने के लिए, जनप्रिय, लोकप्रिय प्रधान मंत्री की बात सुनने के लिए आते हैं। आज पूरा विश्व प्रधान मंत्री नरेन्द्र मोदी जी का लोहा मानता है।

महोदया, जब यूपीए के कार्यकाल में मिली-जुली सरकार चल रही थी, उस समय उन गरीबों की चिंता किसी ने नहीं की। हमने अपनी नज़रों से देखा है। उसी महाराष्ट्र में मुम्बई के अंदर उत्तर प्रदेश से जो गरीब, मजदूर, किसानों के बेटे वहाँ जाकर रेहड़ी, पटरी, खोमचा, ठेला लगा करके अपना रोज़ी कमाने का काम कर रहे थे, उस समय वहीं की कुछ छोटी-मोटी पार्टियाँ लाठियाँ बरसाने का काम करती थीं। वहाँ जो राजनीतिक पार्टीज़ हैं मनसे, शिवसेना, वे उस समय कुछ नहीं बोल रही थीं और उन गरीबों के ऊपर, जो अपनी रोजी-रोजगार के लिए अपने प्रदेश को छोड़ करके वहाँ गए थे, वहाँ के लोग उनके ऊपर लाठियाँ बरसाने का काम, उनके साथ ज्यादती करने का काम कर रहे थे और उन गरीबों को अपना रोजगार नहीं करने दे रहे थे। वहाँ पर उनके रुपए-पैसे जबर्दस्ती छीने जा रहे थे। अगर ऐसे गरीब, रेहड़ी, पटरी, खोमचा, ठेला चलाने वालों पर अगर किसी ने ध्यान दिया, तो वह पहली ऐसी सरकार है, जो आज इस देश में आदरणीय नरेन्द्र मोदी जी की अगुवाई में चल रही है, जिसने उनके लिए कानून बनाने का काम किया।

महोदया, जब हमारे यहाँ पूर्वांचल में encephalitis से बड़ी संख्या में बच्चे मर रहे थे, तब उत्तर प्रदेश के आज के मुख्य मंत्री उस समय सांसद हुआ करते थे, उस समय उन्होंने इसी सदन में कितनी ही बार यूपीए सरकार से इसको लेकर गुहार लगाई थी, लेकिन उस समय की यूपीए की सरकार के कान पर जूँ तक नहीं रेंग रही थी। जैसे ही श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार आई, वैसे ही मेडिकल कॉलेज को सुदृढ़ करने का काम शुरू हो गया। जब उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनी तथा परमपूज्य योगी आदित्यनाथ महाराज उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री बने, तब वहाँ के मेडिकल कॉलेज को सुदृढ़ करने का काम शुरू हो गया। आज व्यवस्था वही है, सारे कर्मचारी, डॉक्टर्स वहीं हैं, लेकिन आज वह मृत्युदर जीरो हो गई है। यहाँ पर भारतीय जनता पार्टी और एनडीए सरकार की उपलब्धियों के बारे में तमाम टिप्पणियाँ हो रही थीं। अभी एक बहुत ही वरिष्ठ सदस्या बोल रही थीं, मैं उनका बहुत सम्मान करता हूँ, उन्होंने कहा कि एक कौम की बेटियाँ सुरक्षित नहीं हैं, महिलाएँ सुरक्षित नहीं हैं, लेकिन मैं यह कहना चाहता हूँ कि आज उत्तर प्रदेश में योगी जी की सरकार है और केन्द्र में मोदी जी की सरकार है, डबल इंजन की सरकार ने वहाँ पर जिस प्रकार की व्यवस्था कायम की है, उसमें ऐसी कोई बात नहीं है। जब वहाँ पर यूपीए की सरकार नहीं थी, तब वहाँ 'लव जिहाद' हुआ करता था और दूसरी कौम की बच्चियों को कोई मुन्ना बन करके, कोई और नाम से, नाम बदल करके उन बहनों, बेटियों को बहला-फुसला करके अपने जाल में फँसाने का काम करते थे। जब कुछ दिन बाद में उनसे पूछा जाता था, जब वे बहनें शिकार हो जाती थीं, तब पता चलता था कि यह तो कहीं और है, इसका नाम किस समाज से आता है। इन लोगों ने उस समय यह बातें नहीं लिखीं। अगर किसी ने इसे ठीक करने, ऐसे लोगों पर नकेल कसने का काम किया, तो योगी और मोदी की डबल इंजन की सरकार ने किया। ये समानता की बात करते हैं। आज समानता कहाँ है, उस समय समानता कहाँ थी? एक हमारे माननीय सदस्य, वे बहुत वरिष्ठ सदस्य हैं, अपनी बात कह रहे थे। मैं उनका सम्मान करता हूँ। वे कह रहे थे कि हमारे देश के पूर्व प्रधान मंत्री स्वर्गीय जवाहरलाल नेहरू जेल गए थे। वे तमाम

उपलब्धियाँ गिनवा रहे थे। इस देश के लिए जिन्होंने काम किया, इस देश के लिए जिन्होंने क़ुरबानी दी, जिन्होंने एक निशान, एक विधान, एक प्रधान की माँग की थी, वे बातें भूल गए, जो कश्मीर में जाकर कश्मीर के लोगों को आज़ादी दिलाना चाहते थे, लेकिन उस समय यूपीए की सरकार कहाँ थी? डा. श्यामाप्रसाद मुखर्जी ने वहाँ पर यह बात की थी। आज इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री और गृह मंत्री श्री अमित शाह जी की बदौलत वह कश्मीर आज़ाद हुआ है, यह बात भी ध्यान में रखनी चाहिए।

महोदया, 2014 से पहले यूपीए की सरकार चल रही थी और उसके सहयोगी दल उत्तर प्रदेश में राज कर रहे थे। वे अपने आपको बहुत बड़ा समाजवादी दिखाते हैं। आज एससी-एसटी और ओबीसी की बात करते हैं। मैं आपको बताना चाहता हूँ कि जो एससी-एसटी समाज के लोग पदों पर थे, जो उस समय एसडीएम थे, उनका डिमोशन करके तहसीलदार बना दिया गया। जो लोग कानूनगो थे, उन्हें लेखपाल बना दिया गया। इस प्रकार से ये लोग कभी एससी-एसटी के हितैषी नहीं रहे।

उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपसे 'आयुष्मान भारत योजना' के बारे में कहना चाहता हूँ। अगर किसी ने उन गरीबों की चिंता की है, तो इस देश के प्रधान मंत्री और उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री, दोनों ने मिलकर की है। उत्तर प्रदेश के तमाम गरीब और मजदूर, जो महामारी से जूझते थे, उनके पास पैसे नहीं होते थे, इन लोगों की सरकार में गुंडे-माफिया उनकी जमीनों पर निगाह रखते थे और जब गरीबों की बीमारी बढ़ जाती थी, तब उन्हें सूद पर पैसा देकर, सूद के ब्याज पर ब्याज जोड़कर पैसा वसूलने का काम करते थे, लेकिन जब एक गरीब का बेटा इस देश का प्रधान मंत्री बना, तब उन्हें ध्यान में आया, इससे पहले उन्हें किसी ने ध्यान में नहीं रखा था। अगर उन लोगों के लिए किसी ने आयुष्मान भारत कार्ड बनाकर पाँच लाख रुपए तक के मुफ्त इलाज की व्यवस्था करने का काम किया, तो इस देश के यशस्वी प्रधान मंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने किया।

आज हमारे बिहार के साथी बोल रहे थे कि कुछ गरीब समाज के लोग, वे गरीब नहीं, मछुवा समुदाय के लोग हैं, नदी-नालों के किनारे जो कटान होती है, वे वहाँ रहते हैं। पहले मछुवा समुदाय के लोगों को आवास के लिए लाले पड़े रहते थे। जो प्रदेश की सरकारें होती थीं, वे उनसे गुहार लगाते थे, लेकिन यूपीए की सरकार ने कभी उन मछुआरों के ऊपर निगाह नहीं डाली, उनके साथ कभी इंसाफ नहीं किया और उन्हें खुले आसमान में रहने के लिए बेबस किया। वे खुले आसमान में रहकर अपना जीवनयापन करते रहे, शिकार करते रहे और नदी-नालों में अपनी जीविका चलाते रहे। जब श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार आई, तब उन्होंने संकल्प लिया कि अब इस देश में कोई भी गरीब, चाहे वह किसी भी समाज का हो, उसके सिर पर छत होगी, उसे सारी सुविधाएं मिलेंगी।

2.00 P.M.

उसके पास गैस सिलेंडर होगा, उसके पास खाने के लिए अन्न होगा। इस तरह की व्यवस्था अगर किसी ने लाने का काम किया, तो वह डबल इंजन की सरकार ने किया है।

उपसभाध्यक्ष महोदया, मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि हमने अपनी नज़रों से यह देखा है। 2014 से पहले उत्तर प्रदेश में मिली-जुली सरकार चल रही थी। मैं उत्तर प्रदेश से आता हूँ और मैं उस समय के एक ज्वलंत मुद्दे के बारे में आपको बताना चाहता हूँ। उस समय वहाँ का जो एक ज्वलंत विषय था, वह मैं आपके सामने रखना चाहता हूँ। उस समय जब किसानों की फसल तैयार हो जाती थी, तब उस फसल की मड़ाई-कटाई के लिए उनको बिजली के लाले पड़े रहते थे। जब किसानों को अपनी फसल का दौरी कराना होता था, उस फसल का अन्न निकालकर अपने घर में ले जाना होता था, तो उसके लिए उन्हें पर्याप्त बिजली नहीं मिलती थी। उस समय वहाँ जब बिजली चली जाती थी और ट्रांसफॉर्मर्स फुंक जाते थे, तब उनको ठीक कराने के लिए वहाँ के गरीब, नौजवान, मजदूर, किसान विद्युत कार्यालय जाते थे, लेकिन फिर भी उनके ट्रांसफॉर्मर्स नहीं लगाए जाते थे। वे लोग विद्युत कार्यालय का तीन-तीन दिन, चार-चार दिन, हफ्तों-हफ्तों तक चक्कर काटते रहते थे, लेकिन उनकी बात नहीं सुनी जाती थी। बाद में, गाँव के गरीब समाज के लोग, किसान समाज के लोग, नौजवान और मजदूर डोर-टू-डोर चंदा करके पैसे इकट्ठे करते थे, तब जाकर उनको ट्रांसफॉर्मर मिलता था और उत्तर प्रदेश के उन गरीब किसानों की फसलों की मड़ाई-कटाई होती थी तथा बिजली उनके घरों में आती थी। यह चीज़ उन लोगों ने देखी है। आज श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार और उत्तर प्रदेश की सरकार मिलकर ऐसी व्यवस्था लाई है कि उस व्यवस्था के तहत आज उस ट्रांसफॉर्मर को बदलने की जरूरत नहीं पड़ती है, आज किसी को चंदा करने की जरूरत नहीं पड़ती है। आज किसान खुशहाल है, गरीब, नौजवान, मजदूर खुशहाल है, क्योंकि अब शहर को 24 घंटे, तहसील को 22 घंटे और गाँवों में 20 घंटे बिजली अपनी सरकार निरंतर दे रही है।

महोदया, मैं आपसे कहना चाहता हूँ कि आपने भी देखा कि जैसे ही एक गरीब का बेटा इस देश का प्रधान मंत्री बनता है, तो पूरा देश कहता है कि अब यह देश आगे बढ़ेगा, यह देश आगे जाएगा। इस प्रकार, गरीबों में खुशहाली आती है। यूपीए सरकार ने इस देश में 70 साल राज किया, लेकिन उसने कभी भी गरीबों के ऊपर निगाह उठाकर देखने का काम नहीं किया। अगर यह काम किसी ने किया, तो वह श्री नरेन्द्र मोदी जी की इस देश की सरकार ने किया।

महोदया, मैं आपको बताता हूँ कि मैंने यह अपनी नज़रों से देखा है। जब गैस नहीं होती थी, तब गाँवों में माताएँ और बहनें जंगलों से लकड़ियाँ और गन्ने की खोई को लाकर घर में खाना पकाने का काम करती थीं। उसके कारण वे तमाम तरह की बीमारियों से ग्रसित हो जाती थीं, लेकिन उनको कोई देखने वाला नहीं होता था। अगर किसी के पास पैसे भी हो गए और वे चाहते थे कि हम अपने गैस सिलेंडर ले लें, तो उनको नम्बर लगाने के बाद छः-छः महीने, एक-एक साल और दो-दो साल तक इंतजार करना पड़ता था। लेकिन जैसे ही इस देश में एक गरीब का बेटा प्रधान मंत्री बना, तो गरीबों को उन गैस एजेंसियों से गैस का सिलेंडर बँटना शुरू हुआ और उन गरीब माताओं और बहनों का सम्मान बढ़ना शुरू हो गया। अगर उनका सम्मान बढ़ाने का काम किसी ने किया, तो वह अपने देश के प्रधान मंत्री श्री मोदी जी ने किया।

महोदया, मैं आपको बताना चाहता हूँ कि जब प्रदेश में यह डबल इंजन की सरकार नहीं होती थी, तो उस समय वहाँ गुंडे-माफिया हावी थे। ये गुंडे-माफिया निश्चित तौर पर गरीब परिवारों के ऊपर अपनी निगाह लगाए रखते थे। जब उन पर कोई आफत या विपदा आती थी और वे उनसे किसी काम के लिए कहते थे कि हमें पैसे दे दो, तो ये माफिया पैसे देकर उनकी जमीनों पर निगाह लगाए रखते थे और उनकी जमीनें औने-पौने दामों पर लेने का काम करते थे। वे उनके ब्याज की रकम को जोड़कर उनकी जमीनें जबर्दस्ती कब्जा करके अपने हाथों में लेने का काम करते थे।

महोदया, डबल इंजन की सरकार ने इन माफियाओं के ऊपर नकेल कसने का काम किया, जिससे उत्तर प्रदेश की गरीब माताएं-बहनें, गरीब परिवार के लोग, नौजवान, मज़दूर और किसान, सभी खुशहाल हैं। आज यदि इनकी चिंता किसी ने की है, तो वह हमारे देश के यशस्वी प्रधान मंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी ने की है।

उपसभाध्यक्ष (श्रीमती वंदना चव्हाण) : निषाद जी, प्लीज़ conclude कीजिए। आपके पास एक मिनट का समय है।

श्री जयप्रकाश निषाद : महोदया, मैं दो-तीन मिनट में अपनी बात समाप्त करूंगा। मैं कहना चाहता हूं कि हम जिस समाज से आते हैं, उस समाज के लोग जब अपनी गुहार लेकर उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों के पास जाते थे, जो वर्ष 2014 से पहले सरकारें चल रही थीं, उन्होंने, और इस देश की यूपीए सरकार ने इस समाज को गुमराह करने का काम किया। उन लोगों ने कहा कि मुझे वोट दे दो, जब मेरी सरकार आएगी तो मैं आपको अनुसूचित जाति में शामिल करूंगा, उन्हें अनुसूचित जाति में शामिल करने की बात कहकर, वोट लेकर गुमराह किया, जबकि उनको मालूम था कि यह समाज एक ही समाज है, जो मझवार समाज है। उन्होंने इस मझवार समाज को 17 जातियों में बांटने का काम किया और बांट कर इनको पेंडुलम की तरह लटका दिया, न ही हम लोगों को पिछड़ों में रहने दिया, न ही अनुसूचित समाज में जाने दिया। जितनी भी नौकरियां आयीं, उन्होंने अपनी एक जाति विशेष को नौकरी देकर आगे बढ़ाने का काम किया और इन 17 जातियों के लोगों को उससे वंचित करने का काम किया। आज यह समाज, जिसकी माली हालत खराब है, जिसकी आर्थिक, राजनैतिक और शैक्षणिक, सभी तरह से हालत खराब है, श्री नरेन्द्र मोदी जी की सरकार ऐसी योजनाएं, 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना' आदि लाकर और तमाम ऐसी राजनैतिक भागीदारी देकर इस समाज को निरंतर आगे बढ़ाने का काम कर रही है। महोदया, मैं आपसे इतना ही कहना चाहता हूं। आज मैं अपने प्रधान मंत्री जी, अपने उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री जी और अपने देश के गृह मंत्री जी का बहुत-बहुत आभार व्यक्त करते हुए महामहिम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण का समर्थन करते हुए अपनी बात समाप्त करता हूं।

SHRI V. VIJAYASAI REDDY (Andhra Pradesh): Thank you, Madam. On behalf of the people of Andhra Pradesh and our beloved Chief Minister, Shri Y.S. Jagan Mohan Reddygaru, I thank the hon. President of India for addressing Parliament, listing out

various issues, achievements, initiatives and priorities of the Union Government. Madam, I may be allowed to speak on two issues. Mr. Chairman allowed me 15 minutes and I will conclude within that time.

Madam, there are only two issues which I am going to address. The first is the Special Category Status which was assured to the State of Andhra Pradesh. The second is the reduction of borrowing limits to the State of Andhra Pradesh, which is nothing but a step-motherly treatment. Opposition parties in Andhra Pradesh, particularly the Telugu Desam Party and my friend, Shri Ravindra Kumar, sitting next to me, as also the other Opposition parties are day in and day out criticizing our YSR Congress Party for not raising the issue, saying that we are not fighting for the Special Category Status which was assured to the State of Andhra Pradesh. In this regard, I would like to state that the hon. Chief Minister, Shri Y.S. Jagan Mohan Reddygaru, met the hon. Prime Minister more than seven times as also the hon. Home Minister, who is present in the House, more than twelve times and requested the Prime Minister as also the hon. Home Minister for the grant of the Special Category Status.

Madam, in the Zonal Council meeting which was held recently, where the hon. Home Minister was the Chairman and the AP Chief Minister was the Vice-Chairman, the issue of Special Category Status was raised. I am answering the questions of Telugu Desam Party. Special Category Status is the reason why all the Opposition are where they are in today and YSRCP is where it is now. In fact, we are making our best efforts and we have agitated on the floor of this House in the last Session and also stalled the House. In fact, you were about to take action on us, but fortunately you have not taken any action on the adjournment motion in Lok Sabha also. The Centre has given six reasons which are totally flawed and unreasonable, unjustified and untenable for not granting the Special Category status. Unfortunately, my friend is sitting on that side and now the fate is such that he is sitting on that side. He has loosely drafted the AP Reorganisation Act for which we are not responsible and because the Act was loosely drafted with so many lacunae and anomalies, the present Government is taking advantage of it and TDP is now criticising our Government. The BJP bifurcated the State. The BJP has bifurcated three States - Bihar, Uttar Pradesh and Madhya Pradesh. Did any of the residuary States, whether it is Bihar, MP or UP lose the capital city? Patna remains with Bihar. Lucknow is with UP. Bhopal is with Madhya Pradesh whereas the residuary State of Andhra Pradesh has lost Hyderabad. Were any of the States promised Special Category Status on the

floor of the Rajya Sabha by the then hon. Prime Minister of this country, Dr. Manmohan Singh, when our present hon. Chairman, Shri Venkaiah Naidu was present in the Opposition at that point of time and our friend, Shri Jairam Ramesh was also there in the ruling side. The second reason why the BJP is denying Special Category Status apart from what I have mentioned above is on economic grounds. I will have to give the background of the States such as Odisha and Bihar, and if Andhra Pradesh is given Special Category status, there are other States which are backward and Special Category Status has to be given to them also. We have no objection. We have absolutely no objection if the Central Government is willing to grant Special Category Status to Odisha and Bihar, but that can't be the reason for not granting Special Category Status to the State of Andhra Pradesh. Did the then hon. Prime Minister, Dr. Manmohan Singhji not know that Odisha and Bihar were backward? He knew that they were backward. Despite the fact that he knew that they were backward, still he had assured Special Category Status to Andhra Pradesh on the floor of this House, Rajya Sabha. Did he not know about the situation of Andhra Pradesh after bifurcation? Yes, he knew. The then Prime Minister knew it. The data that existed that day or the data that exists today remains the same. There is no difference. The State of Andhra Pradesh is an agrarian State and there is a revenue deficit, which has also been assured, but not given. I will come to that issue later. Also, have new States lost any metropolitan city? No, none of the States. Whereas Andhra Pradesh lost it.

The third reason that BJP giving for not granting Special Category Status is, 'It is not there in the Andhra Pradesh Reorganisation Act.' It is the mistake of my friend, Jairam Rameshji, for not including it in the Andhra Pradesh Reorganisation Act. Why are they blaming us? And, Madam, TDP cannot blame us for that.

SHRI ABDUL WAHAB (kerala): Why are you supporting then?

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Further, illogical and untenable bifurcation of Andhra Pradesh was made by my friend. I am comparing it with that of Uttar Pradesh. When Uttar Pradesh was reorganized and Uttarakhand was carved out, Special Category Status was not there in the Uttar Pradesh Reorganisation Act. But, BJP had given Special Category Status to Uttarakhand! But, in the case of Andhra Pradesh, BJP says that it is not there in the Andhra Pradesh Reorganisation Act! *...(Interruptions)...*In the case of the Uttar Pradesh, even though it was not there in

the Uttar Pradesh Reorganisation Act, still BJP granted Special Category Status to Uttarakhand. *...(Interruptions)...*

Madam, we cannot have two rules — one for the States that are being ruled by BJP and another for States governed by non-BJP!

Madam, I am coming to my next point. *...(Interruptions)...*

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI VANDANA CHAVAN): Kindly don't make any comments. Let the hon. Member speak.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: The next point is: BJP says that it is politically not possible. We are not concerned about politics. On 26th March, 2021 —recently — the hon. Finance Minister released the Manifesto of BJP before Puducherry elections wherein she declared that if BJP comes to power Special Category Status would be granted to the Union Territory! *...(Interruptions)...*Madam, Special Category Status may be a political or an electoral issue for BJP, but for the State of Andhra Pradesh it is a sentimental issue.

The next reason what BJP quotes is special package. Madam, special package, unfortunately, was accepted by the then Chief Minister of Andhra Pradesh, Shri Chandrababu Naidu Garu. It was totally unwarranted. But, you cannot equate special package with Special Category Status. How can you give a number to the huge investment or industrialization that could have happened had Special Category Status been granted to Andhra Pradesh? It was a blunder committed by the earlier State Government. The former Chief Minister of Andhra Pradesh, Shri Chandrababu Naidu Garu, committed a blunder by accepting package from BJP Government at the Centre and complicated the fight of Special Category Status for the present Government.

SHRI KANAKAMEDALA RAVINDRA KUMAR: You have been voted to power to pursue that. *...(Interruptions)...*

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: I will come to the next issue. Madam, BJP is giving another reason for not granting Special Category Status. It is the Fourteenth Finance Commission Report. Madam, the Central Government has said that the Fourteenth Finance Commission does not allow Andhra Pradesh to have Special Category Status

and referred to the Gadgil Committee Report. In this regard, I would like to mention Article 280(2) of the Constitution which says that it shall be the duty of the Finance Commission to make recommendation to the President. It is not binding on the Government. Further, I would like to quote some observations of the Finance Commission Report in verbatim. The Report says, 'Some States have requested for grant of Special Category Status. This does not constitute part of the mandate of the Finance Commission and remains entirely in the domain of the Union Government which can take appropriate decision after due consideration.' So, the reason given by the BJP Government for not granting Special Category Status, on this count, is untenable.

I come to the last reason given for denial. In fact, look at what the Standing Committee on Commerce — even though the BJP Government has consistently been denying the Special Category Status — said in its Report. The Standing Committee on Commerce, in its 164th Report, says...*(Interruptions)*... I may be the Chairman, but a Committee is a Committee. Decisions are taken by majority. This Report says, "The Committee, therefore, recommends Special Category Status shall be granted to the States of Andhra Pradesh, Chhattisgarh, and Jharkhand, for a period of not less than ten years. This would ensure holistic development and economic growth of the States, in terms of trade and infrastructure". ...*(Interruptions)*... Therefore, I request the...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI VANDANA CHAVAN): Please do not make comments from your side. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Therefore, Madam, I request the hon. Home Minister, who is present in this august House, to kindly grant Special Category Status to...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI VANDANA CHAVAN): Hon. Member, your time is ticking. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: I had just two points. One point has been made. And, the second point is this. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI VANDANA CHAVAN): You are left with only two more minutes. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Yes, Madam, I will conclude it in three minutes. The Telugu people are being punished for over-borrowing and mismanagement of finances by the previous Telugu Desam Government in Andhra Pradesh. ...*(Interruptions)*... Madam, if the Central Government wants to punish for the over-borrowing, why not reward us for under-borrowings, which had been made during YSR Government. During YSR Government, there were under-borrowings under the FRBM Act; whereas, during the Government of Chandrababu Naidu, there were over-borrowings. So, there were different Governments at different points of time. The BJP Government would like to punish us for the over-borrowings made by the Chandrababu Naidu Government; and would not give us due credit for the under-borrowings made by the YSR Government. Between the financial years 2005-06 and 2013-14, there were under-borrowings under the FRBM Act to the extent of Rs. 26,380 crores; whereas, during the Chandrababu Naidu's regime, between 2014 and 2019, there were over-borrowings to the tune of Rs. 17,923 crores. So, I request the hon. Home Minister to kindly consider giving due credit for the under-borrowings, made during...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI VANDANA CHAVAN): Hon. Member, kindly conclude. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: I am concluding it, Madam. Just give me one minute to make a comparison. I would like to bring it to the notice of the hon. Home Minister. In the financial year, 2019-20, the fiscal deficit of the Union Government was 4.6 per cent; whereas, the fiscal deficit of Andhra Pradesh during this period was only 4.1 per cent. In 2020-21, the fiscal deficit of the Union Government was 9.2 per cent; whereas, in the case of Andhra Pradesh, it was only 5.4 per cent. In 2021-22, the fiscal deficit of the Union Government was 6.9 per cent; whereas, in the case of Andhra Pradesh, it was only 3.5 per cent. So, in all respects, Andhra Pradesh has got discipline in terms of finances. But, only thing lacking is the lack of support from the Central Government. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI VANDANA CHAVAN): Now, I am calling the next speaker. ...*(Interruptions)*...

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: I am on my concluding paragraph, Madam. ...*(Interruptions)*...

THE VICE-CHAIRMAN (SHRIMATI VANDANA CHAVAN): Please conclude.

SHRI V. VIJAYASAI REDDY: Hon. President has mentioned that the Government is making special efforts for States that are neglected. The State of Andhra Pradesh is one State which is neglected, kindly do appropriate justice. *(Time bell rings)* While this may be true for some States, this definitely does not apply to Andhra Pradesh. My only request is, please do not show any step-motherly treatment to the State of Andhra Pradesh. Thank you very much.

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे (महाराष्ट्र): आदरणीय उपसभाध्यक्ष महोदया, सबसे पहले तो मैं आपको धन्यवाद देता हूं कि आपने मुझे राष्ट्रपति जी के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर बोलने का मौका दिया है।

(**उपसभापति महोदय** *पीठासीन हुए*)

महोदय, हम सब जानते हैं कि सदन की परंपरा के अनुसार हम राष्ट्रपति जी के अभिभाषण को बहुत गंभीरता से लेते हैं, उसके बारे में सोचते हैं और उस पर बहस भी करते हैं। मगर विगत कुछ दिनों से इस सदन में जो चर्चा चल रही है और विशेष रूप से हमारे विपक्ष के मित्र जिस पद्धति से इस विषय पर बात कर रहे थे, मुझे ऐसा लगा कि शायद यह मेरे लिए और मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता के लिए बेहतर होगा कि सबसे पहले तो मैं माननीय नेता प्रतिपक्ष जी का आभार मानूं क्योंकि उन्होंने अपने भाषण में एक सत्य उजागर किया। जब यह बात आती है कि 70 साल में क्या हुआ, तब उस पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए माननीय नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि आप 70 साल की बात करते हो, आपको यह पता होना चाहिए कि हम हैं, इसलिए आप जिंदा हैं। मैं तो आत्म परीक्षण करने लगा और मुझे ध्यान में आया कि वाकई में बिल्कुल सही बात है कि आप हैं, इसलिए तो हम जिंदा हैं। आपने हमें जिंदा रखा, इसके लिए हम आपके आभारी हैं।

माननीय उपसभापति महोदय, मैं महाराष्ट्र से आता हूं और महाराष्ट्र में 1948 में बापू जी की नृशंस और निंदनीय हत्या के बाद बहुत सारे दंगे-फसाद हुए, कई लोगों के घर उजड़े, कई लोगों की हत्याएं भी हुईं। मेरे दादा, मेरे पिता बच गए, इसके लिए हम आपके आभारी हैं, क्योंकि आप ही के कारण हम जिंदा हैं। 1977 में देश में आपातकाल लगा, हमारी विचारधारा के कई लोग सत्याग्रह करते हुए जेल में गए। मैं भी एक कार्यकर्ता के नाते जेल में गया, जेल में कई लोगों को प्रताड़ित किया गया, कुछ लोगों की हत्याएं भी हुईं। हम बचकर निकले, हम आपके आभारी हैं कि आपने हमें जिंदा रखा। फिर 1984 आया, उस समय हम विद्यार्थी परिषद् के कार्यकर्ता थे, हमारा दिल्ली आना-जाना हुआ करता था, उस समय हम भी दिल्ली में थे। यह बोला गया था कि एक बरगद का पेड़ गिरता है, तो क्या-क्या होता है और बहुत सारी हत्याएं इस दिल्ली महानगर ने भी देखीं। हम बचकर निकले, हम आपके आभारी हैं। आप ही हैं, इसलिए हम जिंदा हैं। ...(**व्यवधान**)... उसके बाद 2010 आया, उस समय हमारी दिल्ली ने, देश की गौरवशाली राजधानी

दिल्ली ने Commonwealth Games को host किया। हम भी उस समय दिल्ली में आया करते थे। जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम के पास जो foot over bridge बनाया था, वह करप्शन के कारण गिर गया। हम उसके नीचे से निकल रहे थे, हमारे ऊपर गिरा नहीं, इसके लिए हम आपके आभारी हैं। आप ही के कारण हम जिंदा हैं। इसके अलावा बहुत सारी बातें कही जा सकती हैं, कई लोग उसमें घायल भी हुए, यह बात हम सब जानते भी हैं। इस तरह का एक जीवनदायिनी प्रतिपक्ष इस देश को मिला है, स्वाभाविक रूप में इस देश की जनता को, विशेष रूप से हमारे जैसे कार्यकर्ताओं को प्रतिपक्ष के प्रति आभार व्यक्त करना चाहिए कि आप ही के कारण हम जिंदा हैं। माननीय नेता प्रतिपक्ष, मुझे यह पूरा मंजूर है।

माननीय नेता प्रतिपक्ष ने एक और टिप्पणी करते हुए यह कहा कि देखिए, यह सब आपका ही तो चल रहा है। उन्होंने कहा कि सरदार आपका, दरबार आपका और बोलते-बोलते कहा कि अखबार भी आपका है। मान्यवर, नेता प्रतिपक्ष कम से कम प्रेस का, जो हमारे जनतंत्र का चौथा स्तम्भ है, उसका अपमान तो न करते, यह मैं आपसे करबद्ध निवेदन करता हूं। बीच-बीच में Editors Guild के पत्रक निकलते हैं, आप उनको पढ़िए। एक भी पत्रक सरकार की आलोचना के बगैर निकलता नहीं है। इसमें हमें कोई आपत्ति नहीं है। हमें पत्रकारिता की स्वतंत्रता पर पूरा अभिमान है और हम पत्रकारिता को स्वतंत्र रखना भी चाहते हैं। हमारे यहां पर एक Media Research Bureau है, उसने एक अध्ययन किया कि विगत तीन महीनों में, मतलब नवम्बर, दिसम्बर और जनवरी में टाइम्स ऑफ इंडिया, इंडियन एक्सप्रेस और द हिन्दू में ...(**व्यवधान**)...

SHRI BINOY VISWAM: Vinay*ji*,...*(Interruptions)*..

DR. VINAY P. SAHASRABUDDHE: No, no; I am not yielding. टाइम्स ऑफ इंडिया, इंडियन एक्सप्रेस और द हिन्दू जैसे समाचार पत्र हैं, न्यूज पेपर्स हैं - टेलीग्राफ का हम समाचार पत्र में उल्लेख नहीं करते, क्योंकि वह तो एक views paper है। मगर जो news papers हैं, हम इनके editorials को देखते हैं, तो उपसभापति महोदय, 30 editorials में से 25 सरकार की आलोचना करते रहे और आप कह रहे हैं कि अखबार आपके हैं। कृपया इस तरह की बात न करें, आप सत्य से परे जाकर बात न करें, यही मेरी आपसे करबद्ध प्रार्थना है।

उपसभापति महोदय, इस पूरे भाषण के संदर्भ में जब मैं देखता हूं कि विगत कुछ सालों में क्या हुआ, सात सालों में क्या हुआ, तो सबसे महत्वपूर्ण बात ध्यान में आती है - यहां पर एक विषय PM CARES Fund के बारे में उठाया गया कि PM CARES Fund का क्या हुआ। मैं मानता हूं कि सदन का हर सदस्य जानता है कि PM CARES Fund एक बहुत ही साफ-सुथरे तरीके से transparently चलाया गया फंड है। ऐसा नहीं है कि यह बीजेपी के अध्यक्ष के संचालन में काम करे, जैसे कि Disaster Relief Fund के बारे में होता रहा है। उसको एक दलगत राजनीति से जोड़ा गया। हमारे विपक्ष के कई नेता जानते भी नहीं होंगे कि इस फंड के संचालन में कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष का नाम है और उसको वे कहते हैं कि यह सरकारी फंड है। मेरी समझ में नहीं आता है कि एक दल का अध्यक्ष किसी एक सरकारी फंड को कैसे संचालित कर सकता है - चाहे वह कोई

भी अध्यक्ष हो! यह बात अलग है कि उनके यहां एक ही घराने का अध्यक्ष होता है। मगर कांग्रेस का कोई भी अध्यक्ष हो, वह इस फंड के संचालन में आएगा। लेकिन आप फिर भी हमें लोकतंत्र के बारे में पाठ पढ़ाते हैं।..(**व्यवधान**)..

श्री उपसभापति : डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे जी, आप जरा सुनिए।

डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे : मान्यवर, मैं बहुत संक्षेप में कह रहा हूं।

श्री उपसभापति : माननीय डा. विनय पी. सहस्त्रबुद्धे जी, आप अभी रुक जाएं, बाद में फिर से अपनी बात कहिएगा। माननीय गृह मंत्री जी का सदन में बयान होना है। वह बयान हो जाने दीजिए, उसके बाद चर्चा फिर से कंटीन्यू करेंगे। मैं आपको फिर से मौका दूंगा।

STATEMENT BY MINISTER

Attack on the convoy of Shri Asaduddin Owaisi, Hon'ble President of AIMIM, at Thana Pilkhuwa, District Hapur, Uttar Pradesh on 03.02.2022

गृह मंत्री; तथा सहकारिता मंत्री (श्री अमित शाह) : उपसभापति महोदय, दिनांक 3 फरवरी, 2022 को सायं काल लगभग 17:20 बजे, श्री असादुद्दीन ओवैसी, सांसद (लोक सभा), किठौर, मेरठ, उत्तर प्रदेश से एक जन संपर्क कार्यक्रम करने के बाद दिल्ली लौट रहे थे। जब उनका काफिला छिजारसी टोल (प्लाजा), एनएच - 9, थाना पिलखुवा, जनपद हापुड़, उत्तर प्रदेश से गुजर रहा था, तो दो अज्ञात व्यक्तियों द्वारा उनके काफिले पर गोलियाँ चलाई गईं। इस घटना में श्री ओवैसी सुरक्षित बच गए, लेकिन उनके वाहन के निचले भाग में तीन गोलियों के निशान दिखाई दिए। उक्त घटना को तीन गवाहों द्वारा देखा गया।

इस संदर्भ में एक प्रथम सूचना रिपोर्ट को अपराध संख्या 45/22 अंतर्गत धारा 307 भा.द.सं. और धारा 7 आपराधिक कानून (संशोधन) अधिनियम, 1932, थाना पिलखुवा, जनपद हापुड़ में पंजीकृत किया गया और इसकी विवेचना की जा रही है। श्री ओवैसी का जनपद हापुड़ में पूर्व से कोई कार्यक्रम नियत नहीं था और न ही उनके आवागमन के बारे में कोई पूर्व सूचना जिला नियंत्रण कक्ष को प्राप्त हुई थी। श्री ओवैसी घटना के पश्चात् सुरक्षित दिल्ली वापस पहुंच गए। जनपद के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा घटना स्थल का निरीक्षण किया गया। विवेचना के क्रम में, स्थानीय पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और उनसे दो अनधिकृत पिस्टल (प्रत्येक से एक-एक) और एक ऑल्टो कार बरामद की गई। घटना स्थल और वाहन की फोरेन्सिक टीम द्वारा सूक्ष्मता से जांच की जा रही है और साक्ष्य एकत्रित किए जा रहे हैं। दोनों अभियुक्तों से उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा पूछताछ की जा रही है। जनपद में कानून और व्यवस्था की स्थिति नियंत्रण में और सामान्य है। वहाँ कड़ी सतर्कता बरती जा रही है। केंद्रीय गृह मंत्रालय